26 मई, 2025
ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
सोमवार, वर्ष 10, अंक 215

अब गांवों पर फोकस करेगी झारखंड भाजपा



FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

# हम अब दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था : भारत ने जापान को पछाड़ा, नये टारगेट भी तय

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** भारत ने वैश्विक आर्थिक मंच पर एक और बड़ी छलांग लगायी है। नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीइओ) बीवीआर सुब्रह्मण्यम ने इसकी घोषणा की। उन्होंने कहा है कि भारत ने जापान को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का दर्जा हासिल कर लिया है। यह आंकड़ा अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आइएमएफ) के नवीनतम आंकड़ों पर आधारित है।



सुब्रह्मण्यम ने नीति आयोग गवर्निंग काउंसिल की 10वीं बैठक के बाद मीडिया को दी। उन्होंने कहा, जैसा कि मैं बोल रहा हूं, भारत अब दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। हमारी अर्थव्यवस्था चार ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर को पार कर गयी है। यह मेरा नहीं, बल्कि आइएमएफ का आंकड़ा है। भारत अब जापान से आगे निकल गया है। उन्होंने आगे कहा कि अब केवल अमेरिका, चीन और जर्मनी ही भारत से आगे हैं। यदि भारत की आर्थिक प्रगति इसी रफ्तार से चलती रही, तो आने वाले दो से तीन वर्षों में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है।

### ये आंकड़े मजबूत भारत की तस्वीर बयां कर रहे

आइएमएफ की वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक (अप्रैल 2025) रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2026 में भारत का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) करीब 4,187 अरब डॉलर होगा। वहीं जापान की जीडीपी अनुमानित रूप से 4,186 अरब डॉलर रहने की संभावना है। भारत 2024 तक दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था था। आइएमएफ का कहना है कि भारत 2025 और 2026 में क्रमशः 6.2% और 6.3% की दर से विकास करेगा। इसके विपरीत वैश्विक अर्थव्यवस्था की विकास दर 2025 में 2.8% और 2026 में 3% रहने की संभावना है। ये आंकड़े भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था को रेखांकित करते हैं।

### 'विकसित भारत 2047' की दिशा में मजबूत कदम

बैठक के दौरान 'विकसित राज्य से विकसित भारत 2047' विषय पर केंद्र और राज्यों के बीच गहन विचार-विमर्श हुआ। नीति आयोग के सीइओ ने बताया कि इस बैठक में मैन्युफैक्चरिंग, सेवाएं, ग्रामीण और शहरी गैर-कृषि क्षेत्र, अनौपचारिक क्षेत्र, ग्रीन और सर्कुलर इकोनॉमी जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई। सुब्रह्मण्यम ने कहा, भारत अब एक ऐसे मोड़ पर खड़ा है, जहां से उसकी अर्थव्यवस्था बहुत तेज गति से आगे बढ़ सकती है। हम टेक-ऑफ स्टेज पर हैं।

## झारखंड पहुंचे लोकसभा स्पीकर, रांची में भव्य स्वागत

# विकसित भारत के लिए देशवासियों की एकजुटता जरूरी : ओम बिरला


- जमशेदपुर में सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्लेटिनम जुबली समारोह में हुए शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** लोकसभा स्पीकर ओम बिरला रविवार को झारखंड में थे। रांची के बिरसा मुंडा हवाई अड्डे पर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। राजभवन में राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव डॉ नितिन कुलकर्णी ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ भी मौजूद थे। अपने व्यस्त कार्यक्रम से पहले बिरला और संजय सेठ ने रांची के हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में खाटू वाले बाबा श्याम के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

इसके बाद स्पीकर जमशेदपुर चले गये। वहां उन्होंने लोयोला स्कूल के फैजी ऑडिटोरियम में आयोजित सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के प्लेटिनम जुबली समारोह में शिरकत की। समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में ओम बिरला ने देश के विकास और सुरक्षा पर बल देते हुए कहा यदि हमें भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है, तो इसके लिए पूरे देशवासियों को एकजुट होकर कार्य करना होगा। उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ भारत की सशक्त नीति की सराहना करते हुए कहा कि जो देश आतंकवाद को बढ़ावा देगा या उसका समर्थन करेगा, भारत उसे मुंहतोड़ जवाब देगा। यह नया भारत है, जो न केवल आत्मनिर्भर बन रहा है, बल्कि वैश्विक मंच पर अपनी ताकत भी साबित कर रहा है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि भारत अब हथियार आयात करने वाला देश नहीं, बल्कि स्वदेशी तकनीक और स्टार्टअप के माध्यम से हथियार निर्माण में आत्मनिर्भर हो रहा है। उन्होंने देश की सेनाओं के अदम्य शौर्य की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि देश की 140 करोड़ जनता को अपनी सेनाओं पर गर्व है। 'ऑपरेशन सिंदूर' ने यह साबित कर दिया है कि हम न केवल अपनी रक्षा करने में सक्षम हैं, बल्कि आतंकवाद को जड़ से खत्म करने के लिए एक नयी नीति और कार्य योजना के साथ काम करेंगे। समारोह में बिरला का जनजातीय संस्कृति के अनुरूप पारंपरिक रीति-रिवाज से भव्य स्वागत किया गया।

(देखें पेज 03 भी)



### मोदी ने दुनिया को बतायी सिंदूर की कीमत: संजय सेठ

इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने कहा कि प्रधानमंत्री ने दुनिया को यह दिखा दिया है एक सिंदूर की क्या कीमत होती है। भारत ने आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ी है और पाकिस्तान को ऐसा सबक सिखाया है, जो हमारे सैनिकों की वीरता को दर्शाता है। कार्यक्रम में जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो और पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने भी अपने विचार रखे। उन्होंने व्यापारिक जगत को राष्ट्र निर्माण में भागीदारी के लिए प्रेरित किया।

### धरती आबा को किया नमन

लोकसभा अध्यक्ष के तौर पर झारखंड की अपनी पहली यात्रा पर आये बिरला ने रांची के बिरसा चौक पर भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धासुमन अर्पित किये और बिरसा मुंडा संग्रहालय भी गये। उन्होंने झारखंड की धरती को नमन करते हुए कहा कि यह एक ऐसा क्षेत्र है, जहां से देश को भगवान बिरसा मुंडा और जमशेदजी टाटा जैसे महानुभाव मिले। उन्होंने यह भी कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने आदिवासी सम्मान और स्वाभिमान के लिए बहादुरी से लड़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि जमशेदजी टाटा ने अपने विजन से स्वतंत्रता से बहुत पहले भारत के औद्योगिक विकास की नींव रखी।

# एनडीए की बैठक में सशस्त्र बलों की वीरता और पीएम मोदी के साहसी नेतृत्व की तारीफ

- जाति गणना कराने के केंद्र सरकार के फैसले की सराहना
- पीएम की नसीहत: बेवजह की बयानबाजी से बाज आयें
- बिहार चुनाव और सुशासन के मसले पर भी हुआ मंथन

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में रविवार को हुई बैठक में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ने एकजुटता का प्रदर्शन किया। राजग के मुख्यमंत्रियों और उप मुख्यमंत्रियों ने ऑपरेशन सिंदूर में सशस्त्र बलों के पराक्रम और पीएम मोदी के साहसी नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए प्रस्ताव पारित किया। केंद्रीय मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बैठक के बाद मीडिया को बैठक की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बैठक में दो प्रस्ताव पारित किये गये। बैठक में 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान भारतीय सशस्त्र बलों की वीरता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साहसी नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया गया। वहीं, बैठक में जातिगत जनगणना पर चर्चा हुई। इस दौरान अगली जनगणना में जाति गणना कराने के केंद्र सरकार के फैसले की सराहना की गयी। वहीं, बैठक के दौरान पीएम मोदी ने पार्टी के नेताओं के लिए कुछ जरूरी निर्देश भी दिये।

बैठक के दौरान पीएम मोदी ने संघर्ष विराम को लेकर भी टिप्पणी की। साथ ही प्रधानमंत्री मोदी ने बैठक के दौरान भाजपा नेताओं को कई निर्देश भी दिये। उन्होंने पार्टी के नेताओं को नसीहत देते हुए बेवजह की बयानबाजी से बचने को कहा। प्रधानमंत्री ने जाति गणना पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि यह उनकी सरकार के उस मॉडल की दिशा में एक कदम है, जिसके तहत वे हाशिये पर पड़े लोगों और हर क्षेत्र में पिछड़े लोगों को विकास की मुख्यधारा में लायेंगे। उन्होंने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता देश की आत्मनिर्भरता की दिशा में हासिल की गयी उपलब्धियों की पुष्टि भी है, जिसमें स्वदेशी रक्षा प्रौद्योगिकी की सटीकता भी दुनिया ने देखी है।

**जातिगत जनगणना पर बोले नड्डा :** जातिगत जनगणना पर चर्चा करते हुए केंद्रीय मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि हम जातिगत राजनीति नहीं करते, लेकिन वंचित, पीड़ित, शोषित और दलित जो लोग छूट गये हैं, उन्हें मुख्य धारा से जोड़ने का काम करते हैं। यह समाज की आवश्यकता है। जातिगत जनगणना के माध्यम से हम इसे देखते हैं और आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह समाज की आवश्यकता है। जाति जनगणना के माध्यम से हम इसे देखते हैं और आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं। बैठक में 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में मारे गये लोगों को श्रद्धांजलि भी दी गयी। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 'ऑपरेशन सिंदूर' पर कहा था कि यह सेना का शौर्य है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया है कि हमें आत्मनिर्भर भारत बनाना है। नड्डा ने बताया कि बैठक में नक्सलियों के खिलाफ चल रहे अभियान पर भी चर्चा हुई। नक्सलवाद को लेकर जो योजनाएं चल रही हैं, उन पर चर्चा हुई। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी रणनीति पर चर्चा की और उन्होंने हमारा मार्गदर्शन किया और बताया कि हमने इसे हराने के लिए अपनी ताकत का इस्तेमाल कैसे किया है। उस चर्चा में छत्तीसगढ़ के सीएम ने बताया कि हमने नक्सलवाद के खिलाफ कैसे लड़ाई लड़ी है और हमें कैसे सफलता मिल रही है।

बैठक में 20 राज्यों के मुख्यमंत्री और 18 उप मुख्यमंत्री शामिल हुए। बैठक में 'ऑपरेशन सिंदूर', जाति गणना और सुशासन के अलावा मोदी सरकार के तीसरे टर्म का एक साल पूरा होने पर चर्चा हुई। इसके अलावा मोदी 3.0 के एक साल पूरे होने, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के 10 साल पूरे होने और देश में लगी इमरजेंसी के 50 साल पूरे होने जैसे कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विचार किया गया।



### मन की बात: सेना ने सिर गर्व से ऊंचा कर दिया: मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 122वें एपिसोड के माध्यम से देशवासियों से संवाद किया। अपने संबोधन की शुरुआत में उन्होंने कहा, आज पूरा देश आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है, आक्रोश से भरा हुआ है, संकल्पबद्ध है। आज हर भारतीय का यही संकल्प है कि हमें आतंकवाद को खत्म करना है। 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान हमारी सेना ने जो पराक्रम दिखाया, उसने हर हिंदुस्तान का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया। पीएम मोदी ने आगे कहा, 'ऑपरेशन सिंदूर' ने दुनिया भर में आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई को नया विश्वास और उत्साह दिया है। 'ऑपरेशन सिंदूर' सिर्फ एक सैन्य मिशन नहीं है, यह हमारे संकल्प, साहस और बदलते भारत की तस्वीर है। इस तस्वीर ने पूरे देश को देश-भक्ति के भावों से भर दिया है, तिरंगे में रंग दिया है। पीएम मोदी ने नक्सलवाद के खिलाफ कार्रवाई का भी जिक्र किया और महाराष्ट्र के गढ़चिरौली के काटेझरी गांव में पहली बार बस पहुंचने की कहानी बतायी। काटेझरी में आये इस परिवर्तन को आसपास के पूरे क्षेत्र में महसूस किया जा रहा है। अब यहां हालात तेजी से सामान्य हो रहे हैं। माओवाद के खिलाफ सामूहिक लड़ाई से अब ऐसे क्षेत्रों तक भी बुनियादी सुविधाएं पहुंचने लगी है।

SMD TRADERS
कटहल मोड़ चौक
पटाखा गली, श्रीराम नगर
गुटवा, थाना - नगरी, रांची
हम मुर्गा छाप एवं अन्य ब्राण्डेड कंपनियों के पटाखें अन्यों से 10% कम भाव में थोक एवं खुदरा विक्रेता
जाओ मम्मी - पापा जाओ
एसएमडी के पटाखे लाओ
क्यों ?.................इसलिए !
मम्मी पापा से कहते है बच्चे
एसएमडी के पटाखे अच्छे
संपर्क करें :
6201474385
7488680098
9717720847

## न्यूज रील्स

### चार राज्यों की पांच विधानसभा सीटों के लिए उपचुनाव 19 जून को

नयी दिल्ली। चुनाव आयोग ने चार राज्यों, गुजरात, केरल, पंजाब और पश्चिम बंगाल के पांच विधानसभा क्षेत्रों के लिए उपचुनाव का एलान रविवार को कर दिया। मतदान की तारीख 19 जून तय की गयी है। नतीजे 23 जून को आयेंगे। ये सभी पांच सीटें इस्तीफे या निधन की वजह से खाली हो गयी हैं। जिन सीटों पर चुनाव होने हैं, उनमें गुजरात की कादी और विसावदर विधानसभा सीट शामिल हैं। ऐसे ही केरल की नीलांबुर, पंजाब की लुधियाना और पश्चिम बंगाल की कालीगंज विधानसभा सीट पर उपचुनाव होने हैं। चुनाव आयोग के मुताबिक, जिन पांच सीटों पर उपचुनाव होने हैं, उनके लिए अधिसूचना कल यानी 26 मई को जारी की जायेगी। नामांकन की आखिरी तारीख दो जून है। नामांकन की जांच तीन जून को की जायेगी। उम्मीदवारों के पास अपने नाम वापस लेने मौका पांच जून तक मिलेगा। इन सीटों पर सभी चुनावी प्रक्रिया 25 जून से पहले पूरी की जानी है।

# समय से 12 दिन पहले महाराष्ट्र पहुंचा मानसून

आजाद सिपाही संवाददाता

**मुंबई।** केरल के बाद दक्षिण-पश्चिम मानसून महाराष्ट्र पहुंच गया है। इसके अगले तीन दिनों में मुंबई और कुछ अन्य हिस्सों में पहुंचने की उम्मीद है। यह आमतौर पर सात जून के आसपास महाराष्ट्र और 11 जून को मुंबई पहुंचता है। भारतीय मौसम विभाग ने रविवार को बताया कि मानसून रविवार को अरब सागर, कर्नाटक, पूरे गोवा, महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों, उत्तरी बंगाल की खाड़ी और मिजोरम के कुछ हिस्सों, मणिपुर और नागालैंड के कुछ हिस्सों में पहुंच गया। मानसून की उत्तरी सीमा देवगढ़, बेलगावी, हावेरी, मांड्या, धर्मपुरी, चेन्नई, आइजोल, कोहिमा से होकर गुजरती है। आइएमडी ने कहा, मध्य अरब सागर के कुछ और हिस्सों, मुंबई सहित महाराष्ट्र के कुछ और हिस्सों में मानसून के आगे बढ़ने के लिए हालात अनुकूल हैं। ऐसे ही कर्नाटक, आंध्र प्रदेश के कुछ हिस्सों, तमिलनाडु के शेष इलाकों, पश्चिम-मध्य व उत्तरी बंगाल की खाड़ी के कुछ और हिस्सों में भी हालात मानसून के हिसाब से ही है। अगले तीन दिनों के दौरान पूर्वोत्तर राज्यों के कुछ और हिस्सों में भी मानसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल हैं।

# लालू यादव ने बेटे तेज प्रताप को पार्टी और परिवार से निकाला

- महिला के साथ संबंधों का सार्वजनिक खुलासा करने के बाद विवादों में आये थे

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** राजद सुप्रीमो लालू यादव और बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के बड़े पुत्र तेज प्रताप यादव का एक पोस्ट उन पर ही नहीं, बिहार की राजनीति पर भी भारी पड़ा है। लालू यादव ने रविवार को अपने बेटे को परिवार और पार्टी से निकाल दिया है। राजद अध्यक्ष के इस फैसले से बिहार की राजनीति में हलचल मच गयी है, खासकर तब, जब राज्य में विधानसभा चुनाव कुछ ही महीने दूर हैं और लालू के छोटे बेटे तेजस्वी यादव पार्टी का चेहरा बने हुए हैं।

लालू यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में तेज प्रताप के सार्वजनिक आचरण और गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार को पार्टी की विचारधारा और पारिवारिक मूल्यों के खिलाफ बताया। उन्होंने लिखा, निजी जीवन में नैतिक मूल्यों की अवहेलना करना हमारे सामाजिक न्याय के लिए सामूहिक संघर्ष को कमजोर करता है। ज्येष्ठ पुत्र की गतिविधि, लोक आचरण तथा गैर जिम्मेदाराना व्यवहार हमारे पारिवारिक मूल्यों और संस्कारों के अनुरूप नहीं है। अतएव उपरोक्त परिस्थितियों के चलते उसे पार्टी और परिवार से दूर करता हूं। अब से पार्टी और परिवार में उसकी किसी भी प्रकार की कोई भूमिका नहीं रहेगी। उसे पार्टी से छह साल के लिए निष्कासित किया जाता है।

तेज प्रताप की सार्वजनिक विवादों में लगातार उपस्थिति पार्टी के लिए असहज स्थिति पैदा करती रही है। लालू यादव के इस सख्त कदम को राजद में अनुशासन स्थापित करने और तेजस्वी के नेतृत्व को मजबूती देने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है। लालू ने अपने पोस्ट में यह भी जोड़ा, अपने निजी जीवन का भला-बुरा और गुण-दोष देखने में वह स्वयं सक्षम है। उससे जो भी लोग संबंध रखेंगे, वो स्वविवेक से निर्णय लें। लोक जीवन में लोक-लाज का सदैव हिमायती रहा हूं। परिवार के आज्ञाकारी सदस्यों ने सार्वजनिक जीवन में इसी विचार को अंगीकार कर अनुसरण किया है।



### क्या है पूरा मामला

बता दें कि शनिवार को तेज प्रताप यादव के फेसबुक अकाउंट से एक पोस्ट सामने आया, जिसमें वह एक महिला के साथ नजर आ रहे थे। कैप्शन में लिखा गया था कि वह पिछले 12 वर्षों से उनके साथ रिश्ते में हैं। हालांकि इस पोस्ट को कुछ समय बाद डिलीट कर दिया गया। इसके बाद तेज प्रताप ने एक्स पर सफाई देते हुए कहा, मेरे सोशल मीडिया अकाउंट हैक कर लिये गये हैं और मेरी तस्वीरों के साथ छेड़छाड़ कर मुझे और मेरे परिवार को बदनाम किया जा रहा है। मैं अपने शुभचिंतकों और समर्थकों से अपील करता हूं कि अफवाहों पर ध्यान न दें।

### वह बड़े हैं, लेकिन ऐसी चीजें बर्दाश्त नहीं: तेजस्वी

राजद से तेज प्रताप यादव के छह साल के लिए निष्कासन पर उनके छोटे भाई और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि वह बड़े भाई हैं, फैसले लेने के लिए स्वतंत्र हैं। लेकिन हम ऐसी चीजों को बर्दाश्त नहीं कर सकते। हम काम कर रहे हैं और बिहार के लोगों के लिए समर्पित हैं। जहां तक मेरी बात है, यह न तो अच्छा लगता है और न ही इसे हम बर्दाश्त कर सकते हैं। हम जनता के दुख-सुख में शामिल हो रहे हैं। जनता के मुद्दे को उठा रहे हैं। जहां तक मेरे बड़े भाई (तेज प्रताप यादव) का सवाल है, राजनीतिक और निजी जीवन अलग होता है। निजी जीवन के फैसले लेने का अधिकार किसी को भी है। नुकसान होगा या लाभ होगा, वो जानें। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद ने अपनी बात कही दी है। हमें भी मीडिया के माध्यम से ही पूरी जानकारी मिली।

BABU DINESH SINGH UNIVERSITY
(Established Under Government of Jharkhand Act-06, 2023 & Section 2(f) of the UGC Act, 1956, Member of AIU, Delhi)
Admission Open 2025-26
Approved by BCI
LL.B. (3 Years) | B.A. LL.B. (Honours) (5 Years) | B.B.A. LL.B. (Honours) (5 Years)
Special Fetures -
Traditional and e-Library | Highly Qualified Faculty | Legal Research Cell | Separate Hostels for Boys & Girls | 23-Year of Academic Excellence | Practical court craft & moot court | 100 + Acre Green Campus
Programs Approved by AICTE & Apex Bodies
BCA | MCA | BBA | MBA
B.TECH CSE | CSE (AI) | CE | EEE CSE (CYBER SECURITY) Regular & Lateral
DIPLOMA CSE | EEE | CE ME | EE Regular & Lateral
Others Job Oriented Courses
MERIT BASED SCHOLARSHIP UP TO 30% ON TUITION FEE
B.D.S | B.H.M.S | B.Sc. Nursing | GNM | ANM
B.Sc. (Medical) | B.Sc. (MLT) | M.Sc. (MLT)
B.Ed. | D.El.Ed | M.D. | M.D.S. | M.Sc. (Medical)
PARAMEDICAL | B.A. | B.Sc. | B.Com. | M.A.
M.Sc. | M.Com. | B.Sc. (Agriculture) | B.Pharm
D.Pharm | B.Lib.I.Sc. | M.Lib.I.Sc. | ITI
BDSU : FARATHIYA, GARHWA-822114, JHARKHAND
9661462506, 6206297213, 9934688493
For More Details Visit : bdsu.ac.in email : bdsugarhwa@gmail.com

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
200000 Subscribers
YouTube Channel
Subscribe NOW

# अब गांवों पर फोकस करेगी झारखंड भाजपा

## ■ पार्टी ने लगातार दूसरी चुनावी हार के बाद बदली रणनीति
## ■ बड़े नेताओं को ग्रामीण इलाकों का दौरा करने का निर्देश
## ■ संगठन को गांव की राजनीति में सक्रिय बनाने की रणनीति

**आजाद सिपाही विशेष**

**झारखंड में लगातार दूसरी चुनावी पराजय के बाद भाजपा अब एक बार फिर सक्रिय हो रही है। नवंबर, 2024 में हुए विधानसभा चुनाव के करीब छह महीने बाद अब भाजपा ने झारखंड के लिए अपनी रणनीति में बड़े बदलाव के संकेत दिये हैं। इसके तहत पार्टी अब गांवों पर विशेष ध्यान देगी। गांवों के साथ उन विधानसभा सीटों पर भी फोकस किया जायेगा, जो ग्रामीण इलाकों में हैं। इसके लिए पार्टी ने प्रदेश स्तरीय नेताओं को आवश्यक निर्देश भेजा है। पार्टी के तमाम बड़े नेता, चाहे बाबूलाल मरांडी हों या चंपाई सोरेन या फिर अर्जुन मुंडा और रघुवर दास, सभी को गांवों का नियमित दौरा करने को कहा गया है। जून के पहले सप्ताह से झारखंड भाजपा के नेताओं का 'मिशन गांव' शुरू हो जायेगा। इस मिशन के तहत गांवों की राजनीति में सक्रिय रूप से शामिल होने, ग्रामीण संगठन को मजबूत बना कर सक्रियता बढ़ाने और तीज-त्योहारों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने के लिए पार्टी नेताओं को भेजा जायेगा। भाजपा का मानना है कि यह मिशन काफी लंबा चलेगा, इसलिए अभी से ही इस पर काम करने की जरूरत है, ताकि 2029 तक पार्टी की पहुंच गांवों तक हो जाये। पार्टी आलाकमान को जो फीडबैक मिला है, उसमें कहा गया है कि विधानसभा चुनाव में पार्टी की पराजय का मुख्य कारण गांवों से नेताओं का कट जाना भी रहा। इसलिए पार्टी उस चूक को सुधारने के लिए अभी से ही काम शुरू करना चाहती है। भाजपा के कार्यकर्ताओं का मानना है कि गांवों की किलेबंदी से पार्टी को निश्चित रूप से लाभ होगा, क्योंकि झारखंड के ग्रामीणों के सामने अब तक कोई विकल्प नहीं रखा गया है। क्या है झारखंड भाजपा की नयी रणनीति और क्या होगा इसका असर, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

झारखंड में लगातार दूसरी बार विधानसभा का चुनाव हारने और अलग राज्य बनने के बाद सबसे खराब चुनावी प्रदर्शन करने के बाद भाजपा लगातार मंथन करने में जुटी हुई थी। इस मंथन के दौरान जो एक बात उभर कर सामने आयी, वह यह है कि झारखंड में पार्टी की हार का एक प्रमुख कारण उसका गांवों से कट जाना था। यह बात सच है कि पार्टी ने झारखंड के शहरों की किलेबंदी तो की, लेकिन उसे इस बात का एहसास नहीं हुआ कि झारखंड की सत्ता की चाबी गांवों से होकर आती है। नवंबर, 2024 में हुए विधानसभा चुनाव में पार्टी को ग्रामीण सीटों पर हार का सामना करना पड़ा, क्योंकि उसके नेताओं के पास गांवों को लेकर कोई विजन ही नहीं था। इसका उदाहरण रांची संसदीय क्षेत्र की छह विधानसभा सीटों का चुनाव परिणाम है। लोकसभा चुनाव में इन सभी सीटों पर भाजपा को जीत मिली थी, लेकिन विधानसभा चुनाव में पार्टी केवल रांची और हटिया सीट ही जीत सकी। कांके, खिजरी और ईचागढ़ में पार्टी हार गयी, जबकि सिल्ली सीट से पार्टी के सहयोगी सुदेश महतो को हार का सामना करना पड़ा। ये सभी ग्रामीण सीटें हैं। यही हाल दूसरे संसदीय क्षेत्रों का भी रहा।

भाजपा का शीर्ष नेतृत्व अब इस चूक को सुधारने के लिए तैयार हो गया है। पार्टी का मानना है कि उसने सांगठनिक रूप से झारखंड के शहरों की मजबूत किलेबंदी कर दी है। अब गांवों को भी मजबूत करने की जरूरत है। इसलिए पार्टी ने नयी रणनीति तैयार की है। इसके लिए प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू, प्रदीप वर्मा, पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा, एसटी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव समेत सभी विधायकों, सांसदों और पूर्व जन प्रतिनिधियों को पार्टी ने गांवों में संगठन को सशक्त करने का टास्क सौंपा है।

### इन मुद्दों पर रहेगा जोर

पार्टी ने इस नये मिशन के तहत भाजपा ने कुछ मुद्दों को चुना है, जिन पर जोर दिया जायेगा। मिशन के तहत गांव-गांव में आदिवासी विषयों को केंद्र बना कर आंदोलन चलेगा और घुसपैठ, लव जिहाद और आदिवासी अस्मिता जैसे मुद्दों पर गोष्ठियों का आयोजन किया जायेगा। रोजगार के सवाल पर युवाओं के बीच जाने और आंदोलन की रणनीति बनाने पर भी ध्यान दिया जायेगा। पिछड़ी जातियों और दलित समाज के लोगों के लिए किये गये काम को बताया जायेगा। राज्य की दूसरी समस्याओं, मसलन बालू संकट, भ्रष्टाचार और बिजली-पानी-सड़क जैसी बुनियादी सुविधाओं की कमी को जोर-शोर से उठाया जायेगा और इन आंदोलनों की कमान ग्रामीण संगठन को सौंपी जायेगी, ताकि अगले चुनाव तक स्थानीय नेतृत्व उभर कर सामने आये।



### जून के पहले सप्ताह में शुरू होगा मिशन

पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने इस बारे में झारखंड के नेताओं को पूरा निर्देश दे दिया है और जून के पहले सप्ताह से इस पर काम करने को कहा गया है। केंद्रीय नेतृत्व से मिले निर्देश के बाद अब झारखंड भाजपा इस मिशन को पूरा करने में जुट गयी है। नेताओं के बीच बैठकों का सिलसिला शुरू हो गया है। प्राथमिकता के आधार पर मुद्दों की सूची तैयार की जा रही है, जिन पर काम तत्काल शुरू किया जायेगा। पार्टी नेतृत्व ने बता दिया है कि इन सबका उद्देश्य गांवों में विशेषकर युवाओं में भाजपा की स्वीकार्यता बढ़ाना और यह सिद्ध करना है कि आदिवासियों के विकास के नाम पर उनके साथ हो रहे छल को दूर करने में केवल भाजपा ही सक्षम है।

### गांवों से लगे विधानसभा क्षेत्रों में जनाधार बढ़ाने की कोशिशें तेज

विधानसभा के पिछले चुनाव में बोकारो, देवघर और गिरिडीह में भाजपा की दीवार दरक गयी थी। धनबाद, जमशेदपुर, हजारीबाग, कोडरमा आदि शहर भाजपा के किले के रूप में प्रभावी हैं। इसका निष्कर्ष भाजपा नेतृत्व ने यह निकाला कि गांवों से लगे विधानसभा क्षेत्रों में पार्टी को पकड़ कमजोर होती जा रही है। ऐसे में इन क्षेत्रों में पार्टी का जनाधार बढ़ाने की कोशिशें तेज करने की जरूरत है।

### रणनीति में बदलाव के क्या हैं मायने

झारखंड भाजपा ने पिछले साल विधानसभा चुनाव से पहले सितंबर में राज्यव्यापी परिवर्तन यात्रा शुरू की थी। इसका मुख्य लक्ष्य हेमंत सरकार से पिछले पांच वर्षों का हिसाब लेना था। पार्टी ने इस यात्रा को बेटी, रोटी, माटी की रक्षा, युवाओं के भविष्य और झारखंड में परिवर्तन लाने के संकल्प के रूप में प्रस्तुत किया था। यह यात्रा सभी 81 विधानसभा क्षेत्रों से होकर गुजरी और छह सांगठनिक प्रमंडलों में आयोजित की गयी। लेकिन इस यात्रा का चुनाव परिणाम पर कोई खास असर नहीं पड़ा। इसलिए इस बार किसी घोषित कार्यक्रम से परहेज कर पार्टी ने यह संकेत देने की कोशिश की है कि वह जमीन से जुड़ रही है।

### क्या होगा इन मिशन का असर

जाहिर है कि यह मिशन झारखंड भाजपा के लिए महत्वपूर्ण राजनीतिक बदलाव के रूप में देखा जा रहा है, जिसका उद्देश्य आम लोगों से जुड़ कर उन मुद्दों को उठाना है, जिनका लोगों के जीवन पर सीधा असर पड़ता है। पार्टी का मानना है कि इससे आगामी चुनावों के लिए एक मजबूत जनसमर्थन जुटाया जा सकेगा। लेकिन यह तभी संभव होगा, जब लोग भाजपा की बातों पर यकीन करें। झारखंड का वर्तमान राजनीतिक माहौल बताता है कि यहां के ग्रामीण इलाकों में भाजपा की पकड़ लगातार ढीली पड़ रही है। बाबूलाल मरांडी को छोड़ कर कोई भी नेता झारखंड के गांवों को नहीं जानता है। इसका परिणाम यह हुआ है कि प्रतिद्वंद्वी दलों और संगठनों ने लोगों के दिलों में घर बना लिया है। कड़िया मुंडा और कैलाशपति मिश्र के जमाने में पार्टी संगठन की गतिविधियां गांवों से शुरू होकर शहरों तक आती थीं, लेकिन अब स्थिति पूरी तरह बदल गयी है। अब भाजपा के लोग शहरों से शुरू होकर गांवों तक जाते हैं, जिसका परिणाम 2019 के विधानसभा चुनाव जैसा होता है। झारखंड भाजपा को इसको समझना होगा।

---

# जब हिंदू ताकतवर होंगे, तभी कोई उनकी परवाह करेगा: मोहन भागवत

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख (आरएसएस) मोहन भागवत ने कहा है कि कोई हिंदुओं की परवाह तभी करेगा जब हिंदू ताकतवर होंगे। बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ होने वाली हिंसा के सवाल पर मोहन भागवत ने यह बात कही है। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज और भारत एक दूसरे से जुड़े हुए हैं। अगर हिंदू समाज अच्छा होगा, तो भारत भी अच्छा होगा। एक मजबूत हिंदू समाज ही उन लोगों को साथ लेकर चल सकता है जो खुद को हिंदू नहीं मानते, क्योंकि कभी वे भी हिंदू थे। अगर भारत का हिंदू समाज मजबूत होता है, तो दुनिया भर के हिंदुओं को ताकत मिलेगी। यह काम चल रहा है, पर अभी पूरा नहीं हुआ है। धीरे-धीरे सब ठीक हो जायेगा।



### हिंदू समाज की आंतरिक शक्ति बढ़ रही

आरएसएस प्रमुख ने कहा कि अब, हिंदू समाज की आंतरिक शक्ति बढ़ रही है। जैसे-जैसे संगठन (आरएसएस) बढ़ेगा, इसका असर अपने आप दिखेगा। तब तक हमें लड़ते रहना होगा। दुनिया में जहां कहीं भी हिंदू हैं, हम अंतरराष्ट्रीय नियमों का पालन करते हुए उनके लिए हर संभव कोशिश करेंगे। संघ इसी के लिए है। स्वयंसेवक 'धर्म, संस्कृति और समाज की रक्षा करते हुए हिंदू राष्ट्र के सर्वांगीण विकास के लिए काम करने' की शपथ लेते हैं।

### बताया, हिंदुओं को ताकत कैसे मिलेगी

बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ होने वाली हिंसा पर मोहन भागवत ने आरएसएस के मुखपत्र ऑर्गनाइजर वीकली को दिये इंटरव्यू में कहा कि अगर भारत का हिंदू समाज मजबूत होता है, तो अपने आप ही दुनिया भर में हिंदुओं को ताकत मिलेगी। यह काम चल रहा है, लेकिन अभी पूरा नहीं हुआ है। धीरे-धीरे लेकिन निश्चित रूप से, वह स्थिति आ रही है। इस बार, बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ जिस तरह से गुस्सा जताया गया है, वह पहले कभी नहीं देखा गया। अब तो स्थानीय हिंदू भी कहते हैं, 'हम भागेंगे नहीं। हम अपने अधिकारों के लिए यहीं रहेंगे और लड़ेंगे।

### 'हिंदू' शब्द का मतलब बहुत बड़ा है

मोहन भागवत ने कहा कि 'हिंदू' शब्द का मतलब बहुत बड़ा है। इसमें समय के हिसाब से बदलाव करने की जगह है। संघ की शपथ में यह भी कहा गया है कि 'मैं संघ का एक हिस्सा हूं'। इसका मतलब है कि मैं संघ को बनाने में मदद करता हूं। इसलिए, किसी भी बात पर अलग-अलग राय रखने की पूरी आजादी है। जब सब लोग मिलकर किसी बात पर सहमत हो जाते हैं, तो हर कोई अपनी राय को भूलकर उस फैसले को मान लेता है। फिर सब लोग मिलकर काम करते हैं और एक ही दिशा में चलते हैं। जो चीज हमेशा रहने वाली है, उसे बचाकर रखते हैं और जो बदलने वाली है, उसे समय के साथ बदल देते हैं।

---

# पाकिस्तानी सेना ने परिवार के सामने बलूच पत्रकार की गोली मारकर हत्या की



**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान की सेना ने क्रूरता की सारी हदें पार करते हुए बलूच के मशहूर पत्रकार अब्दुल लतीफ बलोच की उनके परिवार के सामने ही गोली मारकर हत्या कर दी है। ये घटना मश्के में हुई है। न्यूज एजेंसी एएनआइ की रिपोर्ट के मुताबिक बलोच याकजेहती कमेटी (बीवाइसी) नाम के एक स्थानीय मानवाधिकार समूह ने पत्रकार की परिवार के सामने गोली मारकर हत्या किये जाने की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि हथियारबंद लोगों ने 3 बजे सुबह लतीफ पर हमला किया। ये हमला उनके परिवार के सामने हुआ। बलूच पत्रकार लतीफ बलोचिस्तान में मानवाधिकारों के उल्लंघन और सैन्य अभियानों पर बेखौफ होकर रिपोर्टिंग करते थे। इसलिए लोग उनका सम्मान करते थे। वे जबरन गायब किये जाने, गैरकानूनी हत्याओं और आम बलोच नागरिकों के संघर्षों के बारे में लिखते थे। उनकी मौत दिखाती है कि पाकिस्तान में पत्रकारों को कितना खतरा है।

---

# शशि थरूर ने पाकिस्तान की चमड़ी उधेड़नी शुरू कर दी

### कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने अमेरिका में पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद को बेनकाब किया

आजाद सिपाही सवांददाता



**न्यूयॉर्क ।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने अमेरिका में आतंकवाद पर भारत की नीति को स्पष्ट किया। उन्होंने कहा कि भारत अब आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करेगा। इस दौरान उन्होंने पहलगाम हमले के बाद आतंकियों को लेकर पाकिस्तान की चमड़ी उधेड़नी शुरू कर दी।

शशि थरूर ने इस बात पर प्रकाश डाला कि भारत ने पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में आतंकवादी ठिकानों और मुख्यालयों के खिलाफ कार्रवाई कर कैसे पहलगाम हमले का सटीक जवाब दिया।

भारतीय वाणिज्य दूतावास में अपने भाषण के दौरान थरूर ने दुनिया के देशों से आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इस यात्रा का उद्देश्य एक मजबूत संदेश देना भी है। उन्होंने कहा कि ये एक ऐसा शहर है जो क्रूर आतंकवादी हमले का निशान अभी भी झेल रहा है। ये एक वैश्विक समस्या है, एक अभिशाप है। हम सभी को एकजुटता दिखानी चाहिए।

सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के दौरे के बारे में थरूर ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ दुनिया में एकमत बनाना है। इस समस्या से आज कई देश जूझ रहे हैं। इसे लेकर सोच और समझ को बढ़ाने का प्रयास करें।

पहलगाम में आतंकवादी हमले का जिक्र करते हुए थरूर ने कहा कि कुछ आतंकी घूम-घूम कर लोगों के धर्म की पहचान कर रहे थे। उसी के आधार पर उनकी हत्या कर रहे थे। उसका स्पष्ट उद्देश्य भारत में सांप्रदायिकता भड़काना था। संदेश बहुत स्पष्ट है कि इसमें दुर्भावनापूर्ण इरादा था। इस पर कोई संदेह नहीं था कि यह इरादा कहां से आया। हालांकि पूरे देश के लोग इसके खिलाफ उठ खड़े हुए। जम्मू-कश्मीर समेत पूरे देश में नेताओं से लेकर आम लोगों ने धार्मिक और अन्य मतभेदों को भुलाकर एकजुटता दिखायी। थरूर ने कहा कि पहलगाम हमले का श्रेय रेजिस्टेंस फ्रंट नामक एक समूह ने इसका श्रेय ले लिया था। रेजिस्टेंस फ्रंट को कुछ वर्षों से प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैयबा का एक मुखौटा संगठन माना जाता था, जिसे अमेरिका ने आतंकवादी घोषित किया है। साथ ही संयुक्त राष्ट्र प्रतिबंध समितियों ने भी इसे आतंकवादी घोषित किया है। थरूर ने ये भी कहा वह सरकार के लिए काम नहीं करते हैं बल्कि विपक्षी दल के नेता हैं। थरूर ने कहा कि उन्होंने एक प्रमुख अखबार में लिखा कि अब समय आ गया है कि एक जोरदार और चतुराई से हमला किया जाये और मुझे यह कहते हुए खुशी हो रही है कि भारत ने बिल्कुल यही किया। उन्होंने बताया कि कैसे भारत ने पाकिस्तान के 9 आतंकवादी ठिकानों को तबाह किया।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW


**वेदर**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 30.8 °c | 22.4 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.27 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.04 बजे |

# ओम बिरला ने बिरसा मुंडा को किया नमन, कहा- भगवान बिरसा मुंडा के संघर्ष ने आदिवासियों में नया आत्मविश्वास भरा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिरला पहली बार झारखंड दौरे पर रविवार को रांची पहुंचे। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ सहित अन्य भाजपा नेताओं ने उनका स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने बिरसा चौक स्थित धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया और बिरसा मुंडा संग्रहालय जाकर धरती आबा की स्मृतियों का अवलोकन भी किया।

ओम बिरला ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा को मैं प्रणाम करता हूं। ये धरती जनजातीय समुदाय की संस्कृति है। बिरसा मुंडा ने जनजातीय समुदाय, जंगल-जमीन, आदिवासी की संस्कृति को बचाने के लिए उन्होंने एक लंबी लड़ाई लड़ी। उनके इस संघर्ष से ही आज जनजातीय समाज को सम्मान मिलता है। झारखंड जनजातीय समुदाय की प्रगति के साथ विकास की ओर भी आगे बढ़ रहा है। बिरसा मुंडा की यह धरती हम लोगों के लिए प्रेरणा है।

**राजभवन में अपर मुख्य सचिव ने किया स्वागत :** इसके बाद लोकसभा अध्यक्ष के राज भवन पहुंचने पर राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव डॉ नितिन कुलकर्णी ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ भी मौजूद थे।

**बिरसा मुंडा संग्रहालय का भ्रमण किया :** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला रांची के ओल्ड जेल परिसर भी पहुंचे और वहां बिरसा मुंडा संग्रहालय का भ्रमण किया। अध्यक्ष उस स्थान (बैरक) में भी गये, जहां अंग्रेजों ने बिरसा मुंडा को कैद कर रखा था और यहीं उनकी मृत्यु हो गयी थी। इस दौरान रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ और रांची विधायक सह पूर्व मंत्री सीपी सिंह भी लोकसभा अध्यक्ष के साथ थे। इस मौके पर ओम बिरला ने कहा कि बिरसा मुंडा ने जनजातीय समुदाय के लोगों में आत्मविश्वास भरा, जिसकी वजह से उनमें संघर्ष के लिए सामर्थ्य पैदा हुआ। धरती आबा बिरसा मुंडा लंबे दिनों तक इसी जेल में रहे। आने वाली पीढ़ी जब भी यहां आएगी, उन्हें भगवान बिरसा मुंडा के जीवन समर्पण, संघर्ष और जनजातीय आत्मसम्मान को बनाए रखने की प्रेरणा उन्हें मिलेगी।

**देश के विकास में जनजातीय समुदाय का बड़ा योगदान :** ओम बिरला ने कहा कि देश के विकास में जनजातीय समुदाय का बड़ा योगदान रहा है। आज भी भारतीय संस्कृति और उसकी विरासत को संरक्षित रखने का काम जनजातीय समाज के लोग कर रहे हैं। जिन वीर सपूतों ने भारत की आजादी, दलितों-शोषितों और आदिवासी समुदाय के हितों के लिए संघर्ष किया, उनकी जन्मभूमि और कर्मभूमि को विकसित और संवर्धित करने का प्रयास किया गया है, जो प्रशंसनीय है।





ओम बिड़ला के रांची आगमन पर झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। उन्होंने कहा- लोक सभा के अध्यक्ष का झारखंड की धरती पर आगमन हम सभी के लिए हर्ष का विषय है।



## श्याम प्रभु के दर्शन कर भाव विभोर हुए लोकसभा अध्यक्ष

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में पूजन-दर्शन कर समस्त देशवासियों के लिए मंगल कामना की। एयरपोर्ट से राजभवन जाने के क्रम में उन्होंने श्री श्याम मंदिर में दर्शन किये। उनके साथ रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने भी दरबार में दर्शन किये। सर्वप्रथम मंदिर के मुख्य गेट पर मंडल अध्यक्ष सुरेश सरावगी, पूर्व राज्यसभा सांसद अजय मारू, वरिष्ठ सदस्य राजीव मित्तल, मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू, कोषाध्यक्ष पंकज गाड़ोदिया, अमित सरावगी ने उनका स्वागत किया। इसके बाद लोकसभा अध्यक्ष ने मंदिर की सीढ़ियों पर मत्था टेकर बाबा के दरबार को निहारते हुए अंदर की ओर प्रवेश किया। लोकसभा अध्यक्ष ने बाबा श्याम के मुख्य मंदिर के सामने अपनी अर्जी लगा कर पंचमेवा भोग प्रसाद चढ़ाया। इत्र लगाया एवं बाबा का प्राकृतिक पंखा डुलाया। मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, रांची महानगर अध्यक्ष वरुण साहू का अभिनंदन किया। इसके बाद लोकसभा अध्यक्ष ने बालाजी महाराज के दर्शन कर बाबा भोले नाथ श्यामेश्वर महादेव पर जल अर्पण किया। मंडल के वरिष्ठ सदस्य अजय मारू ने ओम बिरला को मंदिर एवं मंडल के बारे में विस्तृत जानकारी दी। अजय मारू ने उनको बताया कि हर शनिवार को श्री श्याम भंडारे का वृहद रूप से आयोजन होता है। लोकसभा अध्यक्ष ने मंडल के सभी सदस्यों की सराहना की।


## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** नौकरी-व्यापार के क्षेत्र में कठिनाइयों की वृद्धि संभव है, फिर भी उससे कोई हानि नहीं होगी।

**वृष** घरेलू आवश्यकताओं पर अधिक व्यय करना पड़ेगा,मानसिक चिंता बढ़ेगी। शत्रुओं पर विजय मिलेगा।

**मिथुन** रुके हुए काम पूरे होंगे,आर्थिक स्थिति सुदृढ़,निर्माण कार्य में प्रगति।

**कर्क** धार्मिक-सामाजिक समारोह में भाग लेंगे, नये लोगों से सम्पर्क, महिला मित्र के माध्यम से लाभ।

**सिंह** जमीन-जायदाद संबंधी कार्यों में सफलता, विपरीत स्थितियों में सुधार, सामयिक-सामाजिक विकास।

**कन्या** राजकीय पक्ष से सहयोग-समर्थन, धनागम के अवसर बढ़ेंगे,अवसरों का फायदा उठावें।

**तुला** कर्मक्षेत्र में परिश्रम-संघर्ष अधिक करना पड़ेगा,आर्थिक परेशानी, तनाव-विवाद से कष्ट।

**वृश्चिक** हर क्षेत्र में सफलता,नवीन व्यापारिक योजना सफल,आर्थिक लाभ होगा।


**धनु** विद्यार्थियों को लेखन और अध्ययन का सुपरिणाम मिलेगा। विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास।

**मकर** धन एवं सुख की प्राप्ति होगी, थोड़े परिश्रम से ही अभीष्ट कार्य सिद्ध होंगे,वाहन सुख।

**कुंभ** सामयिक कार्यों में सफलता,नौकरी में उल्लास, संकल्पित काम पूरे होंगे।

**मीन** भूले बिसरे प्रसंग पुनर्जीवित होंगे, परिश्रम से महत्वपूर्ण काम पूरा होगा, आर्थिक समस्याओं का समाधान मिलेगा।


## झारखंड के फिल्म निर्माता लाल विजय शाहदेव कोरोना पॉजिटिव



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड में कोरोना वायरस ने एक बार फिर दस्तक दी है। झॉलीवुड और बॉलीवुड में अपनी खास पहचान बना चुके जाने-माने फिल्म निर्माता लाल विजय शाहदेव कोरोना संक्रमित पाये गये हैं। उन्होंने खुद रविवार को सोशल मीडिया के जरिए अपने संक्रमण की पुष्टि की। लाल विजय शाहदेव ने फेसबुक पोस्ट में लिखा, भारत में कल तक 257 लोग कोरोना पॉजिटिव पाये गये हैं और मैं भी उनमें शामिल गया हूं। 22 मई को जब मैं मुंबई से रांची आ रहा था, उसी दौरान फ्लाइट में मेरी तबीयत बिगड़ गयी और मैं बेहोश हो गया। झारखंड फिल्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड का सदस्य होने के नाते मुझे कुछ फिल्मों का प्रिव्यू करना था, लेकिन तबीयत खराब होने के कारण मैं यह कार्य नहीं कर पाया। इस समय मेरा इलाज रांची के सेंटेविटा में डॉक्टर मोहित नारायण की निगरानी में चल रहा है। जहां दिनेश दा मेरा ख्याल रख रहे हैं और अब मैं पहले से बेहतर महसूस कर रहा हूं। मेरे संपर्क में आये सभी लोगों से विनम्र अनुरोध है कि यदि आपको सिरदर्द, बदन दर्द, बुखार, खांसी या सर्दी जैसे लक्षण महसूस हों तो कृपया तुरंत अपना कोरोना टेस्ट करायें।

# साहिबगंज में पुलिस जवान की हत्या

## जांच के लिए एसआइटी का किया गया गठन

आजाद सिपाही संवाददाता

**साहिबगंज।** साहिबगंज पुलिस लाइन में कार्यरत सिपाही सुरजीत कुमार यादव का शव रविवार को महिला सिपाही बैरेक भवन के पीछे मिला है। सिपाही का शव मिलने के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। अस्पताल में तीन सदस्यीय डॉक्टरों की टीम ने मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में शव का पोस्टमार्टम किया।

**हाथ की हड्डी फ्रैक्चर, छाती की हड्डी भी टूटी हुई :** इस संबंध में सदर अस्पताल के डॉक्टर मुकेश कुमार ने बताया कि जवान को गोली नहीं लगी थी, लेकिन छाती का हड्डी टूट कर उनके फेफड़े में घुस गयी थी। संभव है कि इसी वजह से उनकी मौत हुई है। दूसरी बात मृत जवान के दाहिने हाथ की हड्डी कई जगह से फ्रैक्चर है। पोस्टमार्टम में पाया गया कि खून ताजा था और करीब 3.5 एमएल खून शरीर में था।

**परिजन पहुंचे अस्पताल :** वहीं घटना के संबंध में मृत सिपाही सुरजीत के साले रवि ने बताया कि शनिवार रात में 11:30 बजे मेरी पत्नी से बात की थी। हर दिन सुरजीत परिवार के सदस्यों से बात करते थे। इधर, घटना की जानकारी मिलते ही सुरजीत की माता-पिता सहित अन्य सदस्य साहिबगंज पहुंच चुके हैं। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है. पोस्टमार्टम के बाद पुलिस लाइन में उन्हें श्रद्धांजलि दी जायेगी। उसके बाद शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया जायेगा।



### जल्द होगा मामले का उद्भेदन: एसपी

इधर, इस संबंध में साहिबगंज के प्रभारी एसपी अनिमेष नैथानी ने बताया कि प्रथम दृष्टया हत्या का मामला प्रतीत हो रहा है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। जांच के लिए एसआइटी गठित कर दी गयी है। मामले में दो से तीन लोगों को पूछताछ के लिए उठाया गया है, तीनों को शाम में सिपाही के साथ देखा गया था। बहुत जल्द मामले का उद्भेदन कर लिया जायेगा।

# जेपीएससी मुख्य परीक्षाफल में आरक्षण का किया गया उल्लंघन: देवेंद्र नाथ महतो

**हाइकोर्ट का दरवाजा खटखटाने और आंदोलन की चेतावनी दी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** छात्र संगठनों के लंबे आंदोलन और राजभवन के निर्देश के बाद झारखंड लोक सेवा आयोग ने बीते दिनों जीपीएससी 11वीं से 13वीं तक की सिविल सेवा मुख्य परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया। आयोग ने इस परिणाम में कुल 864 अभ्यर्थियों को इंटरव्यू के लिए आमंत्रित किया है। हालांकि, अब एक बार फिर इस परिणाम को लेकर विवाद गहराने के आसार नजर आ रहे हैं। जिन छात्र संगठनों और अभ्यर्थियों ने पहले रिजल्ट जारी करने की मांग को लेकर भूख हड़ताल जैसे आंदोलन किये थे। अब वही लोग इस घोषित परिणाम के विरोध में फिर से हाइकोर्ट का दरवाजा खटखटाने की तैयारी में हैं। साथ ही एक बार फिर सड़कों पर उतरने और जोरदार आंदोलन की चेतावनी दी है।



**आरक्षण प्रक्रिया पर सवाल :** छात्र नेता देवेंद्र नाथ महतो ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 15 और 16 अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अति पिछड़ा वर्ग, इडब्ल्यूएस और अन्य श्रेणियों को आरक्षण की सुविधा प्रदान करता है। लेकिन जेपीएससी ने इस रिजल्ट को सपाट और अपारदर्शी तरीके से जारी किया है। इससे यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा है कि क्या आरक्षित वर्गों को निर्धारित कोटा और ढाई गुना अनुपात के अनुसार इंटरव्यू में बुलाया गया है या नहीं।

देवेंद्र नाथ महतो ने आरोप लगाया कि जेपीएससी एक बार फिर धांधली हुई है और आशंका जतायी कि झारखंड के अभ्यर्थी इस इंटरव्यू प्रक्रिया से वंचित रह सकते हैं। उन्होंने यह भी दावा किया कि सीट बेचने की प्रक्रिया की तैयारी फिर से शुरू हो चुकी है।

**कट-ऑफ और वर्गीय विवरण स्पष्ट नहीं :** उन्होंने कहा कि आयोग ने श्रेणीवार आरक्षण कोटा को स्पष्ट किये बिना परिणाम जारी किया है। सिस्टम में यह भी प्रदर्शित नहीं किया गया है कि विभिन्न वर्गों–जैसे एससी, एसटी, महिलाएं, अति पिछड़ा वर्ग (एनेक्सचर एक), पिछड़ा वर्ग (एनेक्सचर दो), आदिम जनजाति और इडब्ल्यूएस–के लिए अलग-अलग कट-ऑफ मार्क्स क्या हैं।

**राज्यपाल से हस्तक्षेप की मांग:** रांची में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में छात्र नेता देवेंद्र नाथ महतो और आंदोलनकारी अभ्यर्थियों ने राजधानी रांची में जोरदार आंदोलन की चेतावनी दी है। साथ ही, राज्यपाल को भी इस पूरे मामले की त्रुटियों के संदर्भ में संज्ञान लेने की अपील की गयी है।

# नगर निकाय चुनाव को लेकर कांग्रेस ने की पर्यवेक्षकों की नियुक्ति

## कहा- नगर निकाय चुनाव को गंभीरता से लेते हुए संगठन को मजबूत करने की दिशा में कार्य करें

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने राज्य में होने वाले आगामी नगर निकाय चुनाव को देखते हुए पर्यवेक्षकों की नियुक्त की है। प्रदेश अध्यक्ष ने रविवार को सांसद, मंत्री, विधायक और गत लोकसभा और विधानसभा चुनाव में उम्मीदवार रहे नेताओं को नगर निगम, नगर पंचायत एवं नगर परिषद क्षेत्रों के पर्यवेक्षक के रूप में मनोनीत किया है। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि नगर निकाय चुनाव को गंभीरता से लेते हुए संगठन को मजबूत करने की दिशा में अग्रतर कार्रवाई करें, ताकि हम नगर निकाय चुनाव में अपेक्षित सफलता प्राप्त कर सकें।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने इस बारे में बताया कि विभिन्न नगर निगम, नगर परिषद एवं नगर पंचायत के लिए वरीय नेताओं को जिम्मेवारी दी गयी है। इस क्रम में देवघर नगर निगम, मधुपुर नगर परिषद एवं गोड्डा नगर परिषद की जिम्मेदारी कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव को, महगामा नगर परिषद की दीपिका पांडेय सिंह को, बासुकीनाथ नगर परिषद की बादल पत्रलेख को, चतरा नगर परिषद एवं लातेहार नगर पंचायत की केएन त्रिपाठी को, चास नगर निगम की श्वेता सिंह को और चिरकुंडा नगर परिषद की जिम्मेदारी अनुपमा सिंह को दी गयी है।

इन सबके अलावा धनबाद नगर निगम की अजय दुबे, रांची नगर निगम और कपाली नगर परिषद की यशस्विनी सहाय, बुंडू नगर पंचायत और खूंटी नगर पंचायत की कालीचरण मुंडा, सिमडेगा नगर परिषद की भूषण बाड़ा, गुमला नगर परिषद की सुखदेव भगत, लोहरदगा नगर परिषद की डॉ रामेश्वर उरांव, बचरा नगर पंचायत की अंबा प्रसाद, रामगढ़ नगर परिषद की ममता देवी, हजारीबाग नगर निगम की मुन्ना सिंह, पाकुड़ नगर परिषद की निशांत आलम और मिहिजाम नगर परिषद एवं जामताड़ा नगर पंचायत की जिम्मेदारी डॉ इरफान अंसारी को दी गयी है।

इसी तरह से फुसरो नगर परिषद का कुमार जय मंगल उर्फ अनूप सिंह, मानगो-नगर निगम का बन्ना गुप्ता, बिश्रामपुर नगर परिषद एवं माझियांव-नगर पंचायत का सुधीर कुमार चंद्रवंशी, छतरपुर नगर पंचायत का राधाकृष्ण किशोर और मेदिनी नगर नगर निगम का केएन त्रिपाठी को पर्यवेक्षक मनोनीत किया गया है।

सोनाल शांति ने बताया कि आगामी नगर निकाय चुनाव को कांग्रेस पूरी गंभीरता से ले रही है और इन चुनावों में बेहतरीन प्रदर्शन कर शहरी जनमानस के बीच अपनी भूमिका तय करना चाहती है। यह चुनाव संगठन के लिए संजीवनी का काम करेगा, जिससे कांग्रेस को मजबूती मिलेगी।



# दिनदहाड़े आदिवासी युवती से गैंगरेप, एक गिरफ्तार

**मुस्लिम युवकों ने दिया घटना को अंजाम, पूरे क्षेत्र में तनाव का माहौल**

**आदिवासी संगठनों ने दी चेतावनी, न्याय नहीं मिला तो आंदोलन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गोड्डा।** जिले के ललमटिया थाना क्षेत्र अंतर्गत हरख्खा स्थित रेलवे ओवरब्रिज के समीप शनिवार दोपहर एक 30 वर्षीय आदिवासी युवती के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म की घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गयी है। पीड़िता घटना के समय अपने मित्र जीतन हेंब्रम के साथ जा रही थी।

पहले से घात लगाए ललमटिया क्षेत्र के नजीर अंसारी (22) और सादिक अंसारी (20) ने चाकू की नोंक पर जीतन को भगा दिया और युवती को जबरन रेलवे पुल के पास ले जाकर दुष्कर्म किया। घटना के तुरंत बाद जीतन हेंब्रम ने हरख्खा गांव में ग्रामीणों को सूचना दी, जिन्होंने एक आरोपित को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया।

पुलिस ने पीड़िता के आवेदन पर मामला दर्ज किया है। गिरफ्तार आरोपित को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है, जबकि दूसरे आरोपित की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

रविवार को घटना के विरोध में आदिवासी समुदाय के लोगों ने ललमटिया थाना परिसर में प्रदर्शन कर दोषियों की अविलंब गिरफ्तारी और कठोर सजा की मांग की। आदिवासी संगठनों ने चेतावनी दी कि यदि निष्पक्ष जांच नहीं की गयी, तो राज्यव्यापी आंदोलन किया जायेगा। सामाजिक कार्यकर्ता प्रमोद हेंब्रम, सोनालाल टुडू, दीवान किस्कू, रमेश, वीरेंद्र, संतोष किस्कू, अजय किस्कू सहित लीलातरी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि ने घटना पर गहरा आक्रोश जताते हुए प्रशासन से कठोर कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल पूरे क्षेत्र में तनाव का माहौल है। ललमटिया थाना प्रभारी के अनुसार, मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और शीघ्र ही फरार आरोपित को भी गिरफ्तार कर लिया जायेगा।



# मंदिर से शिवलिंग को हटाने की सूचना के बाद भड़के लोग, सड़क जाम



आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग में रविवार को सदर थाना क्षेत्र के मुनका बगीचा में 100 वर्ष पूर्व से स्थापित मंदिर में शिवलिंग और शिव परिवार को खंडित कर हटाने का आरोप मुनका परिवार पर लगाते हुए स्थानीय लोगों ने सड़क जाम कर धरना प्रदर्शन प्रारंभ कर दिया। इनकी मांग थी कि मुनका बगीचा के अंदर बने शिव मंदिर करीब 100 वर्ष पुराना है। इस मंदिर के ठीक बाहर एक नया मंदिर मुनका परिवार के द्वारा बनाया गया है, जिसमें नया शिवलिंग और मुर्तियां लगाया गया है। पुराने मंदिर की शिवलिंग को रातों रात हटा दिया गया है, जबकि स्थानीय लोगों का आरोप है कि नये मंदिर बनने के पूर्व स्थानीय लोग और मुनका परिवार के बीच एक बैठक हुआ था, जिसमें कहा गया था कि पूर्व की मंदिर जैसे है वैसे ही रहेगी। परंतु कल देर रात साजिश के तहत पुराने मंदिर से मूर्ति को हटा दिया गया। जिसका हमलोग विरोध करते है। वहीं इस पूरे मामले पर मंदिर पहुंचे सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने मध्यस्थ करने का प्रयास किया और कहा कि मुनका परिवार से वार्ता हुई है। उन्होंने कहा कि पूर्व की भांति पुराने मंदिर में पूजा होगी, मामले की विवाद को देखते हुए मौके पर सदर सीओ मयंक भूषण ओर पुलिस बल भारी संख्या में मौजूद है और मामले को निपटारे के लिए वार्ता की जा रही है। वहीं कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह भी पहुंच कर कर मामले की जानकारी ली और साथ दिया। शाम 4 बजे मनोज नारायण भगत, विवेक बरियार, कृष्णा किशोर प्रसाद, मनोज ठाकुर, भोला वर्मा, एडवोकेट कुणाल कुमार, निप्पू यादव, संतोष यादव, संजय तिवारी, मुन्ना सिंह और मुनका समाज के अध्यक्ष राधेश्याम अग्रवाल और मुनका समाज के पदाधिकारीयो की उपस्थिति में आपसी समझौता शांतिपूर्ण माहौल में हुआ। इस समझौता में मुख्य रूप से मुख्य समाज के अध्यक्ष ने यह बात लिखित रूप से दी की धर्मशाला में अवस्थित पुराने शिव मंदिर को पुनः नये रूप में व्यवस्थित करके आम जनों को पूजा पाठ के लिए उपलब्ध कराया जायेगा इसके लिए मुनका समाज और मुनका बगीचा धर्मशाला कमेटी शीघ्र एक मीटिंग एक माह के अंदर करके कहानी बाजार समाज के गण मन लोगों को अवगत कराने का सकारात्मक आश्वासन दिया पुनः मंदिर यथा स्थिति रूप में सार्वजनिक रूप से आम जनों के लिए उपलब्ध रहेगा। मुनका परिवार ने कहा है कि पुरानी मंदिर जर्जर हो चुका है। मुर्तियां भी खंडित हो गयीं थी, इसलिए, समाज ने सर्वसम्मति से निर्णय लेकर नया मंदिर बनवाया गया है तथा नया विग्रह मंदिर में स्थापित किया है। कुछ लोग बेवजह इसे राजनीतिक रंग देने का प्रयास कर रहे हैं।

## लापता हुए मजदूरों का पांचवें दिन भी नहीं मिला सुराग

### एनडीआरएफ की टीम दो दिनों से कर रही है प्रयास



आजाद सिपाही संवाददाता

**केरेडारी।** प्रखंड के कंडाबेर गांव में बीते 21 मई को हुई भारी बारिस के बाद कंडाबेर स्थित खावा नदी में आये बाढ़ के बाद अवैध खदान में समाये तिन मजदूरों का घटना के पांचवे दिन रविवार को भी अब तक कुछ पता नहीं चल सका है गुरुवार को जहां एनटीपीसी के द्वारा पंप सेट मंगवा कर पानी निकलवाने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं शनिवार से एनडीआरएफ की टीम भी लगातार प्रयास कर रही है, लेकिन रविवार को समाचार लिखे जाने तक सफलता हाथ नहीं लगी है। घटनास्थल पर एनडीआरएफ की टीम के साथ पुलिस प्रशासन का महकमा अथक प्रयास कर रहा है। वहीं ग्रामीणों की भीड़ घटना के पांचवे दिन भी जमी हुई है, जबकि बीतते समय के साथ पीड़ित परिवारों का हाल भी बेहाल हो रहा है। रविवार को हलकी बारिश होने से खदान में फिर से पानी भर गया है। बताते चलें कि भारी बारिश के कारण खावा नदी में आये तेज बहाव में तीन मजदूर बह गये थे। वे नदी के पास स्थित एक पुराने खदान की गुफानुमा संरचना में समा गये थे।

## भाजपा नेता चंद्रनाथ मृतक के आश्रितों से मिले



विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)। भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सह झारखंड आंदोलनकारी नेता चंद्रनाथ भाई पटेल ने विष्णुगढ़ प्रखण्ड के बंदखारो गाव स्थित मृतक प्रवासी मजदूर धनंजय महतो के घर जाकर शोक संतप्त परिवार से मिलकर ढाढस बंधाया। इस विकट दुख की घड़ी में चन्द्रनाथ भाई पटेल ने मृतक की पत्नी एवं उनके वृद्ध माता-पिता से मिलकर कहा कि मैं इस दुख की घड़ी में हमेशा आपके साथ खड़ा मिलूंगा, साथ ही मृतक प्रवासी मजदूर का पार्थिव शरीर स्वदेश अतिशीघ्र सरकार से लाने की मांग की। मृतक युवा प्रवासी 27 वर्षीय मजदूर धनंजय महतो अपने पीछे पत्नी गीतांजलि देवी 25 वर्ष, पुत्री काजल कुमारी 8 वर्षीय, पुत्र संजय कुमार 5 वर्षीय, पुत्र सुनिल कुमार 1वर्ष छ: महीने, माता पनवा देवी, पिता बैजनाथ महतो को छोड़ असमय परलोक गमन कर गया।

## अहिल्या बाई होलकर की जयंती समारोह पर संगोष्ठी कल

कोडरमा (आजाद सिपाही)। महारानी अहिल्या बाई होलकर की जयंती समारोह पर कोडरमा जिला भारतीय जनता पार्टी के द्वारा एक संगोष्ठी का आयोजन 27 मई को माहुरी धर्मशाला झुमरी तिलैया में होगा। मुख्य अतिथि चन्दनक्यारी के पूर्व विधायक अमर बावरी एवं कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव उपस्थित रहेंगी। भाजपा जिलाध्यक्ष अनूप जोशी ने उक्त जानकारी दी।

# बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र का होगा सर्वांगीण विकास : विधायक

**विधायक ने किया तीन विद्यालय के चारदिवारी निर्माण कार्य का शिलान्यास**



आजाद सिपाही संवाददाता

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के पंचायत चेचकप्पी के उपरैली डेबो में विधायक अमित कुमार यादव ने रविवार को तीन विकास कार्यों की आधारशिला रखी। विकास कार्य ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल डीएमएफटी मद से लगभग 56 लाख की लागत से तीन विद्यालयों की चारदीवारी निर्माण कराया जायेगा। उन्होंने उत्क्रमित मध्य विद्यालय उपरैली डेबो में 19 लाख की लागत से चारदीवारी निर्माण, नव प्राथमिक विद्यालय हेठली डेबो में 17 लाख की लागत से चारदीवारी निर्माण एवं उत्क्रमित मध्य विद्यालय सिझुआ में लगभग 20 लाख रुपये से चारदीवारी निर्माण की आधारशिला रखी। विधायक अमित कुमार यादव ने नारियल फोड़कर योजना का शिलान्यास किया। मौके पर ग्रामीणों ने सड़क बनने की बात को रखी। उन्होंने जल्द ही सड़क बनने के साथ क्षेत्र में सर्वांगीण विकास की बात कही। विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि हमने अपने कार्यकाल के दौरान बरकट्ठा में कई विकास कार्यों का शिलान्यास और उद्घाटन किया। कई सड़कें जो जर्जर स्थिति में थी उसका शिलान्यास किया। प्रखंड क्षेत्र के सभी गांव के सड़कों को कालीकरण कर मुख्य रोड से जोड़ा जायेगा। मौके पर मुखिया रीता देवी, रीतलाल प्रसाद, डेगलाल साव, ननकू सिंह, भुनेश्वर सिंह, ब्रह्मदेव सिंह, बिरेंद्र मेहता, प्रकाश सिंह, काली सिंह, सिकेंदर कुमार, शिव कुमार, विजय यादव, राजकुमार प्रसाद, जागेश्वर प्रसाद, बिनोद प्रसाद, केदार सिंह, पिंटू कुमार, मुकेश मंडल समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## झारखंड स्टेट टेनिस टूर्नामेंट में हजारीबाग के बच्चों ने मचाया धमाल, जीते 7 पदक



हजारीबाग (आजाद सिपाही)। झारखंड टेनिस एसोसिएशन और रांची जिमखाना क्लब के संयुक्त सौजन्य से आयोजित झारखंड स्टेट टेनिस टूर्नामेंट 2025 का समापन 25 मई को हुआ। यह पांच दिवसीय प्रतियोगिता 21 मई से लेकर 25 मई तक रांची जिमखाना क्लब में आयोजित की गयी थी। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में हजारीबाग के उभरते टेनिस खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन स्वर्ण, एक रजत और तीन कांस्य पदक अपने नाम किए। हजारीबाग के कुल सात खिलाड़ियों ने विभिन्न वर्गों में प्रतिभाग किया और राज्य स्तरीय मंच पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

## हाथी ने कुआं निर्माण में लगे मजदूर को मार डाला

बरकट्ठा (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के बरकंनगांगों गांव में हाथी ने शनिवार की शाम 6.30 बजे के करीब एक मजदूर को मार डाला। बरकंनगांगों निवासी बीरेंद्र प्रसाद पिता छोटी महतो के कुआं निर्माण कार्य में लगे मजदूर ग्राम जोधपुर तारटांड़ गिरीडीह निवासी सुखलाल मरांडी 52 वर्ष पिता स्व टंपा मरांडी को हाथी ने पैर से कुचलकर मार डाला। जिसकी सूचना मिलने पर बरही रेंजर कमलेश कुमार सिंह के निर्देश पर बरकट्ठा फोरेस्टर संटू कुमार दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने मौके पर वन विभाग की ओर से मृतक के परिजन को 50 हजार की अग्रिम सहायता राशि के रूप में दिया गया। संटू कुमार ने बताया कि झुंड में 25 की संख्या में छोटे बड़े हाथी शामिल हैं। जिसमें बिछड़कर एक हाथी इधर-उधर भटक रहा है। उन्होंने ग्रामीणों से जंगल में अकेले नहीं जाने की अपील किया। बताया कि हाथियों की झुंड को निकालने के लिए टीम लगातार प्रयासरत है।

## झारखंड के सभी जिलों में डॉ भीमराव अंबेडकर पुस्तकालय भवन निर्माण किया जायेगा : संजीव



बड़कागांव (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड के सभी जिलों में भारतीय संविधान निर्माता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर आधुनिक पुस्तकालय भवन पूरे झारखंड में निर्माण कराने की निर्णय की झारखंड मुक्ति मोर्चा ने खुशी जाहिर किया है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष सह केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य संजीव कुमार बेदिया और झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष सह झारखंड श्रमिक संघ जिला सचिव संजय कुमार सिंह ने मुख्यमंत्री के निर्णय को बेहतर एवं सराहनीय प्रयास बताया है। मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हेमंत सोरेन यहां के लोगों के लिए एक से बढ़कर एक कल्याणकारी योजना लाकर विकास करने का कार्य कर रहे हैं। पुस्तकालय खुलने के पश्चात हजारों विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा।

## बड़कागांव में बी स्कैन अल्ट्रासाउंड केंद्र का उद्घाटन



बड़कागांव (आजाद सिपाही)। बड़कागांव प्रखंड में रविवार को बी स्कैन अल्ट्रासाउंड केंद्र का उद्घाटन थाना रोड बड़कागांव नियर हजरत दाता कुन्दकुनी रहमतुल्लाह बाबा के मजार शरीफ समीप किया गया। केंद्र का उद्घाटन विधिवत पूजा अर्चना के पश्चात मुख्य अतिथि डॉक्टर शिखा खंडेलवाल के द्वारा फीता काटकर किया गया। डॉ शिखा खंडेलवाल ने कहा कि बड़कागांव में इस प्रकार के अल्ट्रासाउंड का पहली बार केंद्र का संचालन होगा। जिससे क्षेत्र के लोगों को उचित जांच रिपोर्ट मिल पायेगा और लोगों का जांच के आलोक में बीमारी का सही सही करवा पायेगा। केंद्र के संचालक अमरजीत कुमार और रंजीत पंडित ने संयुक्त रूप से कहा कि इस केंद्र में अत्याधुनिक मशीन के द्वारा मुख्य रूप से उचित फीस लेकर अल्ट्रासाउंड से संबंधित सभी प्रकार का जांच किया जायेगा। मौके पर डॉ अनामिका दीप, डॉक्टर रंजीत कुमार, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे ,धीरज सिंह , बिमलेश पांडे, सुजीत नगवाला, इंटक जिला अध्यक्ष कजरु साव, अमित कुमार, परमेश्वर कुमार, गौतम कुमार, नरेंद्र कुमार, मधु कुमारी, संदीप पंडित सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## पंचमंदिर पर बनी न्यास कमेटी ने संभाला कार्यभार

**मैदा कुंवरी की याद में लगेगा शिलालेख और मंदिर निर्माण का भी रहेगा उल्लेख**



आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** राज्य सरकार के झारखंड राज्य हिन्दु धार्मिक न्यास द्वारा हजारीबाग के प्राचीन मंदिर श्री राधाकृष्ण मंदिर (पंचमंदिर) को लेकर जारी अधिसूचना 1847/2025 में इस मंदिर के लिये जो न्यास कमेटी बनायी गयी थी, उसने सरकार के इस आदेश के आलोक में इस सार्वजनिक मंदिर का कार्यभार रविवार कौन संभाल लिया। पहली बैठक मंदिर परिसर में हुई, जिसमें मंदिर के रख-रखाव, दयनीय हुई स्थिति, मंदिर के शिखर पर उग आये पेड़- पौधे, कई स्थानों में छत से पानी के रिसाव पर चर्चा करते हुए आगे एक- एक करके सभी गड़बडियों को दूर करने की बात कही गयी। इस पहली बैठक की अध्यक्षता उपाध्यक्ष अजय गुप्ता द्वारा किया गया। बैठक में सर्वसम्मति और तालियों की गडगड़ाहट के बीच जो पहला प्रस्ताव पास किया गया, उसे न्यास के उपाध्यक्ष नीलेंदु जयपुरियार द्वारा सदस्यों के समक्ष रखा गया। जिसमें कहा गया कि आजादी के पहले बिना किसी लालच के निसंतान दंपत्ति मैदा कुंवरी ने मंदिर का निर्माण कार्य अपनी जमीन शुरू करवा कर विशाल और भव्य मंदिर तब शहर के लोगों के श्रमदान से बनवा डाला। उसके बाद मंदिर को रजिस्ट्री के द्वारा सरकार के नाम दानकर इसे सार्वजनिक बना दिया। उनका यह कृत्य नमन के योग्य है, जिसके लिये पंचमंदिर मंदिर परिसर में उनकी याद में एक शिलालेख और मंदिर का इतिहास अंकित हो। अन्य प्रस्ताव में विधिसम्मत तरीके से न्यास बोर्ड चलाने, न्यास के निर्देशानुसार बैंक में खाता खोलने, नवगठित ट्रस्ट का बोर्ड लगाने, पंच मंदिर में दानपेटी रखने तथा न्यास के सहयोग के लिए सर्वसम्मति से संरक्षक और परामर्शी मंडल की मदद से लोगों को जोडे का भी पैसला लिया गया। धन्यवाद ज्ञापन में सचिव विजय केसरी ने कहा कि न्यास का जो गाइडलाइन है, सभी सदस्य उसी के अनुरूप पारदर्शी तरीके से चलते हुए बेहतर काम करने का प्रयास करेंगे। इस बैठक में सदस्यों में शारदा रंजन दुबे, जय प्रकाश पासवान, आनंद कुमार, सुरेंद्र वर्मा, विनीत अग्रवाल तथा मंदिर के पुजारी आदि मौजूद रहे।

## वट सावित्री पूजा आज

# अखंड सौभाग्यवती होने का त्योहार : बसंत शास्त्री



आजाद सिपाही संवाददाता

**जयनगर।** वट सावित्री व्रत पूजा 26 मई सोमवार को मनाया जायेगा। पौराणिक कथा के अनुसार सावित्री ने अपने पति सत्यवान के प्राण यमराज से बरगद के पेड़ के नीचे वापस लिये थे। तभी से यह व्रत पति की लंबी आयु, अखंड सौभाग्य और संतान प्राप्ति के लिए रखा जाता है। उक्त जानकारी आचार्य बसंत शास्त्री जी महाराज ने कहा कि इसी दिन महिलाएं सोलह श्रृंगार कर वट वृक्ष की पूजा करती हैं। साथ ही परिक्रमा करती हैं और सावित्री-सत्यवान की कथा सुनती हैं। पूजा के पश्चात सुहागिन महिलाओं के द्वारा सिंगार सामग्री का दान भी करते हैं।

**बरगद वटवृक्ष का धार्मिक महत्व :** आचार्य श्री शास्त्री ने बताया कि बरगद का पेड़ न सिर्फ एक वृक्ष है, बल्कि हिंदू आस्था और परंपरा में एक जीवंत प्रतीक है। इसे अक्षय वटवृक्ष भी कहा जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, बरगद में त्रिमूर्ति का निवास माना गया है। इसकी जड़ों में ब्रह्मा, तने में विष्णु और शाखाओं में शिव का वास होता है। इसकी लटकती हुई जटाएं मां सावित्री का स्वरूप मानी जाती हैं, जो त्याग, तपस्या और संतान की कामना की देवी कहा जाता है।

### सावित्री व्रत में क्यों होती है बरगद की पूजा

आचार्य श्री शास्त्री ने बताया कि सावित्री व्रत बरगद के पेड़ की पूजा की जाती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार वट वृक्ष में ब्रह्मा, विष्णु और महेश विद्यमान हैं। मान्यता है कि पेड़ की जड़ें ब्रह्मा, तना भगवान विष्णु का और भगवान शिव का शाखाओं में वास होता है। कहते हैं वट सावित्री व्रत के दौरान बरगद के पेड़ के नीचे पूजा करने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार जिस तरह सावित्री अपने समर्पण से अपने पति सत्यवान को यमराज से वापस लाई थीं, उसी तरह इस शुभ व्रत को रखने वाली विवाहित महिलाओं को एक सुखी वैवाहिक जीवन का आशीर्वाद प्राप्त होता है।

## एकल विद्यालय से बच्चे बन रहे संस्कारवान : पांडेय



जयनगर (आजाद सिपाही)। प्रखंड में एकल विद्यालय का मासिक अभ्यास वर्ग संपन्न हुई। अभियान प्रमुख रामनिवास पांडेय ने जानकारी दिया की इस बैठक में 25 गांव के आचार्यों ने भाग लिया। इस बैठक में पिछले मास की कार्य समीक्षा किया गया, बच्चों की वार्षिक परीक्षा, विद्यालय 3 घंटे का पाठ्यक्रम के अनुसार चलाना। आगामी योजना 20 मई से 20 जून तक योग प्रशिक्षण अभ्यास सभी लोग जुड़कर योग में भाग लें एवं 21 जून को अपने विद्यालय केंद्र पर योग का कार्यक्रम करना, 5 जून को विद्यालय ग्राम में विश्व पर्यावरण दिवस और गंगा दशहरा का कार्यक्रम का आयोजन करना, ग्राम समिति की साथ सामूहिक कार्यक्रम करना, मौके पर आचार्या सबिता कुमारी, पार्वती कुमारी, पुष्पा कुमारी, संगीता देवी, रेखा देवी, रिंकू कुमारी लीलावती देवी, बबीता कुमारी, सुलेखा कुमारी, काजल कुमारी उपस्थित थीं।

# नशे की गिरफ्त में हजारीबाग, जिला प्रशासन परेशान

**माता-पिता को बच्चों के साथ दोस्ताना संबंध रखकर व्यवहार करना चाहिए : सांसद**



आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग शिक्षा का हब माना गया है। कई ऐसे बच्चे हैं जिन्होंने बेहतर किया और आज देश दुनिया में उनका नाम है। कई ऐसे बच्चे भी हैं जो लाखों रुपये के पैकेज में नौकरी कर रहे हैं। अचानक से हजारीबाग को क्या हुआ कि यहां नशा कुछ इस कदर समाज में प्रवेश कर गया कि युवा अब पद भ्रष्ट हो रहे हैं। यह समाज के लिए भी चिंता का विषय बनता जा रहा है। हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल भी कहते हैं कि हर एक माता-पिता के लिए चिंता का विषय है कि उनका बच्चा क्या कर रहा है। क्या वह नशा में है तो क्यों है। इसे लेकर सभी को मंथन करने की जरूरत है। माता-पिता को बच्चों के साथ दोस्ताना संबंध रखकर व्यवहार करना चाहिए। वहीं माता-पिता को जागरूक रहने की भी जरूरत है। यहां के सदर विधायक प्रदीप प्रसाद भी नशा को लेकर चिंतित है, उनका कहना है कि आखिर ब्राउन शुगर जैसे नशीले पदार्थ गुमटी और छोटे-छोटे नशे के अवैध कारोबारी बच्चों तक पहुंचा रहे हैं यह पहुंच कैसे रहा है। यह भी जांच और चिंता का विषय है। इन्होंने इसके लिए एक ओर माता-पिता को दोषी बताया है तो दूसरी ओर जिला प्रशासन पर भी सवालिया निशान खड़ा किया है। एक पुड़िया भी अगर ब्राउन शुगर जिला में आता है तो इसके लिए प्रशासन ही जिम्मेवार है।

जिला पुलिस प्रशासन के गंभीर प्रयास के बावजूद भी नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत 25 से अधिक वार्ड हैं जहां युवा नशे के आदी हो गये हैं। यही नहीं चौक-चौराहे, गली मोहल्ले में खुलेआम नशा करने से आम लोग परेशान हैं। सूचना पर प्रतिदिन नशा कारोबारियों पर पुलिस कार्रवाई भी कर रही है। नशा करने एवं नशे के कारोबार में लिप्त पकड़े जा रहे युवा और अन्य को जेल भेजा जा रहा है। इससे उनके परिवार को परेशानी एवं बदनामी हो रही है, बावजूद इसके नशा का कारोबार थम नहीं रहा है। इस नशे के गिरफ्त में प्रतिदिन नाबालिक एवं अन्य युवाओं की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। कहा जा रहा है कि नशा कारोबार में कई सरकारी, गैर सरकारी स्कूलों के सीनियर कक्षा के विद्यार्थी भी शामिल हैं। हजारीबाग एसपी अरविंद कुमार सिंह भी कहते हैं कि नशा के अवैध कारोबारी के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इसके लिए समाज को भी जागरूक होना पड़ेगा।

नशा के कारण युवाओं में मानसिक विकास भी नहीं हो रहा है। कई युवक है जिन्होंने नशा के कारण अपना जीवन ही समाप्त कर लिया। बड़ी संख्या में नशा मुक्ति केंद्र में भी युवक रखे जा रहे हैं। जरूरत है युवाओं को भी यह समझने की नशा उन्हें बर्बाद कर देगा। आजाद सिपाही हर एक व्यक्ति से अपील करता है कि नशे के खिलाफ गोल बंद हो और प्रशासन को सूचना भी दें।

हजारीबाग जैसे छोटे शहर में दो नशा मुक्ति केंद्र संचालित हो रहा है। दोनों केंद्र में देखा जा रहा है कि युवाओं की संख्या पहले के तुलना में बढ़ी है। जगत जो हजारीबाग रिबन फाउंडेशन के नाम से नशा मुक्ति केंद्र चला रहे हैं। उनका भी कहना है कि पहले केंद्र में युवाओं की संख्या बेहद कम थी। पिछले 3 सालों से युवाओं की संख्या बढ़ी है। ब्राइट होम फाउंडेशन के संचालक रजनीश बताते हैं कि 40 युवा केंद्र में इस वक्त है। पिछले दो साल का रिकार्ड देखा जाए तो युवाओं की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। सबसे अधिक 13 साल से लेकर 21 साल तक के बच्चे केंद्र में पहुंच रहे हैं। पहले का ट्रेंड ऐसा नहीं था।

# ज्योति कलश पहुंचा इचाक, दर्जनों गांवों का किया भ्रमण



आजाद सिपाही संवाददाता

**इचाक।** 100 वर्ष पूरे होने पर ज्योति का दिव्य अंश ज्योति कलश के रूप में ज्योति रथ इचाक पहुंचा। पहुंचने के उपरांत प्रखंड के चपरख, हदारी, धरमू, चंदवारा, करियातपुर, मांगुरा, जमुआरी उरुका, लोहड़ी, दरिया, डोय, पोखरिया तथा आरा में दीप यज्ञ के साथ संपन्न हुआ। रविवार को हवन और यज्ञ के साथ फुकंदी से भ्रमण प्रारंभ हुआ जो कालाद्वारा, अंबाटांड़, ठेपाई, बरका खुर्द, रतनपुर, मनाई, बरकाकाला, खुटरा, इचाक में संपन्न हुआ। जिसमें सैकड़ों धर्म प्रेमी भाई-बहनों ने देव स्थापना कर गायत्री तथा यज्ञ से जुड़े। प्रखंड समन्वयक प्रोफेसर राजेंद्र यादव ने बताया कि अखिल विश्व गायत्री परिवार का मुख्य उद्देश्य मनुष्य में देवत्व का उदय और धरती पर स्वर्ग का अवतरण करना है। यह संस्था विचार क्रांति अभियान, प्रज्ञा अभियान आदि चलाकर जनमानस में वैचारिक परिवर्तन लाकर समाज का उत्थान करना है। उन्होंने दो दिवसीय प्रखंड भ्रमण में भाग लेने वाले सभी भाई बहनों का आभार व्यक्त किया। शांतिकुंज हरिद्वार प्रतिनिधि लखनलाल प्रजापति ने कहा कि सनातन संस्कृति साधना और सेवा का प्रकाश फैला कर मानव हृदय को संवेदनशील केवल गायत्री साधना से ही बनाया जा सकता है। वहीं समाजसेवी बटेश्वर प्रसाद मेहता ने गायत्री परिवार को सतयुगी वातावरण तैयार करने की अथक प्रयास के लिए धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में लखनलाल प्रजापति, अशोक महाराज, ब्रजकिशोर सिन्हा, राखी विश्वकर्मा, प्रदीप कुमार मेहता, गुड़िया देवी, मंजू देवी, डेगलाल मेहता, बद्री पासवान, सुरेश मेहता, हरिहर मेहता, जय नंदन मेहता, डाड़ी घाघर पंचायत के मुखिया नंदकिशोर कुमार, बरका खुर्द पंचायत मुखिया प्रतिनिधि श्रीकांत मेहता, पंचायत समिति सदस्य प्रदीप कुमार, बोंगा पंचायत के मुखिया उमेश मेहता, पूर्व मुखिया भागवत मेहता आदि की भूमिका रही।

# मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने रजरप्पा मंदिर में 11 बकरे की बलि चढ़ायी



## झारखंड के सुख समृद्धि और खुशहाली हेतु मां भगवती से किया कामना : मंत्री योगेंद्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**रजरप्पा।** उत्तर भारत का सुप्रसिद्ध सिद्ध पीठ स्थल रजरप्पा मंदिर में रविवार को झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता तथा उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के मंत्री योगेंद्र प्रसाद और धर्मपत्नी बबीता देवी पूर्व विधायक ने सपरिवार रजरप्पा ने मां छिन्नमस्तिका देवी की विधि विधान के द्वारा वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ पूजा अर्चना किया गया,रक्षा सूत्र बंधवाएं। मंत्री ने मनोकामना के लिए 11 बकरे की बलि चढ़ाई, इस दौरान मंत्री ने बताया कि झारखंड राज्य का बेहतर विकास क्षेत्र में खुशहाली और सुख समृद्धि शांति बना रहे जिसकी मां भगवती से कामनाएं की गयी। इस मौके पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर रजरप्पा थाना प्रभारी कृष्ण कुमार सदल बल मंदिर परिसर में मौजूद थे।

# छोटकीडुंडी में धूमधाम से मंडा पूजा संपन्न



**कुजू (आजाद सिपाही)।** छोटकीडुंडी पंचायत अंतर्गत ग्राम लोहसिंघना में शनिवार की रात भगवान शिवभक्ति का महापर्व मंडा पूजा धूमधाम से मनाया गया। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य रूप से मांडू विधायक निर्मल महतो, पंचायत मुखिया रामसेवक महतो, पंसस रीना कुमारी शामिल रहे। छऊ नृत्य का विधिवत शुभारंभ विधायक ने फीता काटकर और ढोल नगाड़ा बजाकर की। पूजा के मौके पर श्रद्धालुओं ने निर्जला और उपवास रखकर लोटन सेवा करते हुए भगवान शिव और माता पार्वती की विधि विधान तथा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजार्चना की गयी। वहीं, अहले सुबह 71 भोक्ताओं ने दहकते अंगारों पर नंगे पांव चलकर शिव भक्ति की अद्भुत परिचय दिया। साथ ही, बनस झुला। इससे पूर्व, धवैया और सरलाकला से आये कलाकारों ने रंग बिरंगी मुखौटा पहनकर एक से बढ़कर धर्म आधारित आकर्षक छऊ नृत्य प्रस्तुत कर लोगों का खुब मनोरंजन कराया। इस अवसर पर पंचायत के उपमुखिया गोपाल महतो, रूपा महतो, लीलावती महतो, रवि महतो, पूजा समिति के अध्यक्ष झमनलाल महतो, सचिव तारकेश्वर महतो, कोषाध्यक्ष शंकर करमाली, उपाध्यक्ष दुलार प्रसाद, संरक्षक मनोज, रोहित, विकास, सुमेश, बसंत, प्रदीप, कपिल, रमेश, बालेश्वर, शोभा महतो, तिलक कुमार, सुखदेव महतो समेत कई धर्म प्रेमी शामिल रहे।

# सीसीएल कर्मी का पुत्र लापता, बरकाकाना ओपी से लगायी खोजबीन की गुहार



**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय कर्मशाला बरकाकाना में कार्यरत सीसीएल कर्मी सुग्रीव तिवारी ने अपने पुत्र करण कुमार उम्र पच्चीस वर्ष की गुमशुदगी की शिकायत बरकाकाना ओपी से की है। सीसीएल कर्मी सुग्रीव तिवारी ने बताया कि प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ के समय पिछले बीस फरवरी से ही मेरा पुत्र लापता है। मैंने अपने स्तर से प्रयागराज सहित सभी परिजनों व अन्य जगहों पर खोजबीन किया,परन्तु उसकी जानकारी कही भी नहीं मिल पा रही है। उन्होंने बताया कि उनके पुत्र का कद पांच फीट पांच इंच है एवं रंग सावला है। उसके दाएं हाथ पर गोदना से केआर लिखा हुआ है। श्री तिवारी एवं उनके परिजनों ने पुत्र के खोजबीन के लिए बरकाकाना ओपी प्रभारी उमा शंकर वर्मा से मदद की गुहार लगायी है। बताते चलें कि पुत्र के लापता होने से माता-पिता एवं परिजनों के चेहरे पर निराशा की झलक हैं। परिजनों ने झारखंड के अलावा अन्य राज्यों में भी बच्चे को ढूंढा लेकिन उसका कही भी पता नहीं चल पाया है।

# रेलवे भुरकुंडा और पतरातू फीडर में आंशिक रूप से कटी रहेगी बिजली

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** रेलवे भुरकुंडा और पतरातू फीडर 26 मई को प्रातः 8 बजे से शाम 5 बजे तक बिजली आंशिक रूप से कटी रहेगी। इस दौरान 33 केवी और 11 केवी फीडर में कार्य किए जायेंगे। यह जानकारी बिजली विभाग के विद्युत अभियंता रोहिताश कुमार ने दी।

# कुजू में दो बसें टकरायीं दर्जनों यात्री हुए घायल

आजाद सिपाही संवाददाता



**कुजू।** ओपी क्षेत्र के लकड़ीगेट फोरलेन सड़क पर रविवार की सुबह दो यात्री बस की टक्कर में आधे दर्जन सवारी को हल्की चोटें आयी है। बाद में चोटिल सवारी को मांडू और कुजू पुलिस के मदद से इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया। बताया जाता है कि मां शेरावाली नामक यात्री बस रांची से हजारीबाग की ओर जा रहा था। इसी बीच लकड़ीगेट फोरलेन के पास एक अन्य यात्री बस यात्रियों को बैठाने के लिए जैसे ही रुका, वैसे ही मां शेरावाली नामक बस से टक्कर हो गयी। जिसमें आधे दर्जन सवारी को हल्की चोटें आयी है। इधर, बस में अन्य सवार यात्री दूसरे बस पर सवार होकर गंतव्य के रवाना हो गये। इधर, कुजू पुलिस घटनास्थल पहुंचकर दुर्घटनाग्रस्त बस को डिवाइडर से हटाकर ओपी ले आयी है।

# एजेकेएसएस सौंदा डी शाखा कमेटी का पुनर्गठन




आजाद सिपाही संवाददाता

**भुरकुंडा।** अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ की बैठक रविवार को सौंदा डी में आयोजित की गयी। इसकी अध्यक्षता राधिका सिंह और संचालन गुरूदयाल ठाकुर ने किया। बैठक में मुखय रूप से युनियन के बरका-सयाल क्षेत्रीय सचिव संजय मिश्रा उपस्थित थे। बैठक मे सर्वसम्मति से सौंदा डी शाखा कमेटी का पुनर्गठन किया गया। जिसमे अध्यक्ष गुरूदयाल ठाकुर, उपाध्यक्ष रंजीत मिश्रा, कृष्णा, सचिव राधिका सिंह, सह सचिव सरलु महतो और इज्जाद अली, कोषाध्यक्ष पतिलाल चुने गये। वहीं कार्यकारिणी सदस्यों में रविंद्र कुमार, नरेश साव, विनोद करमाली, कौलेश्वर मुंडा, तापेश्वर महतो शामिल हैं। बैठक को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय सचिव संजय मिश्रा ने कहा कि एजेकेएसएस कोल कर्मचारियों की आवाज है। कोयला कर्मियों को उनका हक-अधिकार दिलाने का काम करती है। जिसके कारण मजदूरो का विश्वास युनियन के प्रति काफी बढ गया है। मौके पर क्षेत्रीय उपाध्यक्ष धर्मेंद्र मिश्रा, उमेश रविदास सहित कई लोग मौजूद थें।

# जोरी थाना परिसर में मध्यस्थता जागरूकता शिविर का आयोजन




आजाद सिपाही संवाददाता

**हंटरगंज/ चतरा।** जिला विधिक प्राधिकार के निदेर्शानुसार रविवार को वशिष्ठनगर थाना परिसर में निः शुल्क मध्यस्थता शिविर का आयोजन किया गया। ।इस दौरान थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव करमा, कसियाडीह, जोरी, आदि गांवो से आए लोगों के जमीनी विवाद, गाली- गलौज, घरेलू विवाद, समेत अन्य विवादों का मध्यस्थता कर निष्पादन किया गया ।साथ ही कानून की जानकारी दी गयी एवं टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 15100 के बारे में बताया गया। इस दौरान पीएलवी संदीप कुमार और सब इंस्पेक्टर छोटन राम द्वारा बताया गया कि विवाद के निपटारे के लिए समय और अर्थ बचत के लिए मध्यस्थता शिविर का लाभ लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि मध्यस्थता के माध्यम से विवादों के निपटारे में दोनों पक्ष की जीत है। भेदभाव से रहित शिविर का त्वरित न्याय का नारा है और सबको सुलभ न्याय मिल जाये यही उद्देश्य है। इस शिविर से लोगों को कम खर्च में सुलभ न्याय मिल जाता है। इससे उनके जेब पर आर्थिक बोझ कम पड़ता है और न्याय भी काफी आसान तरीके से मिल जाता है। मौके पर विभिन्न गांवों से दर्जनों लोग मौजूद थे।

# लावारिस मृत गाय का हिंदू रक्षा दल ने करवाया अंतिम संस्कार



आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** रविवार को पैंकी क्षेत्र के फोरलेन पर एक गौवंश किसी अज्ञात वाहन के चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। इस बात को जानकारी हिंदू रक्षा दल के दीपक मिश्रा को किसी ने फोन पर दी। सूचना मिलते हीं दीपक मिश्रा एवं भाजपा नेता सत्यजीत चौधरी घटना स्थल पर पहुंच कर स्थित की गंभीरता को समझते हुए जेसीबी बुलवाकर घायल पशु के उपचार हेतु रामगढ़ स्थित पशु चिकित्सालय लेकर आये जहां पशु चिकित्सक ने जांच कर गौवंश को मृत पाया। तत्पश्चात दीपक मिश्रा सहित गौतम सिंह, प्रेम सिंह, संजय शर्मा सुमित चौधरी, नीरज गोयल इत्यादि रामभक्तों ने मृत गौवंश को पूरी श्रद्धा के साथ हिंदू रिति रिवाज के साथ दामोदर तट के मुक्ति धाम के पास दफना दिया।

इस अवसर पर दीपक मिश्रा ने कहा कि ये बहुत ही अफसोसनाक है कि गौपालक अपने गौवंश को रास्तों पर खुला छोड़ देते है जिससे कई बार कभी दुर्घटना में पशु अथवा मनुष्य जीवन भी असुरक्षित हो जाता है जो दुखदायक है। वहीं सत्यजीत चौधरी ने मीडिया के माध्यम से रामगढ़ वासियों से अपील करते हुए कहा की अगर कभी पशुधन के साथ ऐसी दुर्घटना कही भी हुई है तो टोल फ्री नंबर 1962 पर फोन कर जानकारी दें, जिससे की मोबाइल वैन से पशु चिकित्सक घटना स्थल पर पहुंच कर घायल पशु का उचित उपचार कर सके।

# चलंत चिकित्सा वाहन ने लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर



आजाद सिपाही संवाददाता

**कुंदा/ चतरा।** प्रखंड के नवादा पंचायत के बनियाडीह गांव में रविवार को चलंत चिकित्सा वाहन द्वारा स्वास्थ्य शिविर लगाया गया।,जिसमें कई ग्रामीणों ने अपना स्वास्थ्य जांच कराकर आवश्यक दवा लिया। हर पंचायत के गांवो में शिविर लगाकर स्वास्थ्य जांच कर दवाई मिलने से गांव वाले ने खुशी जाहिर किया,साथ ही कई लाचार और बीमार मरीजों को काफी सहूलियत मिल रहा है , उनके घर पर ही इलाज की सुविधा निशुल्क दिया जा रहा है। इलाज के लिए लोगों को कही और दूर नहीं जाना पड़ रहा है,। इसके लिए ग्रामीणों ने सांसद महोदय को इस कार्य के लिए काफी सराहा, मौके पर घनश्याम यादव,मनोज यादव, उपेंद्र गंझू, बिरेंदर गंझू समेत कई लोग और महिलाएं भी शामिल थे।

# इंदुमति टिबड़ेवाल विद्यालय में संकुल स्तरीय शिशु वाटिका के शिक्षकों के कार्यशाला का शुभारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता




**चतरा।** स्थानीय इंदुमति टिबड़ेवाल सरस्वती विद्या मंदिर उच्च विद्यालय में संकुल स्तरीय शिशु वाटिका के शिक्षकों का पांच दिवसीय कार्यशाला प्रारंभ हुआ। कार्यशाला का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सीएम स्कूल ऑफ एक्सिलेंस गर्ल्स की प्राचार्या नीतू प्रजापति, विशिष्ट अतिथि के रूप में विद्यालय प्रबंधन समिति के माननीय अध्यक्ष संतन पांडेय, विद्यालय प्राचार्य रमेश कुमार सिंह,संकुल वाटिका प्रमुख संगीता कुमारी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में जोरी विद्या मंदिर के प्राचार्य प्रमोद कुमार पाठक, इटखोरी के प्राचार्य अरुण कुमार, पत्थलगड्डा के प्राचार्य अक्षयवट दयाल शर्मा,गिद्धौर के प्रभारी प्राचार्य अभिमन्यु कुमार,वाटिका पर्यवेक्षक अंजनी सिन्हा समेत संकुल के 54 शिक्षक शिक्षिकाओं ने भाग लिया। कार्यशाला 25 मई से 29 मई तक चलेगा। कार्यशाला में उपस्थित अतिथियों का परिचय कराते हुए विद्यालय के प्राचार्य रमेश कुमार सिंह ने इस प्रशिक्षण में शिशु वाटिका के छात्र छात्राओं के शैक्षिक कार्य हेतु साधन-सामग्री , बस्ता विहीन शिक्षा, सुवर्णप्राशन, खेल खेल में शिक्षा और क्रिया आधारित गतिविधियों के माध्यम से शिक्षा, एवं वाटिका के शिक्षक शिक्षिकाओ ने विकास वर्ग कार्यशाला में विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने आगे बताया कि जिस प्रकार किसी बिल्डिंग का नींव उसके सबसे नीचे की ईट पर टिकी होती है वैसे ही पूरे विद्यालय की शैक्षिक व्यवस्था की नींव वाटिका खंड पर टिकी होती है। कार्यक्रम की प्रस्तावना की औपचारिकता पूरा करते हुए संकुल की वाटिका प्रमुख संगीता कुमारी ने वाटिका के 12 शैक्षणिक व्यवस्था,14 क्रियाकलाप और वाटिका के 5 आयाम से सबों को रूबरू कराया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्राचार्या नीतू प्रजापति ने बताया कि हमें विद्यालय में एक ऐसा माहौल क्रिएट करना चाहिए जिसमें बच्चे खेल खेल में ही क्रियाकलाप के माध्यम से पढ़ाई कर सके,उनके मन में न डर रहे और ना ही वह पढ़ाई से कतरायें ,उनके अंदर झिझक न पनपे अपितु ऐसा खुशनुमा माहौल बनाना चाहिए।

# बिजली कनेक्शन नहीं रहने से जलापूर्ति ठप

आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** बड़कागांव पूर्वी पंचायत के ग्राम गुरु चट्टी में पानी की घोर किल्लत है। यहां पीएचडी विभाग का पानी टंकी एवं दो चापाकल खराब है।गुरु चट्टी तालाब के पास बने पानी टंकी शोभा का वस्तु बन कर रह गया है। जबकि तालाब के पास एक चापाकल एवं भोला गुप्ता के घर के पास चापाकल कई महीनो से खराब है। मोहल्ले में 100 घर से अधिक चूल्हे जलते हैं. कांग्रेस के जिला महासचिव पंकज गुप्ता ने बताया कि पानी की समस्या को दूर करने के लिए तत्कालीन मंत्री योगेंद्र साव के पहल पर पीएचडीई विभाग द्वारा 2013 के अगस्त माह में जल नल योजना के तहत पानी टंकी स्थापित की गयी थी। यह योजना 399000 का था। 100 घरों को कनेक्शन देना था।लेकिन 50 घरों में कनेक्शन दिया गया।पानी का कनेक्शन गुरु चट्टी की इमली के पेड़ से लेकर सुरेंद्र गुप्ता के घर तक एवं प्रभु दयाल महतो के घर तक जल नल कनेक्शन दिया गया था। पानी टंकी में मोटर खराब है। बिजली कनेक्शन नहीं रहने के कारण पानी आपूर्ति होना बंद हो गया। उन्हें बताया कि बड़कागांव चौक के देवी मंडप के पास भी जल मीनार कई महीनो से खराब है।

# श्री श्री 1008 श्री शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा रुद्र महायज्ञ हवन और महाभंडारे के साथ संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता




**टंडवा।** गाड़ीलौंग शिव मंदिर प्रागण में आयोजित श्री श्री 1008 श्री शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा रुद्र महायज्ञ अंतिम दिन हवन और महाभंडारे, भक्ति जागरण के साथ शनिवार कार्यक्रम का समापन हो गया। महायज्ञ के अंतिम दिन यज्ञशाला का परिक्रमा करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। यज्ञ को लेकर ध्वनि यंत्र पर महंत श्री श्री 108 श्री रामनारायण दास त्यागी एवं सहयोगी पुरोहितों द्वारा पढ़े जा रहे वैदिक मंत्रोच्चार से पूरा गांव भक्तिमय हो गया। महंत श्री श्री 108 श्री रामनारायण दास त्यागी के द्वारा निर्धारित समय पर शिव मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा करायी गयी। महंत ने कहा कि सनातन परंपरा में हवन अथवा यज्ञ एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। किसी भी मांगलिक कार्य में शुद्धिकरण और भगवान के आह्वान के लिए हवन या यज्ञ आयोजित किया जाता है। इनके बिना अधिकांश मांगलिक कार्य पूर्ण नहीं होते हैं। किसी भी मांगलिक कार्य में शुद्धिकरण और भगवान के आह्वान के लिए हवन या यज्ञ आयोजित किया जाता है। हवन इत्यादि में प्रज्ज्वलित की जाने वाली अग्नि मनुष्य के जीवन में विशेष महत्त्व निभाते हैं और इसलिए इन्हें देवता के रूप में भी पूजा जाता है। यज्ञ के लिए सर्वप्रथम भूमि पूजन करके मंडप का निर्माण किया जाता है। फिर सभी दिशाओं में निर्धारित देवताओं का आवाहन पूजन किया जाता है। फिर अग्निदेव की स्थापना करके वस्तु प्रदान की जाती है उसे हवन कहते हैं। हवन के माध्यम से ही मानव देवताओं को प्रसन्न करते हैं और मनोवांछित फल प्राप्त करते हैं। मालूम हो कि 16 मई को महायज्ञ का शुभारंभ के साथ 24 मई दिन शनिवार को प्राण प्रतिष्ठा, ब्राह्मण भोजन, भंडारे एवं रात्री में भक्ति जागरण आयोजन किया गया। इस जागरण में एक से बढ़कर एक भक्ति गीत संगीत के साथ-साथ कई प्रकार का झांकियां निकाली गयी थी।

# वज्रपात से दो जानवरों की मौत

**चतरा (आजाद सिपाही)।** चतरा शहर के किशनपुर मुहल्ला वार्ड नंबर 21 में रविवार लगभग 3:30 बजे अचानक वज्रपात होने से खेत में चर रहे तो जानवरों की मौत हो गयी। जिसमें एक दुधारू भैंस तथा एक उसका पाड़ा शामिल है। यह दोनों जानवर की किशुनपुर मुहल्ला निवासी बुधन यादव का है। इस घटना से बुधन यादव तथा उसके परिवार के लोग काफी मर्माहत हैं। इसी भैंस का दूध बेचकर वे अपना जीविकापार्जन करते थे। इस आपदा से उनका एकमात्र आय का स्त्रोत भी समाप्त हो गया। पीड़ित परिवार ने जिला प्रशासन से इस आपदा की घड़ी में क्षतिपूर्ति के लिए मदद की गुहार लगा रहे हैं।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

# छोटी-मोटी समस्या पंचायत के मुखिया निष्पादित करने का प्रयास करें : थाना प्रभारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**हंटरगंज/चतरा।** हंटरगंज थाना परिसर में थाना प्रभारी प्रभात कुमार की अध्यक्षता में रविवार को बैठक हुई। थाना क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधि व आम नागरिक उपस्थित थे। बैठक में थाना प्रभारी क्षेत्र की समस्याओं से अवगत हुए। वहीं बैठक में थाना प्रभारी ने सभी लोगों से आग्रह करते हुए कहा कि किसी भी समस्या को लेकर आए सामाधान के लिए यथा शीघ्र प्रयास किया जाएगा। छोटी मोटी समस्या पंचायत के मुखिया और पंचायत समिति भी निष्पादन करने का प्रयास करे। कई ऐसे समस्या लोग लेकर थाना आते है जो गांव घर मे भी बैठकर हल किया जा सकता है। छोटी समस्या को लेकर समय बर्बाद हो जाता है और बड़ी अपराधिक मामले नही सुलझ पाता है। जनप्रतिनिधियों ने अबुआ आवास सहित मनरेगा योजना और घरेलू कार्य के लिए निलांजन नदी से बालू उठाव को लेकर ट्रैक्टरों को रियायत देने की मांग किया। कौलेश्वरी मंदिर में श्रद्धालुओं की समस्या पर पुलिस और जन प्रतिनिधियों की सहभागिता की जरुरत बताया। बैठक में लेंजवा पंचायत के मुखिया योगेंद्र यादव ने कहा कि थाना क्षेत्र बिहार प्रदेश के सीमा से सटा हुआ है। इसके कारण अवैध शराब का धंधा काफी फल-फूल रहा है । पुलिस को इस पर पूर्ण रूप से ध्यान देने की आवश्यकता है। इसके अलावा अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी थाना प्रभारी के सामने अपना अपना प्रस्ताव रखा।

# सुरक्षा प्रयास तेज करने की जरूरत

कुछ समय से भारत में अराजक तथा देश विरोधी तत्वों द्वारा रेल पटरियों पर लोहे के गेट, पत्थर, सरिए, एंगल और खम्भे आदि रख कर रेलगाड़ियों को पलटाने की लगातार साजिशों के समाचार आ रहे हैं जिनके इसी वर्ष के चंद ताजा उदाहरण इस प्रकार से दर्ज हैं : 14 फरवरी को जमुई में झाझा-जसीडीह रेल डिवीजन पर असामाजिक तत्वों ने दादपुर तथा झाझा रेलवे स्टेशनों के बीच रानीकुरा गांव के निकट कटर मशीन से रेल पटरी काटने की कोशिश की। असामाजिक तत्व जब पटरी को पूरा काटने में सफल नहीं हो पाये तो उन्होंने पटरी को आधा काट कर छोड़ दिया और उसके ऊपर से कई ट्रेनें रात भर गुजरती रहीं। स्थानीय लोगों ने इस बारे अधिकारियों को सूचित किया। 24 फरवरी को कोल्लम (केरल) और शेनकोटा के बीच रेल पटरी पर टेलीफोन का खंभा रख कर वहां से गुजरने वाली पलारुवी एक्सप्रेस को पटरी से उतारने की कोशिश करने के आरोप में 2 लोगों को पकड़ा गया। 2 मार्च को हरदोई के कौढ़ा रेलवे स्टेशन के निकट अज्ञात लोगों ने रेल की पटरी पर लोहे के बोल्ट और बड़े पत्थर रख कर वहां से गुजरने वाली दून एक्सप्रेस को पलटाने का प्रयास किया। इस मामले में 2 लोगों को गिरफ्तार किया गया। 15 अप्रैल को लखनऊ के रहीमाबाद स्टेशन के निकट किसी शरारती तत्व ने रेल की पटरी पर अढ़ाई फुट लंबा और 6 इंच मोटा लकड़ी का कुंदा रख कर गरीब रथ स्पेशल ट्रेन को पलटाने की कोशिश की। 12 मई को तेलंगाना और पुथुवेल सहित अनेक स्थानों पर रेल पटरियों पर पत्थर रखने की सूचना मिलने पर रेलवे सुरक्षा बल ने जांच के बाद हरिद्वार के एक साधू को गिरफ्तार किया। यह साधू अरक्कोणम के निकट ट्रेन को पटरी से उतारने की साजिश रच रहा था। 20 मई को हरदोई में दलेल नगर तथा उमरताली स्टेशनों के बीच अज्ञात बदमाशों ने रेल की पटरी पर लकड़ी का गुटका बांध कर ट्रेन को बेपटरी करने की साजिश रची। सौभाग्यवश वहां से गुजरने वाली दिल्ली से डिब्रूगढ़ जा रही राजधानी एक्सप्रेस के चालक की नजर पटरी पर पड़ गयी और उसने तुरंत एमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन को दुर्घटनाग्रस्त होने से बचाया। और अब 23 मई को पंजाब से चल कर बठिंडा पहुंची पंजाब मेल के चालक की नजर दूर से ही रेल पटरी पर रखी लोहे की छड़ पर पड़ गयी। उसने तुरंत ट्रेन रोकी और पुलिस को सूचित किया। सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपी की पहचान कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। जिस प्रकार देश के विभिन्न भागों में एक के बाद एक ऐसी घटनाएं सामने आ रही हैं, उन्हें देखते हुए किसी बड़ी साजिश की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता। अतः रेल लाइनों के आसपास चौकसी बढ़ाने की तुरंत आवश्यकता है।


**जिस प्रकार देश के विभिन्न भागों में एक के बाद एक ऐसी घटनाएं सामने आ रही हैं, उन्हें देखते हुए किसी बड़ी साजिश की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता। अतः रेल लाइनों के आसपास चौकसी बढ़ाने की तुरंत आवश्यकता है।**


**अभिमत**
**आजाद सिपाही**

पहले के समय में बच्चे गलियों में खेलते थे, पेड़ों पर चढ़ते थे, और दोस्तों के साथ मिलकर खूब मस्ती करते थे। वे कहानियों की किताबें पढ़ते थे, दादा-दादी से रोचक बातें सुनते थे, और अपने हाथों से खिलौने बनाते थे। उनकी दुनिया असली थी, जिसमें धूप थी, मिट्टी थी, और ढेर सारी हंसी थी। लेकिन आजकल, बहुत से बच्चों का ज्यादातर समय मोबाइल या कंप्यूटर स्क्रीन के सामने बीतता है। वे घंटों तक वीडियो गेम खेलते हैं या सोशल मीडिया पर दोस्तों से चैट करते हैं।

# डिजिटल दुनिया में खोता जा रहा बचपन



**वेद आलोक**



आजकल, हमारे आसपास हर तरफ मोबाइल, कंप्यूटर और इंटरनेट छाया हुआ है। ये सब चीजें डिजिटल दुनिया का हिस्सा हैं। यह दुनिया बहुत मजेदार और ज्ञान से भरी है। हम इसमें गेम खेल सकते हैं, कार्टून देख सकते हैं, और दुनिया भर की जानकारी पल भर में पा सकते हैं। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि इस डिजिटल दुनिया में हमारा बचपन कहीं खोता जा रहा है? पहले के समय में बच्चे गलियों में खेलते थे, पेड़ों पर चढ़ते थे, और दोस्तों के साथ मिलकर खूब मस्ती करते थे। वे कहानियों की किताबें पढ़ते थे, दादा-दादी से रोचक बातें सुनते थे, और अपने हाथों से खिलौने बनाते थे। उनकी दुनिया असली थी, जिसमें धूप थी, मिट्टी थी, और ढेर सारी हंसी थी। लेकिन आजकल, बहुत से बच्चों का ज्यादातर समय मोबाइल या कंप्यूटर स्क्रीन के सामने बीतता है। वे घंटों तक वीडियो गेम खेलते हैं या सोशल मीडिया पर दोस्तों से चैट करते हैं। बाहर खेलने और प्रकृति को महसूस करने का समय उन्हें कम ही मिल पाता है।

**डिजिटल दुनिया के फायदे भी हैं :** यह सच है कि डिजिटल दुनिया के कई फायदे भी हैं। इससे हम नई चीजें सीख सकते हैं, अपनी रचनात्मकता को बढ़ा सकते हैं, और दूर बैठे लोगों से भी जुड़े रह सकते हैं। ऑनलाइन कक्षाएं हमें घर बैठे ही अच्छी शिक्षा दिलाती हैं, और एजुकेशनल एप्स पढ़ाई को मजेदार बना देते हैं।

**बच्चों को दूसरों के साथ सम्मान से व्यवहार करने और साइबर बुलिंग से बचने के बारे में सिखाना है।**

**लेकिन कुछ नुकसान भी हैं** लेकिन हर सिक्के के दो पहलू होते हैं। डिजिटल दुनिया के कुछ नुकसान भी हैं, खास कर बच्चों के लिए।

**आंखों पर जोर :** लगातार स्क्रीन देखने से हमारी आंखें थक जाती हैं और कमजोर भी हो सकती हैं।

**नींद की कमी:** रात को देर तक मोबाइल चलाने से नींद पूरी नहीं हो पाती, जिससे हम दिन भर थका हुआ महसूस करते हैं।

**मोटापा :** घर के अंदर बैठे रहने और खेलने-कूदने की कमी से मोटापा बढ़ सकता है, जो कई बीमारियों का कारण बनता है।

**अकेलापन :** भले ही हम ऑनलाइन कई लोगों से जुड़े रहें, लेकिन असली दोस्तों के साथ खेलने और बात करने की खुशी अलग होती है। डिजिटल दुनिया हमें कभी-कभी अकेला महसूस करा सकती है।

**सीखने में कमी :** हर चीज आसानी से मिल जाने के कारण, हम खुद से सोचने और मेहनत करने की आदत खो सकते हैं। किताबें पढ़ने और अपने हाथों से कुछ करने से जो सीखते हैं, वह डिजिटल जानकारी से अलग होता है।

**गलत जानकारी :** इंटरनेट पर हर तरह की जानकारी मौजूद होती है, जिसमें कुछ गलत भी हो सकती है। बच्चों के लिए यह पहचानना मुश्किल हो सकता है कि क्या सही है और क्या गलत।

**साइबर बुलिंग :** ऑनलाइन किसी को परेशान करना या बुरा कहना साइबर बुलिंग कहलाता है। यह बच्चों को बहुत दुख पहुंचा सकता है।

**हमें क्या करना चाहिए?** यह जरूरी है कि हम डिजिटल दुनिया का इस्तेमाल समझदारी से करें। हमें यह याद रखना चाहिए कि यह एक उपकरण है, और हर उपकरण का सही इस्तेमाल करना जरूरी होता है।

**समय तय करें :** हमें अपने माता-पिता से मिलकर तय करना चाहिए कि हम दिन में कितनी देर मोबाइल या कंप्यूटर इस्तेमाल करेंगे। पढ़ाई और खेलने के लिए समय निकालना बहुत जरूरी है।

**बाहर खेलें :** हमें हर दिन कुछ समय के लिए बाहर जरूर खेलना चाहिए। दौड़ना, कूदना, और दोस्तों के साथ मस्ती करना हमारे शरीर और मन दोनों के लिए अच्छा होता है।

**किताबें पढ़ें :** कहानियों और ज्ञान की किताबों को पढ़ना एक अद्भुत अनुभव होता है। यह हमारी कल्पना को बढ़ाता है और हमें नयी चीजें सिखाता है।

**परिवार के साथ समय बितायें :** हमें अपने परिवार के सदस्यों के साथ बातें करनी चाहिए, उनके साथ खेलना चाहिए, और उनसे सीखना चाहिए।

**प्रकृति से जुड़ें :** हमें पार्क में जाना चाहिए, पेड़-पौधों को देखना चाहिए, और प्रकृति की सुंदरता को महसूस करना चाहिए।

**सीखने पर ध्यान दें :** हमें अपनी पढ़ाई पर ध्यान देना चाहिए और शिक्षकों से सवाल पूछने में डरना नहीं चाहिए।

**सुरक्षित रहें :** हमें इंटरनेट पर अपनी निजी जानकारी किसी के साथ साझा नहीं करनी चाहिए और अगर कोई हमें परेशान करे तो तुरंत अपने माता-पिता या शिक्षक को बताना चाहिए।

**बैलेंस बनाना जरूरी है :** डिजिटल दुनिया बुरी नहीं है, लेकिन हमें इसके और असली दुनिया के बीच एक संतुलन बनाना होगा। हमें टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल सीखने और मनोरंजन के लिए करना चाहिए, लेकिन हमें अपने बचपन की उन खुशियों को भी नहीं भूलना चाहिए जो हमें खेलने, दौड़ने, और अपने दोस्तों के साथ समय बिताने से मिलती हैं। याद रखिए, असली दोस्त स्क्रीन पर नहीं, बल्कि आपके आसपास होते हैं। असली खुशी वीडियो गेम में नहीं, बल्कि प्रकृति की गोद में मिलती है। आइए, हम सब मिलकर एक ऐसा बचपन जिएं जो डिजिटल भी हो और असली भी!

**डिजिटल दुनिया का बच्चों के मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य पर प्रभाव:** इसमें हम स्क्रीन टाइम के कारण होने वाले तनाव, चिंता, और डिप्रेशन जैसे मुद्दों पर बात कर सकते हैं।

**बच्चों के सामाजिक कौशल का विकास और डिजिटल माध्यम :** कैसे आमने-सामने की बातचीत बच्चों को सहयोग, सहानुभूति, और टीम वर्क जैसे महत्वपूर्ण सामाजिक कौशल सीखने में मदद करती है, और डिजिटल माध्यम इसमें कैसे बाधा डाल सकता है।

**डिजिटल लत और इसके लक्षण :** बच्चों में डिजिटल उपकरणों की लत कैसे लग सकती है और इसके क्या लक्षण होते हैं, जैसे कि चिड़चिड़ापन, ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई, और सामाजिक गतिविधियों से दूरी बनाना।

**माता-पिता की भूमिका :** माता-पिता बच्चों को डिजिटल दुनिया के सुरक्षित और संतुलित उपयोग के बारे में कैसे शिक्षित कर सकते हैं, और उन्हें स्क्रीन टाइम को नियंत्रित करने में कैसे मदद कर सकते हैं।

**स्कूलों की भूमिका :** स्कूल बच्चों को डिजिटल साक्षरता और सुरक्षित ऑनलाइन व्यवहार के बारे में कैसे सिखा सकते हैं।

**डिजिटल डिटॉक्स के तरीके :** बच्चों को डिजिटल उपकरणों से ब्रेक लेने और वास्तविक दुनिया से जुड़ने के लिए कुछ मजेदार और रचनात्मक गतिविधियां।

**विभिन्न आयु समूहों के बच्चों के लिए डिजिटल उपयोग के दिशानिर्देश :** छोटे बच्चों और बड़े बच्चों के लिए स्क्रीन टाइम और ऑनलाइन गतिविधियों के लिए अलग-अलग सुझाव।

**डिजिटल दुनिया के रचनात्मक पहलू :** कैसे बच्चे डिजिटल उपकरणों का उपयोग करके पेंटिंग, संगीत, कोडिंग, और वीडियो बनाने जैसी रचनात्मक गतिविधियों में शामिल हो सकते हैं, और इसका सही संतुलन कैसे बनाए रखा जाये।

**डिजिटल दुनिया में नैतिकता और जिम्मेदारी:** बच्चों को ऑनलाइन दूसरों के साथ सम्मान से व्यवहार करने और साइबर बुलिंग से बचने के बारे में सिखाना।

**(लेखक : जीएलए यूनिवर्सिटी में प्रबंधन का काम देखते हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

### सेना के शौर्य को समर्पित क्रिकेट मैच में 'ऑपरेशन सिंदूर' और 'ब्रह्मोस मिसाइल' टीमें संयुक्त विजेता




**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** शहर में मार्निंग वॉकिंग ग्रुप द्वारा एक विशेष क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। जिसमें भारतीय सेना की वीरता और शौर्य को नमन करते हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' और 'ब्रह्मोस मिसाइल' नामक दो टीमों के बीच मुकाबला हुआ। इस आयोजन का उद्देश्य हाल ही में हुए पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में भारतीय सेना के साहसिक कार्रवाई को सम्मानित करना था। मैच की शुरूआत और समापन राष्ट्रगीत के साथ हुआ, जिससे माहौल देशभक्ति से ओत-प्रोत हो उठा। खेल में दोनों टीमों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और अंततः संयुक्त विजेता घोषित की गयी। समूह के सदस्यों में इस आयोजन को लेकर विशेष उत्साह देखा गया। सभी प्रतिभागियों ने वीर सपूतों को श्रद्धांजलि अर्पित की और यह संदेश दिया देशवासी हमेशा सेना के साथ खड़े हैं। आयोजन ने यह साबित कर दिया खेल केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि देशप्रेम और एकजुटता का संदेश देने का भी सशक्त माध्यम हो सकता है।

### फोटोग्राफर सोसायटी ऑफ झारखंड की सिनेमैटिक फिल्म मेकिंग पर कार्यशाला का आयोजन



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** फोटोग्राफर सोसायटी ऑफ झारखंड के तत्वावधान में एकदिवसीय सिनेमैटिक फिल्म मेकिंग वर्कशॉप का आयोजन किया गया। रविवार को आयोजित कार्यशाला में प्रशिक्षक के रूप में मुंबई फिल्म इंडस्ट्री के चर्चित डायरेक्टर ऑफ फोटोग्राफी सुखदीप सिंह उपस्थित हुए। मौके पर उन्होंने फोटोग्राफरों को आधुनिक फिल्म मेकिंग तकनीकों की बारीकी से समझाया। सुखदीप सिंह ने वर्कशॉप सिनेमैटिक वेडिंग शूटिंग में फ्रेमिंग, लाइटिंग, सब्जेक्ट की प्लेसमेंट और स्टोरी टेलिंग का महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कैसे एक वेडिंग शूट को सिनेमाई अंदाज में फिल्माया जा सकता है ताकि वह एक प्रभावशाली शॉर्ट फिल्म जैसी लगे। उन्होंने कैमरा सेटअप, मूवमेंट और रियल-टाइम डेमो के जरिए इन तकनीकों को समझाया। जिससे प्रतिभागियों को व्यावहारिक अनुभव भी प्राप्त हुई।यह कार्यशाला सभी प्रतिभागियों के लिए बेहद उपयोगी साबित हुई। फोटोग्राफर सोसायटी ऑफ झारखंड भविष्य में भी इस तरह की उन्नत तकनीकी कार्यशालाओं का आयोजन करती रहेगी।वर्कशॉप के सफल आयोजन में फोटोग्राफर सोसाइटी के सुमन शर्मा, तपन घोष, नितेश कुमार, शंकर गोराई, सूरज नमन, उदय लाल, डी सुब्रमण्यम आचारी, दिनेश महतो, प्रकाश रजक, सतीश कुमार, प्रतीक चौरसिया, प्रतीक समेत अन्य सदस्य सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# संविधान बचाओ रैली में कांग्रेस ने झारखंड में पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण की मांग की

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी के जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे के नेतृत में संविधान बचाओ रैली का भव्य आयोजन किया गया। रविवार को लौहनगरी जमशेदपुर के साकची में आयोजित रैली में मुख्य अतिथि कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी के. राजू, प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश,पूर्व मंत्री बंधु तिर्की,पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता, पूर्व राज्यसभा सांसद प्रदीप कुमार बलमुचू समेत अन्य वरिष्ठ नेतागण शामिल हुए। रैली में बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता व कार्यकर्ताओं सहित आम नागरिकों की भागीदारी रही। जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे ने उपस्थित नेताओं को अंगवस्त्र, बुके, गांधी टोपी एवं मोमेंटो भेंटकर स्वागत किया। जिला प्रभारी बलजीत सिंह बेदी ने जिला कमिटी द्वारा प्रस्तावित तीन प्रमुख प्रस्तावों को पढ़कर सुनाया, जिसे उपस्थित नेता व कार्यकताओं ने हाथ उठाकर सर्वसम्मति से पारित किया। मुख्य अतिथि के राजू ने कहा संविधान के अनुच्छेद 15(5) के तहत झारखंड में निजी स्कूलों और कॉलेजों सहित सभी शिक्षण संस्थानों में पिछड़े वर्ग और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए आरक्षण लागू किया जाना चाहिए। कांग्रेस पार्टी इस मांग को लेकर पूरी मजबूती से खड़ी है।इस अवसर पर ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना के अदम्य साहस और पराक्रम की सराहना करते हुए उन्हें नमन किया गया। मौके पर कांग्रेस पार्टी के नेताओ ने प्रस्ताव के माध्यम से आतंकवाद और पाकिस्तान के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई की प्रशंसा की। वही जातीय जनगणना को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी की सड़क से संसद तक की लंबी लड़ाई का उल्लेख करते हुए कहा उनके संघर्ष के कारण ही केंद्र सरकार को इस मुद्दे पर झुकना पड़ा। यह देश के करोड़ों दलित, पिछड़ा, आदिवासी और अल्पसंख्यकों की बड़ी जीत है। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष संजय सिंह आजाद ने की। रैली को सफल बनाने में संगठन व विभाग की सक्रिय भूमिका सराहनीय रही। यह रैली संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए कांग्रेस की प्रतिबद्धता का जीवंत प्रमाण बनी। इस अवसर पर अशोक चौधरी, अजय सिंह, राकेश्वर पाण्डेय, रघुनाथ पाण्डेय, जोसाई मार्डी, चन्द्रभान सिंह, रियाजुद्दीन खान, राकेश तिवारी, जेबा खान, देविका सिंह, सामंता कुमार, फिरोज खान, ब्रजेन्द्र तिवारी, शशी सिन्हा, नूरजहां वारसी, अपर्णा गुहा, शफी अहमद खान, अंसार खान, तापस चटर्जी सहित सैकड़ों कांग्रेस पार्टी के नेता और कार्यकर्ता के साथ आम जनता उपस्थित रहे।

### झामुमो प्रखंड समिति ने 27 को होनेवाले धरना-प्रदर्शन की तैयारी को लेकर की बैठक

# आदिवासी अस्मिता की रक्षा का लिया संकल्प

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय समिति के निर्देश पर केंद्र सरकार द्वारा सरना धर्म कोड लागू किए बिना जातीय जनगणना कराने के विरोध में खासमहल स्थित कुंडू भवन में एक बैठक का आयोजन किया गया। रविवार को प्रखंड अध्यक्ष पलटन मुर्मू के नेतृत में आयोजित बैठक में आगामी 27 मई को जिला मुख्यालय के समक्ष होने वाले धरना-प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए विस्तार से चर्चा की गयी। बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित करते हुए प्रखंड के सभी पंचायतों से अधिक से अधिक कार्यकर्ताओ को सुबह 9 बजे कुंडू भवन के सामने मैदान में एकत्रित होने का निर्देश दिया गया।ताकि वहां से चार पहिया व दो पहिया वाहनों के काफिले में शामिल होकर जिला उपायुक्त कार्यालय प्रस्थान करेंगे। प्रदर्शन का नेतृत्व जमशेदपुर प्रखंड समिति द्वारा किया जाएगा।बैठक को संबोधित करते हुए पार्टी के वरिष्ठ नेता सागेन पूर्ति,महावीर मुर्मू,मनोहर हुसैन,सरस्वती टुडू, द्रौपदी मुंडा, नीता सरकार, मायावती टुडू एवं माणिक मल्लिक ने आंदोलन को सफल बनाने का आह्वान किया।प्रखंड अध्यक्ष पलटन मुर्मू ने केंद्र की भाजपा सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा भाजपा सरकार आदिवासी समाज के अस्तित्व को मिटाने की साजिश रच रही है। हमारे अधिकारों को कुचला जा रहा है। धार्मिक पहचान को नजरअंदाज किया जा रहा है।उन्होंने सवाल उठाया जब भाजपा आदिवासियों की हितैषी होने का दावा करती है, तो उसके शीर्ष नेता चंपई सोरेन, अर्जुन मुंडा और बाबूलाल मरांडी सरना धर्म कोड पर चुप क्यों हैं? उन्होंने चेतावनी दी यदि केंद्र सरकार सरना धर्म कोड लागू नहीं किया तो आदिवासी समाज आगामी चुनाव में भाजपा को करारा जवाब देगा। झामुमो लड़कर झारखंड लिया था,अब सरना धर्म कोड भी लड़कर लेंगी। प्रखंड कमेटी के द्वारा आयोजित बैठक जोश, संकल्प और आदिवासी अस्मिता की रक्षा के लिए दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ संपन्न हुई।

### सड़क हादसे में युवक की मौत, बहन गंभीर



**सरायकेला (आजाद सिपाही)।** थाना अंतर्गत सरायकेला- कांड्रा मार्ग पर नंदीडीह के समीप रविवार की शाम बाइक सवार को ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी, जिसमें बाइक सवार युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी एवं युवती गंभीर रूप से घायल हो गयी। घटना के बाद मुख्य मार्ग पर जाम लग गया। वहीं ग्रामीणों की सूचना पर एंबुलेंस एवं पुलिस घटना स्थल पहुंची एवं दोनों को टीएमएच भेजा गया। बाइक सवार के साथ एक और बाइक सवार दो युवक भी साथ जा रहे थे। उनके द्वारा बताया गया कि दोनों मृतक और घायल भाई-बहन हैं और सोनारी निवासी हैं। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### कार अनियंत्रित होकर पलटी, तीन युवक घायल

**आदित्यपुर (आजाद सिपाही)।** आदित्यपुर थाना अंतर्गत सतबहिनी-सांपड़ा मार्ग पर रविवार दोपहर हुए सड़क हादसे में तीन युवक घायल हुए हैं। घायलों में नारायण प्रधान, लाल मांझी और करण मार्डी शामिल हैं। सभी घायलों को रेस्क्यू कर अस्पताल ले जाया गया है।मिली जानकारी के अनुसार एक कार में सवार तीनो युवक सांपड़ा से गम्हरिया की ओर जा रहे थे। इसी दौरान अनियंत्रित होकर कार सड़क किनारे पलट गयी और तीनों युवक घायल हो गये। आसपास स्थानीय लोगों ने जानकारी दी कि तीनों नशे की हालत में थे। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गयी है।

### बीए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के दो मेधावी छात्रों का अल्कालैब प्राइवेट लिमिटेड में चयन



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** बीए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी घुटिया के लिए गर्व का क्षण है। जब अंतिम वर्ष के दो प्रतिभाशाली छात्रों का चयन आदित्यपुर स्थित अग्रणी टेस्टिंग और कैलिब्रेशन कंपनी, अल्कालैब प्राइवेट लिमिटेड में (ग्रेजुएट इंजीनियर ट्रेनी) पद पर हुआ। चयनित छात्रों में ईईई शाखा से अनुज कुमार महतो और मैकेनिकल शाखा से माणिक चंद सिंह शामिल हैं। यह चयन 13 मई 2025 को आयोजित कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव के दौरान हुआ। जिसमें अल्कालैब कंपनी ने कॉलेज परिसर में भर्ती अभियान चलाया।दोनों छात्रों को कंपनी की ओर से उत्तम पैकेज की पेशकश की गयी। वे अपनी नियुक्ति के बाद 6 महीने की प्रशिक्षण अवधि में रहेंगे, जिसके बाद उन्हें नियमित पद पर नियुक्त किया जायेगा। इस उपलब्धि पर कॉलेज के चेयरमैन डॉ एसके सिंह, प्रिंसिपल डॉ एसके रॉय, टीपीओ राहुल सिंह एवं सभी शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए दोनों छात्रों को बधाई और शुभकामनाएं दीं। कॉलेज प्रशासन ने इसे सफलता की गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा और कॉलेज के प्रशिक्षण का प्रतिफल बताया। उन्होंने कहा भविष्य में भी छात्रों को उत्कृष्ट करियर अवसर प्रदान करने के लिए ऐसे प्रयास जारी रहेंगी।

# झासा का भय दिखा कर मुझे चुप नहीं करा सकते गढ़वा के भ्रष्ट पदाधिकारी : सत्येंद्रनाथ

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** स्थानीय विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने अपने आवास पर आयोजित पत्रकार वार्ता में कहा कि उन्हें झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ (झासा) का भय दिखाकर या दबाव डालकर चुप नहीं कराया जा सकता। उन्होंने कहा कि वे जनता के प्रतिनिधि हैं और गरीबों के हक की लड़ाई लड़ते रहेंगे। उन्होंने कहा कि 23 मई को आयोजित दिशा (डीपीसी) की बैठक में उनके द्वारा उठाये गये सवालों को लेकर झांसा की ओर से लगाये गये आरोप बेबुनियाद हैं। उन्होंने कहा कि गढ़वा में गरीबों को पांच किलो अनाज के बदले चार किलो दिया जा रहा है, जो पूरी तरह से गलत है। इसके खिलाफ वे लगातार आवाज उठाते रहे हैं और आगे भी उठाते रहेंगे। उन्होंने कहा कि एलपीसी (भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र) के नाम पर राजस्व विभाग में बड़े पैमाने पर अवैध वसूली हो रही है। आंचल कार्यालयों में दलालों के जरिए आम जनता से जबरन पैसे वसूले जा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन के संरक्षण में यह भ्रष्टाचार चल रहा है। विधायक ने कहा कि मेरल प्रखंड के गोदाम से करीब 24 सौ क्विंटल खाद्यान्न गायब कर दिया गया, जिसे लेकर उन्होंने दिशा की बैठक में सवाल किया था। उन्होंने पूछा कि इस मामले में अब तक क्या कार्रवाई हुई और गरीबों को जो 2,400 क्विंटल अनाज कहां से मिलेगा? इस पर कोई संतोषजनक उत्तर नहीं मिला। उन्होंने कहा कि कुछ छोटे कर्मचारियों पर कार्रवाई कर खानापूर्ति की जा रही है, जबकि बड़े अधिकारी अब तक बचे हुए हैं। उन्होंने कहा कि यदि उपायुक्त सीधे तौर पर इस मामले में संलिप्त नहीं हैं, तो वे दोषियों पर अब तक कड़ी कार्रवाई क्यों नहीं कर पाए? उन्होंने दावा किया कि यदि सवाल उठाना अमर्यादित है, तो वे ऐसे सवाल आगे भी उठाते रहेंगे।

वन विभाग से जुड़े विवाद पर उन्होंने कहा कि दिशा की बैठक में उनके ऊपर वन अधिकारी के साथ अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाया गया, जो पूरी तरह गलत है। उन्होंने केवल यह सवाल उठाया था कि नावाडीह से फरटिया तक बिना मुआवजा दिए सड़क निर्माण कैसे हो गया, जबकि गढ़वा-चिनिया सड़क का निर्माण वन विभाग की अनुमति के अभाव में महीनों से रुका हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि एक ही अधिकारी द्वारा दो अलग मापदंड अपनाये जा रहे हैं।

विधायक ने कहा कि चिनिया प्रखंड के बरवाडीह पंचायत में मनरेगा योजना के तहत बिना काम किए 150 पक्का काम के नाम पर करोड़ों रुपये का भुगतान कर दिया गया। मैंने इसकी जांच की मांग की थी, उयंकि एक भी योजना धरातल पर नहीं है। न्होंने कहा कि इस घोटाले की जांच के बजाय वर्तमान कार्यों की औपचारिक जांच कर मामले को रफा-दफा कर दिया गया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में हुए घोटाले का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि बिशुनपुर प्रखंड में करोड़ों रुपये का गबन हुआ, लेकिन प्रशासन ने इस पर भी केवल खानापूर्ति की।

उन्होंने डीसी पर भ्रष्टाचार को संरक्षण देने का आरोप लगाया और चेतावनी दी कि यदि भ्रष्ट अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो वे गढ़वा के लाखों लोगों के साथ सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेंगे और दोषियों का जीना मुश्किल कर देंगे। पत्रकार वार्ता में पूर्व सांसद घूरन राम भाजपा नेता मुरारी यादव ब्रजेश कुमार उपाध्याय विवेकानंद तिवारी आदि मौजूद थे।

## सहायक पुलिस का शव घर पहुंचते ही मचा कोहराम

आजाद सिपाही संवाददाता




**मझिआंव।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत मोरबे गांव निवासी कृष्णा साह उर्फ बीटन साह के पुत्र सह झारखंड सहायक पुलिस जवान निरंजन प्रसाद गुप्ता की मौत हो गयी। जिनका पार्थिव शरीर पैतृक गांव पहुंचते ही कोहराम मच गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए जितेंद्र कुमार गुप्ता ने बताया कि मेरे छोटे भाई निरंजन की तबीयत लगभग एक माह पहले अचानक तबीयत खराब हुआ था। इसके बाद रांची दिखाने ले गये थे डॉक्टर ने वहां से जवाब दे दिया उसके बाद छत्तीसगढ़ के रायपुर ले गये। ब्रेन में प्रॉब्लम होने के बाद ऑपरेशन करवाया गया था। उसके बाद कुछ दिन ठीक-ठाक रहा लेकिन पुणः तबीयत खराब हो गया। वहीं शनिवार को डॉक्टर ने रायपुर से जवाब दिया और सुबह गढ़वा सदर अस्पताल पहुंचे जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव को पुलिस लाइन ले जाया गया, और पुलिस प्रशासन द्वारा सलामी दी गयी। बताते चलें कि जिला में सलामी देने के बाद पुलिस वाहन से पुलिस बल के साथ पार्थिव शरीर को ग्राम मोरबे लाया गया। वहीं जानकारी मिलते ही स्थानीय विधायक नरेश प्रसाद सिंह और पंचायत मुखिया प्रतिनिधि ललन प्रसाद सिंह भी पहुंचे और दुख व्यक्त किया। इधर साथ ही विधायक नरेश प्रसाद सिंह ने कहा कि यह बहुत ही दुखद घटना है। हम मृतक के परिजनों के साथ हैं। बताते चलें कि निरंजन प्रसाद गुप्ता 2017 में झारखंड सहायक पुलिस में बहाल हुए थे। वहीं सहायक जिला पुलिस संघ के प्रदेश अध्यक्ष अविनाश द्विवेदी, जिला अध्यक्ष बसंत तुरिया, कोषाध्यक्ष अखिलेश रजक एवं मंत्री अशोक कुमार ने कहा कि हमने एक अपने भाई को खो दिया है। कहा कि सरकार और विभाग से आर्थिक सहयोग के साथ-साथ मुआवजा दिलवाऊंगा, और हर संभव परिजनों को साथ दूंगा। वहीं अंतिम संस्कार के दौरान स्थानीय थाना से एस आई संजय कुमार, सहायक पुलिस आनंद कुमार, अभिषेक यादव, मिथिलेश यादव, अनुज ठाकुर, हीरा चौधरी, रंजीत यादव, विकास तिवारी, सजल दुबे, अलियार अंसारी, उर्मिला कुमारी, प्रतिमा तिर्की, अंजू, सोनी, यशोदा, माया कुमारी सहित दो दर्जन से अधिक सहायक पुलिस एवं सैकड़ों स्थानीय ग्रामीण जनता शामिल हुए।

## पीएम मोदी के मन की बात का 122वां एपिसोड सुना गया



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** भाजपा नगर मंडल गढ़वा के अध्यक्ष उमेश कश्यप के द्वारा बूथ न 128 पर पीएम मोदी के मन की बात का 122वां एपिसोड सुना गया, इसके अलावा मंडल के अनेकों बूथों पर बूथ अध्यक्ष के द्वारा मन की बात कार्यक्रम सुना गया। उमेश कश्यप के द्वारा कहा गया कि हम सभी लोगों से अपील करते है की प्रधानमंत्री का यह कार्यक्रम अवश्य देखे अपने बच्चों को भी दिखायें। कार्यक्रम में उपस्थित टिंकू गुप्ता, शुभम गुप्ता, अभिषेक कश्यप, प्रेमचंद कश्यप, गंगाधर कश्यप, अमित केसरी, सुनील सोनी, रामजी केसरी ,पवन कुमार, चोटन सोनी तथा विक्की कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

## भंडरिया प्रखंड मुख्यालय स्थित इंदिरा गांधी चौक के समीप खराब है चापाकल और जलमीनार



**भंडरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मख्यालय इंदिरा गांधी चौक के पास खराब चापाकल और स्थानीय ग्रामीण बैक में वृद्ध पेंशन लेने आये लोगों को पानी पीने के लिए कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। बताते चलें कि दो बर्ष पहले इंदिरा गांधी चौक पर विधायक कोटे के चापाकल में पीएचडी विभाग के द्वारा टेंडर के माध्यम से जलमीनार लगाया गया था। जलमीनार लगाने के दो माह बाद ही जलमीनार का स्टार्टर खराब हो गया है, उस खराब जलमीनार कास सुधी लेने वाला कोई नहीं है। ग्रामीणों के द्वारा विभाग के जेई को बार-बार सुचना दिया गया, लेकिन विभाग के अधिकारियों के कान में जुं तक नहीं हिला। इधर विभाग के जेई से संपर्क करने पर उन्होंने बताया कि जलमीनार पांच साल तक संवेदक के द्वारा रख रखाव किया जाता था, बाद में खराब होने पर विभाग के द्वारा मरमत नहीं किया गया।

## परीक्षा में 70 प्रशिक्षुओं ने लिया भाग

**कांडी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय मझिगावां पूर्व के परिसर में रविवार को जुगनू जन कल्याण सह तकनीकी शिक्षा संस्थान के तत्वावधान में अमानत की एक महत्वपूर्ण परीक्षा का आयोजन किया गया। इस परीक्षा में प्रखंड क्षेत्र के मझिगावां, सरकोनी, खरौंधा प्रशिक्षण केंद्र के विभिन्न गांवों से आए कुल 70 प्रशिक्षु अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया। यह परीक्षा पिछले 45 दिनों से चल रहे अमानत प्रशिक्षण शिविर का अंतिम चरण थी, जिसमें प्रशिक्षुओं को तकनीकी व व्यवहारिक शिक्षा दी जा रही थी। संस्थान की ओर से यह प्रशिक्षण ग्रामीण युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें रोजगार के नए अवसरों से जोड़ने के उद्देश्य से संचालित किया गया। अमीन के प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रमुख प्रशिक्षक प्रवीण कुमार ने सभी प्रतिभागियों को अमानत (सेफ्टी एवं रिस्पॉन्सिबिलिटी आधारित कार्य संस्कृति) से जुड़ी बारीकियों से अवगत कराया। उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान अनुशासन, कार्यकुशलता और व्यावसायिक आचरण पर विशेष जोर दिया।

## प्रखंड सहायक अध्यापक संघ ने दिवंगत अध्यापक के परिजनों को आर्थिक सहायता प्रदान की

**कांडी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड सहायक अध्यापक संघ कांडी इकाई की ओर से रविवार को दिवंगत सहायक अध्यापक कर्मदेव राम के परिजनों को आर्थिक सहायता प्रदान किया गया। मालूम हो कि प्रखंड के खुटहेरिया पंचायत अंतर्गत नव प्रावि भरतपहाड़ी में पदस्थापित प्रधान सहायक अध्यापक कर्मदेव राम की मृत्यु 15 मई को इलाज के क्रम में वाराणसी स्थित एक अस्पताल में हो गयी थी। प्रखंड के दर्जनों सहायक अध्यापकों ने भरतपहाड़ी स्थित दिवंगत सहायक अध्यापक के पैतृक निवास पर पहुंचकर उनके पुत्र राकेश रंजन व मुकेश रंजन को सहायता राशि प्रदान किये। इस मौके पर शिक्षकों ने परिजनों से इस दु:ख की घड़ी में हिम्मत से काम लेने की बात कही।

## श्री सर्वेश्वरी समूह ने रोगियों के बीच खाद्य सामग्री वितरित की




**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा श्री बंशीधर नगर के सदस्यों ने बंशीधर नगर के विभिन्न अस्पतालों में फल, बिस्किट, पानीबोतल, ब्रेड और हाथ पंखा का वितरण किया। सदस्यों ने सर्वप्रथम अनुमंडलीय अस्पताल में जाकर वहां इलाज करा रहे सभी रोगियों के बीच उनके उचित सेहत के लिए फल, बिस्किट, ब्रेड एवं गर्मी से निजात पाने के लिए हाथ पंखा वितरण किया। उसके बाद कुपोषण केंद्र में भी समूह के सदस्यों ने लोगों के बीच सामग्री वितरण की श्री सर्वेश्वरी समूह के सदस्यों ने वृद्ध आश्रम, गुलाब हॉस्पिटल सहित अन्य स्थानों पर भी रोगियों के बीच सामग्री का वितरण किया। जानकारी देते हुए शाखा के उपाध्यक्ष हेमंत प्रताप देव ने बताया कि हम सबों को मानव मात्र की सेवा करने का प्रेरणा लेकर गरीब, असहाय, वृद्धि एवं रोगियों के प्रति सद्भावना रखते हुए उनके लिए समय-समय पर सेवा भाव से कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि रोगियों के बीच जाकर उनका हाल-चाल जानना और उनके लिए खाद्य सामग्री सहित अन्य सामग्री को देने से रोगियों को मनोबल बढ़ता है और उन्हें समाज के लोगों के प्रति अपनापन महसूस होता है। श्री देव ने कहा कि श्री सर्वेश्वरी समूह समय समय पर ऐसे जनकल्याणकारी का करते आती है जिसके अंतर्गत असाध्य रोगो का इलाज कैंप लगाकर एवं विभिन्न लोगों का इलाज मेगा कैंप के माध्यम से निःशुल्क किया जाता है।

## बाइक अनियंत्रित होकर पलटी किशोर की मौत

**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका थाना क्षेत्र के ग्राम - बरवाही निवासी परमेश्वर सिंह के पुत्र बुद्धनारायण कुमार सिंह ( उम्र - 15 वर्ष) की मौत शनिवार को मोटरसाइकिल दुर्घटना में हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुद्धनारायण कुमार सिंह अपने दो साथियों के साथ बाईक से रंका की ओर जा रहे थे। रंका जाने के क्रम में बरदरी गांव के सेमरसोत नदी के पास जैसे ही पहुंचे वैसे ही मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें बुद्धनारायण की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। दुर्घटना के बाद दोनों साथी युवक फरार हो गये। जिनकी तलाश पुलिस कर रही है। मौत की खबर सुनकर रंका पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण हेतु गढ़वा भेज दी है।

## भवनाथपुर सीएचसी के अंतर्गत 108 एंबुलेंस सेवा ठप, मरीज हो रहे परेशान

आजाद सिपाही संवाददाता




**भवनाथपुर** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत संचालित 108 एंबुलेंस सेवा बीते चार माह से मरम्मत के लिए खड़ी है, जिससे क्षेत्र के गंभीर मरीजों को भारी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि एंबुलेंस में तकनीकी खराबी आने के बाद उसे मरम्मत हेतु खड़ा कर दिया गया, लेकिन अब तक उसे ठीक नहीं किया जा सका है। एंबुलेंस के खराब होने के कारण इसमें तैनात एक चालक और दो टेक्नीशियन कार्य के अभाव में निष्क्रिय बैठे हैं।

क्षेत्र में आये दिन सड़क दुर्घटनाएं होती रहती हैं, और गंभीर रूप से घायल मरीजों को तत्काल अस्पताल पहुंचाने के लिए 108 एंबुलेंस की आवश्यकता पड़ती है, लेकिन वर्तमान स्थिति में मरीजों को मजबूरी में प्राइवेट वाहनों का सहारा लेना पड़ रहा है, जिससे न केवल उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है, बल्कि समय पर उपचार नहीं मिलने के कारण जान का जोखिम भी बना रहता है। जानकारी के अनुसार, 108 एंबुलेंस सेवा के संचालन की जिम्मेदारी अब एक नयी एजेंसी 'समान फाउंडेशन' को 4 फरवरी से सौंपी गयी है, लेकिन एजेंसी के द्वारा एंबुलेंस के रखरखाव और मरम्मत को लेकर अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। नतीजतन, चार महीने से यह सेवा पूरी तरह से ठप पड़ी हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि 108 एंबुलेंस सेवा आमजन के लिए जीवन रक्षक साबित होती है, लेकिन समय पर इसकी मरम्मत न होना सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं की लापरवाही को दशार्ता है। सीएचसी भवनाथपुर के अधिकारियों से जब इस विषय में बात की गयी, तो उन्होंने बताया कि एजेंसी को कई बार लिखित और मौखिक रूप से सूचित किया गया है, लेकिन फिर भी कोई प्रभावी कार्यवाही नहीं हो रही है। ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने मांग की है कि जिला प्रशासन इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप कर 108 एंबुलेंस सेवा को फिर से चालू कराए, ताकि आम नागरिकों को आकस्मिक चिकित्सा सेवाएं समय पर उपलब्ध हो सकें और उन्हें राहत मिल सके।

रोजगार संकट और बच्चों की मजबूरी, गरीबी, लाचारी और संवेदकों की चालाकी

## केंदू पत्ता केंद्रों में मात्र 100 रुपये में काम पर लगाये जा रहे स्कूली बच्चे

आजाद सिपाही संवाददाता



**भंडरिया (गढ़वा)।** गढ़वा जिले के भंडरिया और बड़गड़ प्रखंड के केंदू पत्ता केंद्रों पर बच्चों से काम करवाये जाने का मामला सिर्फ एक कानूनी अपराध नहीं, बल्कि यह ग्रामीण क्षेत्रों की बेरोजगारी, गरीबी और संसाधनों की कमी की जटिल तस्वीर भी पेश करता है। हर साल गर्मी के मौसम में केंदु पत्ता उद्योग पूरे झारखंड में सक्रिय हो जाता है। मजदूर अहले सुबह जंगलों में पत्ता तोड़ने चले जाते हैं, लेकिन सेंटरों पर उनकी अनुपस्थिति के चलते संवेदकों को छंटाई और गिनती के काम के लिए मजदूर नहीं मिलते। ऐसे में विकल्प के तौर पर वे गांव के स्कूली बच्चों को 100 रुपये देकर काम में लगा देते हैं।

इन बच्चों की उम्र 8 से 14 वर्ष के बीच है। गर्मी की छुट्टियों में जब स्कूल बंद रहते हैं, तब ये बच्चे दिन के 4-5 घंटे तक सेंटर पर काम करते हैं। उनके पास न तो कोई सुरक्षा उपकरण होता है और न ही उनके लिए भोजन, पानी या आराम का समुचित प्रबंध ।ग्रामीणों के अनुसार, कई परिवार इतने गरीब हैं कि बच्चों की ये मामूली कमाई भी उनके लिए बड़ी राहत बनती है। इस परिस्थिति में, जब जीविका के सीमित साधन हैं, तो पैसा ही पहली प्राथमिकता बन जाता है। प्रशासनिक और सामाजिक व्यवस्था की असफलता भी इस स्थिति को बढ़ावा दे रही है। जो संगठन पहले इन मुद्दों पर सक्रिय थे – जैसे लोहरदगा ग्राम स्वराज संगठन – वे अब लगभग निष्क्रिय हो चुके हैं। पंचायत प्रतिनिधि भी इस मामले में मौन हैं।

श्रम अधीक्षक संजय आनंद ने इस मुद्दे पर कहा कि यह गंभीर मामला है और इसकी जांच कर जिम्मेदार संवेदकों पर सख्त कार्रवाई की जायेगी।

## एएसआइ झारखंड चैप्टर और परमेश्वरी मेडिकल सेंटर की ओर से 10 मरीजों का सफल ऑपरेशन

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** पलामू प्रमंडल के लिए चिकित्सा क्षेत्र में एक ऐतिहासिक और सराहनीय पहल के तहत आज एसोसिशन ऑफ सर्जन ऑफ इंडिया, झारखंड चैप्टर की ओर से स्थानीय परमेश्वरी मेडिकल सेंटर में एक विशेष निःशुल्क सर्जिकल कैंप का आयोजन किया गया। यह कैंप परमेश्वरी मेडिकल सेंटर के लेप्रोस्कोपिक सर्जन और एएसआई झारखंड चैप्टर के संयुक्त सचिव डॉ कुमार निशांत सिंह की पहल पर आयोजित हुआ। जिसमें कुल 10 जरूरतमंद और आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों का सफल ऑपरेशन पूरी तरह मुफ्त में किया गया। इस विशेष शिविर में इंगुइनल हर्निया, हाइड्रोसील और अपेंडिसाइटिस जैसी सामान्य शल्य चिकित्सा से संबंधित रोगियों का इलाज किया गया। ऑपरेशन के लिए एएसआई झारखंड चैप्टर से अनुभवी चिकित्सकों की टीम मौजूद रही। जिनमें डॉ सुशील कुमार पांडेय, डॉ संजय कुमार, डॉ कुमार निशांत सिंह, डॉ अमित कुमार, डॉ राकेश तरुण, डॉ नीतू सिंह (सहयोगी चिकित्सक), सर्जन डॉ कुमार निशांत सिंह सहित सभी अनुभवी सर्जन डॉक्टर ने संयुक्त रूप से बताया कि यह इस प्रकार का पहला निःशुल्क सर्जिकल कैंप है। जो पलामू प्रमंडल में पहली बार आयोजित हुआ और वह भी गढ़वा के परमेश्वरी मेडिकल सेंटर में। उन्होंने कहा कि यह पहल उन गरीब और जरूरतमंद मरीजों के लिए की गयी थी जो आर्थिक अभाव के कारण महंगी सर्जरी नहीं करवा पाते। सर्जन टीम ने आगे कहा कि इस तरह के शिविर आगे भी आयोजित किए जाएंगे। ताकि समाज के कमजोर वर्ग को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। इस शिविर को सफल बनाने में अस्पताल के सभी चिकित्सक, सहयोगी स्टाफ और व्यवस्थापकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।यह कैंप समाज के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण है।

## एसडीएम ने ग्रामीणों के साथ दुलदुलवा का किया भ्रमण

- स्वास्थ्य जांच और कल्याणकारी योजनाओं हेतु गांव में लगेंगे विशेष शिविर
- ग्रामीणों की शिकायत पर पीडीएस दुकान की जांच की

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** सदर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने रविवार को दुलदलवा गांव का औचक भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान उन्होंने अलग-अलग मोहल्लों में स्थानीय ग्रामीणों से संवाद किया तदुपरांत ग्रामीणों को साथ लेकर गांव के अलग-अलग इलाकों का निरीक्षण किया।

उल्लेखनीय है कि एसडीएम ने इस गांव को अवैध शराब से मुक्त करने के लिए इसी माह गोद लिया था, इसलिए वे अक्सर इस गांव का दौरा करते रहते हैं। आज रविवार को भी गांव पहुंचने के उपरांत उन्होंने ग्रामीणों से शराब बंदी की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली, लोगों ने बताया कि जितने भी अवैध शराब व्यवसायी लोग व्यावसायिक रूप से भट्टियां खोलकर अवैध शराब बना रहे थे वे सब भट्टियां दुलदलवा में बंद हो चुकी हैं, हालांकि अभी भी कुछ लोग घरों के अंदर चोरी छुपे छिटपुट तरीके से दो-चार किलो महुआ डालकर शराब बना रहे हैं, इस पर ग्रामीणों ने सलाह दी कि महिला पुलिस और गांव की महिला स्वयं सहायता समूह सदस्यों की मदद से घर-घर में तलाशी अभियान चलाया जाना चाहिए ताकि उन लोगों में भी भय बने जो थोड़ी बहुत भी चोरी छुपे घरों के अंदर बना रहे हैं। ज्यादातर ग्रामीणों ने कहा कि एसडीएम के द्वारा इस गांव पर नियमित ध्यान देने के उपरांत अब स्थिति बहुत बदल गयी है, जहां पहले इस गांव के लगभग हर गली मोहल्ले में शराब की भट्ठियां सरेआम धधकतीं रहती थीं, अब पूरे गांव के अंदर एक भी भट्टी शराब भट्टी नहीं चल रही है।

**ग्रामीणों के स्वास्थ्य जांच हेतु गांव में लगेगा कैंप :** लोगों ने एसडीएम को बताया कि गांव में काफी लोग स्वास्थ्य समस्याओं और कुपोषण का शिकार हैं ऐसे में स्वास्थ्य शिविर लगाया जाए तो बहुत अच्छा। इस पर एसडीएम ने उन्हें आश्वस्त किया कि इसी सप्ताह गांव में वृहद स्तर पर निःशुल्क स्वास्थ्य जांच कैंप लगाया जायेगा, ताकि यहां के लोग न केवल अपना स्वास्थ्य परीक्षण कर सकें।

दुलदुलवा के देवी धाम मंदिर के पास ग्रामीणों से बैठक करने के दौरान कुछ ग्रीन कार्ड धारकों ने बताया कि उनसे मार्च महीने का बायोमेट्रिक अंगूठा लगवा लिया गया है किंतु उनका राशन नहीं दिया गया, साथ ही कुछ लोगों ने कम मात्रा में राशन देने की भी शिकायत की। इन शिकायतों को गंभीर मानते हुए एसडीएम ने तुरंत संबंधित पीडीएस दुकान में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान न केवल तराजू और बांट आदि की प्रारंभिक जांच की गयी, बल्कि पोषक क्षेत्र के ग्रामीणों की मौजूदगी में पीडीएस डीलर से पूछताछ भी की गयी, पूछताछ के दौरान डीलर ने इस बात को स्वीकार किया कि उन्होंने मार्च महीने का ग्रीन कार्ड धारकों को राशन नहीं दिया है जबकि उन्होंने अंगूठा लगवा लिया है, इस पर उन्होंने सफाई दी कि वे इस संबंध में एमओ तथा सहायक गोदाम प्रबंधक को लिखित में दे चुके हैं।

## दिवंगत पर श्रद्धा अर्पित करना और परम पुरुष की प्रार्थना करना श्राद्ध है : आचार्य

- डॉ लालमोहन के पुत्र तरुण देव का आनंद मार्ग विधि से हुआ श्राद्ध, लोगों ने किया श्रद्धा सुमन अर्पित
- विद्या अध्ययन के साथ अध्यात्म में भी रुचि रखता था तरुण : धर्मेंद्र देव

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेराल।** प्रखंड मुख्यालय के नेनुआ मोड़ निवासी विधायक प्रतिनिधि व आनंद मार्ग के सचिव डॉ लालमोहन के पुत्र तरुण कुमार देव का श्राद्ध कर्म रविवार को आनंद मार्ग विधि से आचार्य हरि कृपा नंद अवधूत के द्वारा संपन्न कराया गया। तत्पश्चात श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों की संख्या में उपस्थित महिला पुरुष व बच्चों ने बीते सोमवार को वज्रपात की घटना में दिवंगत हुए तरुण कुमार देव (16) की तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया तथा दिवंगत आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की। इस मौके पर आचार्य हरि कृपा नंद अवधूत ने कहा कि दिवंगत पर श्रद्धा अर्पित करना और परम पुरुष की प्रार्थना करना ही श्राद्ध है। उन्होंने आध्यात्मिक चर्चा करते हुए कहा कि यहां हम सभी एक पत्र के अभिनय की भूमिका में है। जब जिसका अभिनय पूरा हो जायेगा उसे परमात्मा अपने पास बुला लेते है। आनंद मार्ग गढ़वा जिला के भुक्ति प्रधान धर्मेंद्र देव ने कहा कि तरुण विद्या अध्ययन के साथ अध्यात्म में भी रुचि रखता था।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार,26 मई, 2025
www.azadsipahi.in
08

# पप्पू लोहरा के आतंक से लातेहार हुआ मुक्त

मुकेश कुमार सिंह



**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार में जेजेएमपी सुप्रीमो पप्पू लोहरा का अंतिम संस्कार रविवार को कोने ग्राम के पहाड़ी नदी के किनारे किया गया। उसके अंतिम संस्कार में कोने समेंत आसपास के गांवों के सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। उसके पुत्र ने मुखाग्नि दी। बता दें कि शनिवार की सुबह तकरीबन साढ़े पांच बजे पुलिस के साथ मुठभेड़ में जेजेएमपी सुप्रीमो पप्पू लोहरा और जेजेएमपी का उप कमाडंर सुदेश गंझु उर्फ प्रभात गंझू मारा गया था। उसका शव को शनिवार की शाम तकरीबन छह बजे सदर अस्पताल लाया गया था। शाम में शवों का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया था। रविवार की सुबह पप्पू लोहरा का अंतिम संस्कार के उसके पैतृक गांव में किया गया। पप्पू लोहरा पुलिस के लिए सिर दर्द बन चुका था। जेजेएमपी और उसके दस्ते के साथ पुलिस की कई बार मुठभेड़ हुई, लेकिन हर बार वह चकमा दे कर भागने में सफल होता था। 28.09. 2021 में लातेहार के नावाडीह जंगल में पुलिस की जेजेएमपी के पप्पू लोहरा के दस्ते के साथ मुठभेड़ हुई थी। इस मुठभेड़ में झारखंड जगुआर के एजी-35 के उप समादेष्टा राजेश कुमार सिंह शहीद हो गये थे। हालांकि उस मुठभेड़ में एक उग्रवादी विनोद भुईयां उर्फ कुंदन बालजोरी, लेस्लीगंज मारा गया था। पुलिस उसी समय से पप्पू लोहरा के खिलाफ अभियान तेज कर दिया था, लेकिन इस बार पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव को मिली सटिक सूचना के बाद चलाये गये आपरेशन में पप्पू लोहरा अपने एक साथी के साथ पुलिस की गोली से ढेर हो गया। पप्पू लोहरा लातेहार, लोहरदगा और पलामू जिले के लिए आतंक का एक पर्याय था। क्षेत्र के बड़े छोटे कारोबारी, संवेदक व अन्य रसूकदार के साथ साथ कोयले का कारोबारी करने वाले लोगों में उसके नाम का काफी दशहत फैला हुआ था। अब लोग दबे जबान से राहत होने की चर्चा कर रहे है।

# सड़क दुर्घटना में तीन की मौत, आधा दर्जन गंभीर

आजाद सिपाही संवाददाता



**कुडू।** कुडू-चंदवा रोड एनएच 75 में लोहरदगा लातेहार जिला के सीमाना पर स्थित सेन्हा ढलान फुटबॉल मैदान के सामने रविवार को हुए भीषण सड़क दुर्घटना में आईटेन कार में सवार तीन व्यक्ति की मौत हो गयी। मृतक में शांति देवी, बबिता देवी एवं मनोज कुमार वर्मा शामिल है। जबकि कार मे सवार आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घायलों में पलामू जिला के लेसलीगंज निवासी हरिहर महतो के 42 वर्षीय पुत्र राकेश रौशन के अलावे एक लगभग 50 वर्षीय युवक, दो लगभग 30 और 32 वर्षीय महिलाए, दो लगभग 15 और 20 वर्षीय बालिका सभी अज्ञात शामिल है, जिसमें से कोई भी अपना नाम पता भी बताने की स्थिति में नहीं थे, जिस कारण मृतका और घायलों का नाम पता नहीं चल पाया है। घायलों में दो महिला और एक पुरुष की हालत भी नाजुक बतायी जा रही है। सभी घायलों को कुडू सरकारी अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स रांची रेफर किया गया है। बताया जाता है कि सभी लोग आई टेन कार नंबर जेएच 01 बीयू 6020 में सवार होकर लेसलीगंज से रांची जा रहे थे। कुडू चंदवा के सीमाना सेन्हा ढलान मैदान के नजदीक आई टेन कार की सामने किनारे से टक्कर एक अज्ञात स्विफ्ट डिजायर कार से होने के बाद आई टेन कर असंतुलित होकर सामने से आ रही एक 407 कंटेनर नंबर यूपी 65 केटी 6649 से हो गयी। इस भीषण दुर्घटना में आईटेन कार के परखच्चे उड़ गए। घटना के बाद सभी घायलों को कुडू पुलिस और एक अन्य कार सवार ने कुडू सरकारी अस्पताल पहुंचाया। घटना की सूचना पाकर चंदवा पुलिस भी घटनास्थल और कुडू अस्पताल पहुंच मामले की पड़ताल में जुट गयी है। ईधर जाको राखे साइयां मार सके न कोई वाली कहावत इस भीषण दुर्घटना में एक बार फिर चरितार्थ हुआ है। इस भीषण दुर्घटना में जहां एक महिला की मौत और आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हुए है, वही कार में सवार एक लगभग एक वर्षीय बालक पूरी तरह से सुरक्षित है।

## केचकी पंचायत में खुशहाल संस्था की बैठक आयोजित



बरवाडीह(आजाद सिपाही)। रविवार को प्रखंड क्षेत्र के केचकी पंचायत अंतर्गत नदीआर टोला में गांव खुशहाल संस्था की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में संस्था से जुड़े समिति के पदाधिकारी के साथ-साथ काफी संख्या में स्थानीय ग्रामीण और महिलाओं ने हिस्सा लिया। बैठक के दौरान सरकार के माध्यम से चलायी जा रही कल्याणकारी योजनाओं के लाभ उठाने और योजनाओं के संदर्भ में जानकारियां दी गयी। संस्था के अध्यक्ष विश्वनाथ सिंह ने बताया कि सरकार के माध्यम से महिलाओं के लिए महिला बाल विकास आजीविका मिशन कौशल विकास के साथ-साथ शिक्षा स्वास्थ्य और कृषि से जुड़ी कई योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिसका सीधा फायदा ग्रामीण इलाकों की स्वालंबी महिलाओं के साथ उनके पूरे परिवार को होगा। इस दौरान संस्था के सचिव उमेश प्रसाद सिंह ने कहा संस्था के माध्यम से सभी ग्रामीणों को जागरूक और सरकार की सभी महत्वाकांक्षी योजनाओं से जोड़ना मुख्य उद्देश्य है ।

# सुहागिनों का वट सावित्री व्रत आज

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** सोमवार को सुहागिन वट सावित्री का व्रत रखेंगी। इसके लेकर बरवाडीह, छिपादोहार, समेत अन्य क्षेत्र की महिलाए रविवार की पूजा सामग्री की खरीददारी की। इसकी जानकारी पहाड़ी शिव मंदिर के पुजारी बल्लू मिश्रा ने कहा कि इसवर्ष ज्येष्ठ अमावस्या 26 मई को है। इसलिए हिंदू पंचांग के अनुसार वट सावित्री व्रत भी इसी दिन मनाना अधिक फलदाई होगा। नतीजतन क्षेत्र की सुहागिनें सोमवार को उपवास रख वट वृक्ष की विधिवत पूजा-अर्चना और अपने पति के दीघार्यु होने की कामना करेंगी।

## आरकेटीए के ब्रांच कमेटी का हुआ गठन, नीरज सचिव और संतोष बने अध्यक्ष



बरवाडीह(आजाद सिपाही)। छिपादोहर रेलवे स्टेशन में रेल यूनियन आरकेटीए के ब्रांच कमेटी के गठन को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से आरकेटीए जोनल महामंत्री राजेश कुमार संरक्षक सह ईस्ट सेंट्रल रेलवे एम्पलाई यूनियन के संयुक्त महासचिव प्रवीण कुमार धनबाद मंडल के अध्यक्ष सुनील कुमार साव सचिव गिरिजेश कुमार मीडिया प्रभारी मनीष मिश्रा समेत संगठन से जुड़े कई पदाधिकारी ने ने हिस्सा लिया। ब्रांच कमेटी का गठन करते हुए सर्वसम्मति से नीरज कुमार को ब्रांच का सचिव चुना गया वहीं इसके साथ संतोष कुमार को अध्यक्ष, विकास कुमार कोषाध्यक्ष और बैजू कुमार शाह को मीडिया प्रभारी बनाया गया। वहीं इसके साथ कमेटी का विस्तार करते हुए कमेटी के कार्यकारिणी में कुंदन कुमार, धनंजय कुमार, रंजीत कुमार, राजन कुमार, आलोक कुमार, सचिन कुमार , यशवंत कुमार समेंत कई रेल कर्मचारियों को जगह दी गयी हैं।

# फरार उग्रवादियों के घर न्यायालय के आदेश पर चिपकाया गया इश्तेहार

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरियातू।** स्थानीय थाना पुलिस ने दो अलग-अलग गंभीर आपराधिक मामलों में फरार चल रहे उग्रवादियों के विरुद्ध रविवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए उनके पैतृक घरों पर विधिवत इश्तेहार चस्पा किया है। यह कार्रवाई न्यायालय से प्राप्त आदेश के आलोक में की गयी है। पुलिस ने संबंधित आरोपियों को चेतावनी दी है कि वे निर्धारित समय सीमा के भीतर आत्मसमर्पण करें, अन्यथा उनकी संपत्ति की कुर्की-जप्ती की जायेगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि दोनों आरोपी लंबे समय से फरार चल रहे हैं, जिन्हें पकड़ने के लिए पुलिस लगातार प्रयासरत है। थाना प्रभारी ने बताया कि पहला मामला बरियातू थाना कांड संख्या 04/24 से संबंधित है, जिसमें रणजीत गंझु, पिता - नरेश गंझु, ग्राम - सती टांड़, थाना - लावालौंग, जिला - चतरा को नामजद अभियुक्त है। रणजीत गंझु पर भारतीय दंड संहिता की धारा 147/ 148/ 149/ 341/ 342/ 323 / 361/ 353 / 386/387/ 427 / 506 / 435/ भा द वि 17 सी एल ए एक्ट 10/13/16 यु ए पी ए (वअढअ) एक्ट के तहत मामला दर्ज है। वहीं, दूसरा मामला बालूमाथ, वर्तमान थाना बारियातू कांड संख्या 160/19 से संबंधित है इस कांड में बिनोद गंझु, पिता - शनिचर गंझु, ग्राम जोरदाग, थाना लावालौंग, जिला - चतरा को नामजद अभियुक्त बनाया गया है।बिनोद गंझु पर धारा 384/ 385/386/ भा द वि 25(1-ए)/26(2)/35 आर्म्स एक्ट, 4/5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम तथा 17 सी एल ए (उछअ) एक्ट के तहत मामला दर्ज है। थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार ने बताया कि दोनों मामलों में अभियुक्तों के फरार रहने के कारण न्यायालय से प्राप्त आदेश के आधार पर पुलिस टीम द्वारा अभियुक्तों के पैतृक आवास पर विधिवत इश्तेहार चस्पा कर उन्हें चेतावनी दी गयी है कि वे शीघ्र आत्मसमर्पण करें। ऐसा नहीं करने पर उनके खिलाफ दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 82 एवं 83 के तहत आगे की विधिसम्मत कार्रवाई की जायेगी, जिसमें उनकी चल-अचल संपत्ति की कुर्की भी शामिल है। थाना प्रभारी ने यह भी बताया कि फरार अभियुक्तों को पकड़ने के लिए पुलिस की विशेष टीम लगातार संभावित ठिकानों पर छापामारी कर रही है।

## हनहट लैंपस लिमिटेड अध्यक्ष रंजीत लकड़ा पर अनियमितताओं के आरोप

लोहरदगा(आजाद सिपाही)। जिले के कैरो प्रखंड अंतर्गत हनहट लैम्पस लिमिटेड के अध्यक्ष रंजीत लकड़ा पर ग्रामीणों ने गंभीर अनियमितताओं का आरोप लगाया है। ग्रामीणों का आरोप है कि वर्ष 2016 से रंजीत लकड़ा पद पर बने हुए हैं, जबकि लैम्पस का चुनाव पूरी तरह से कागजी हो चुका है। स्थानीय लोगों का कहना है कि चुनाव कब हुआ और कार्यकारिणी सदस्य कौन-कौन हैं, इस बात की कोई जानकारी नहीं है। ग्रामीणों के अनुसार, रंजीत लकड़ा सभी सदस्यों के फर्जी हस्ताक्षर कराकर बैठकें आयोजित करते हैं और अकेले ही लैम्पस का कामकाज चला रहे हैं। इससे लैम्पस में चल रही गड़बड़ियों का अंदाजा लगाया जा सकता है। वर्ष 2021 में रंजीत लकड़ा अवैध शराब के मामले में आरोपी पाए गए थे और आठ महीने जेल भी गए थे। बावजूद इसके उन्हें लैम्पस की जिम्मेदारी सौंपी गयी, जो ग्रामीणों के लिए चिंता का विषय है। इसके अलावा, रंजीत लकड़ा मनरेगा में वेयर फूड इंजीनियर के पद पर कार्यरत हैं और कहा जा रहा है कि उन्होंने कैरो प्रखंड में एफपीओ के गठन में भी गड़बड़ियां की हैं। धान खरीद के समय भी गड़बड़ी की शिकायतें सामने आई हैं, जिन पर निबंधक स्तर पर कार्रवाई की मांग ग्रामीणों ने की है। ग्रामीणों ने निबंधक सहायक समितियों को आवेदन देकर इस मामले की जांच कराने और रंजीत लकड़ा को अध्यक्ष पद से हटाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे अन्य आंदोलन करने को बाध्य होंगे। इस पूरे मामले में संबंधित अधिकारियों का कहना अभी तक प्राप्त नहीं हो सका है।

## सांसद सुखदेव भगत के प्रयास से लगा 100 केवी का ट्रांसफार्मर



लोहरदगा(असाजाद सिपाही)। लोकसभा के सांसद सुखदेव भगत के प्रयास से लोहरदगा प्रखंड अंतर्गत ग्राम हरमू में 100 केवी का ट्रांसफार्मर लगाया गया । गांव के ग्रामीणों ने सांसद सुखदेव भगत के आवास में आकर उनसे मिले और बताया कि गांव का ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण बच्चों के पठन-पाठन में काफी परेशानी हो रही है और गांव में अंधेरा होने के कारण ग्रामीणा के आवागमन मे भी काफी परेशानि आ रही है । सांसद ने उन्हें भरोसा दिलाया कि जल्द आपके यहां 100 केवि का ट्रासफर्मर लगा दिया जायेगा और आज संसद के प्रयास से हरमू ग्राम में ट्रांसफार्मर का उद्घाटन लोहरदगा प्रखंड के सांसद प्रतिनिधि स सड़क सुरक्षा समिति सदस्य मनोज सोन तिर्की ने फीता काटकर किया ।

# चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा की बैठक में जिला कमेटी का विस्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा की एक महत्वपूर्ण बैठक यदुवीर धर्मशाला, लोहरदगा में सम्पन्न हुई, जिसमें हाल ही में संपन्न चुनाव के पश्चात जिला कमेटी का विस्तार किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा ने की। कमेटी विस्तार में शहरी और ग्रामीण क्षेत्र की संतुलित भागीदारी सुनिश्चित करने का प्रयास किया गया। परमेश्वर वर्मा को कार्यकारी अध्यक्ष, प्रदीप नारायण सिंह को महासचिव और श्याम सुंदर वर्मा को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गयी है। कमेटी में बड़ी संख्या में कार्यकारी सदस्य, मार्गदर्शक मंडली, कानूनी सलाहकार और मीडिया प्रभारी शामिल किये गये हैं। बैठक में युवा मोर्चा का भी गठन किया गया, जिसमें मनोरंजन वर्मा को जिला युवा अध्यक्ष, प्रेम वर्मा को कार्यकारी अध्यक्ष और सूरज कुमार वर्मा को महासचिव नियुक्त किया गया। उन्हें निर्देश दिया गया कि एक महीने के भीतर पूर्ण युवा कमेटी का गठन कर जिला समिति को सौंपें। जिला अध्यक्ष की स्वीकृति के बाद युवा मोर्चा पूरी तरह कार्यशील हो जायेगा। महिला मोर्चा और नगर कमेटी का गठन आगामी बैठकों में किया जायेगा। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि मैट्रिक और इंटर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले समाज के होनहार बच्चों को सम्मानित किया जायेगा, जिसके लिए सम्मान समारोह आयोजित करने पर विचार हुआ।

## अनियंत्रित होकर बस सड़क किनारे गड्ढा में घुसी

सेन्हा(आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के अरु हेसवे पथ में मां सरना रोडवेज बस अनियंत्रित हो कर गड्ढा में घुस गया, जिसे क्रेन के सहायता से निकाला गया। किसी का हताहत होने की सूचना नही और बस में चालक एवं उप चालक थे। वही जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि डांडू करंज टोली निवासी गन्दूर लोहरा द्वारा अपना साला का विवाह में डांडू करंज टोली से सिमडेगा बरात जाने के लिये मां सरना रोडवेज बस को रिजर्व किया गया था,जिस के लिए चालक बस को लेकर लोहरदगा से डांडू करंज टोली जाने के लिये निकला, परंतु अधिक रात होने के कारण चालक रास्ता भटक गया और करंज टोली ग्राम से आगे बढ़ गया,उसी दौरान चौकनी हेसवे के बीच मे बस रास्ता किनारे गड्ढा में घुस कर पेड़ में अटक गया। बस में सवारी नही रहने के कारण बड़ा हादसा टल गया।

## देश की बदलती तस्वीरों में युवाओं की विचारधारा और योगदान दोनों अहम : सचिन कुमार साहू



लोहरदगा(आजाद सिपाही)। रविवार को भाजपा नगर अध्यक्ष सचिन कुमार साहू के नेतृत्व में जिला के विभिन्न बूथों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम ह्यमन की बातह्न के 122वें एपिसोड का सामूहिक श्रवण किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकताओं ने भाग लिया और प्रधानमंत्री के संदेशों को ध्यानपूर्वक सुना। इस दौरान नगर अध्यक्ष सहित कई लोगों को सम्मानित भी किया गया। श्री साहू ने कहा कि ह्लदेश की बदलती तस्वीरों में युवाओं की विचारधारा और उनका योगदान दोनों ही अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। प्रधानमंत्री ने बाघों की संख्या में वृद्धि, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस, खेलो इंडिया में बिहार की उपलब्धियों, स्वच्छ भारत मिशन और मधुमक्खी पालन के क्षेत्र में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिली मजबूती जैसे अनेक विषयों पर प्रकाश डाला। उन्होंने सभी नागरिकों से इन प्रयासों को अपनाने और आगे बढ़ाने का आह्वान किया। भाजपा नगर उपाध्यक्ष अशोक कांस्यकार ने कहा कि ह्लह्यमन की बातह्न हमें देश की प्रगति और सामाजिक विकास की दिशा में कार्य करने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के संदेशों को आत्मसात करते हुए समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के संकल्प के साथ कार्यक्रम का समापन किया

## प्रखंड उपाध्यक्ष के लिए महताब आलम और नाजिम आलम का चयन किया गया



आजाद सिपाही संवाददाता

**कैरो।** प्रखंड के स्व शिव प्रसाद साहू मेमोरियल भवन कैरो में रविवार को नव मनोनीत प्रखंड अध्यक्ष बुधवा उरांव की अध्यक्षता में प्रखंड कमिटी विस्तार को लेकर कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। मौके पर सर्वप्रथम नव मनोनित प्रखंड अध्यक्ष का स्वागत किया गया उसके बाद गहन विचार विमर्श, कार्यकर्ताओं से राय सुमारी के बाद सर्वसम्मति से प्रखंड उपाध्यक्ष के लिए महताब आलम और नाजिम आलम का चयन किया गया। वहीं प्रखंड महासचिव के लिये राममोहन उरांव, मोइन खान, ललित महतो,अनवर अंसारी, युनुश अंसारी, फूलकुमार भगत, प्रकाश उरांव, जोरावर खान,प्रवीण पांडेय का चयन किया गया। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष समेत सभी पार्टी पदाधिकारियों ने दिये गयेजिम्मेवारी को निभाने और पूरी निष्ठा के साथ पार्टी हित मे कार्य करने की बात कही। मौके पर शरत कुमार विद्यार्थी, मुर्शिद महताब अंसारी आलम खान,किशोर भगत,जलिल अहमद खान,जमील अख्तर अंसारी, प्रदेश यूथ कांग्रेस के अल्ताफ अंसारी, मुस्लिम अंसारी, इंतखाब आलम, मनोज उराँव, रूपदेव उरांव, मंगरा उरांव,रोहित प्रजापति आदि उपस्थित थे।

# सेवा भारती का 154वां निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता




**लोहरदगा।** सेवा भारती लोहरदगा के तत्वावधान में चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के प्रांगण में रविवार को लगातार 154वें सप्ताह निःशुल्क स्वास्थ्य जांच और चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ सुबह 7:30 बजे जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, डॉ. कुमुद अग्रवाल, उपाध्यक्ष अवधेश मित्तल, सह सचिव संजय चौधरी एवं अनामिका भारती ने भारत माता की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। सभी उपस्थित लोगों ने ₹भारत माता की जय₹ के नारों के साथ राष्ट्र को नमन किया। इस शिविर में कुल 53 लोगों ने स्वास्थ्य जांच करवा कर लाभ प्राप्त किया। शिविर में हीमोग्लोबिन, यूरिक एसिड, ब्लड ग्रुप, शुगर, बीपी, वजन, हार्ट बीट, ऑक्सीजन लेवल आदि की जांच निःशुल्क की गयी, जबकि अन्य जांच आधारभूत शुल्क पर पैथोलॉजी द्वारा उपलब्ध कराई गई। डॉ. कुमुद अग्रवाल ने वर्षा ऋतु में मच्छरजनित बीमारियों से सावधानी बरतने की सलाह दी, वहीं दीपक सर्राफ ने कहा कि जीव सेवा ही नारायण सेवा है। सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं।

## जंगली हाथियों ने मचाया तांडव, मजदूर का घर तोड़ खाया अनाज

बारियातू(आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के बारिखाप ग्राम अंतर्गत बोंगाठ टोला में शनिवार रात्रि जंगली हाथियों ने जमकर उत्पात मचाया। हाथियों के हमले में मजदूर दसु उरांव, पिता स्व. गहनु उरांव का कच्चा मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हाथियों ने घर में रखे धान, मक्का, आलू सहित अन्य खाद्य सामग्री को खाकर बर्बाद कर दिया। पीड़ित ने लगभग एक लाख रुपये की क्षति होने की बात कही है। पीड़ित मजदूर दसु उरांव ने बताया कि शनिवार रात करीब 9 बजे अचानक एक जंगली हाथी घर पर आ धमका। देखते ही देखते हाथी ने कच्चे मकान की दीवार तोड़ दी और घर में रखा सारा अनाज खा गया। हमलावर हाथी के कारण पूरा घर रहने लायक नहीं बचा है। बरसात के मौसम में अब उनके परिवार के समक्ष रहने की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गयी है। दसु उरांव ने बताया कि हाथी के आने की सूचना तत्काल वनरक्षी संतोष उरांव को दी गयी, परंतु वे मौके पर नहीं पहुंचे। यदि समय पर वन विभाग की टीम आ जाती तो इतनी बड़ी क्षति नहीं होती।रविवार सुबह स्थानीय मुखिया राजीव भगत, जेएमएम प्रखंड उपाध्यक्ष लाल आशीष नाथ शाहदेव सहित अन्य ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली।

# जातीय जनगणना में सरना धर्म कोड शामिल करने की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** सेन्हा प्रखंड कांग्रेस कमेटी की बैठक प्रखंड अध्यक्ष रूस्तम अंसारी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इस बैठक में आगामी 26 मई को राजधानी रांची में सरना धर्म को मांग को लेकर राजभवन का घेराव कार्यक्रम और आगामी 29 मई को लोहरदगा जिला स्तरीय संविधान बचाओ रैली में प्रखंड क्षेत्र के कांग्रेसियों की अधिक से अधिक भागीदारी को लेकर आवश्यक विचार विमर्श किया गया। इस बैठक में प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद, जिला उपाध्यक्ष मोहन दुबे जिला प्रवक्ता प्रदीप विश्वकर्मा, प्रखंड पर्यवेक्षक संतोष महतो और जिला मीडिया सेल के प्रकाश उरांव विशेष रूप से उपस्थित थे। इस मौके पर प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद ने उपस्थित पंचायत अध्यक्ष और कांग्रेसियों को संबोधित करते हुए कहा कि कल दिनांक 26 मई को झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के द्वारा आदिवासियों की चिर परिचित मांग जो उनके अस्मिता एवं धार्मिक पहचान से जुड़ा है। जातीय जनगणना में सरना धर्म कोड अलग से करने की मांग को लेकर जो झारखंड सरकार द्वारा विधानसभा से पारित कर केंद्र सरकार के पास भेजा गया है, जिसे केंद्र सरकार यथाशीघ्र लागू करे। वहीं 29 मई को जिला स्तरीय संविधान बचाओ रैली का आयोजन जिला कांग्रेस कमेटी लोहरदगा के द्वारा किया जा रहा है इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तरीय नेता शिरकत करेंगे। जाति और धर्म के आधार पर भेदभाव किया जा रहा है नेशनल हेराल्ड केस में कांग्रेस के हमारे नेताओं को सोनिया गांधी एवं राहुल को झूठा मुकदमा में फंसाया गया है इन्हीं सब मुद्दों को लेकर देशवासियों को भाजपा सरकार की गलत नीतियों का विरोध कर उनका पदार्फाश किया जायेगा। इस देश में जब तक संविधान सुरक्षित रहेगा तब तक देश का लोकतंत्र भी सुरक्षित रहेगा। इस संविधान को बचाना हम सभी का कर्तव्य है। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश कांग्रेस पीसीसी प्रतिनिधि नेसार अहमद, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष मोहन दुबे, प्रदेश कांग्रेस सेवा दल महामंत्री प्रदीप विश्व कर्मा, प्रखंड कांग्रेस प्रवेक्षक संतोष महतो, सांसद प्रतिनिधि नंदकिशोर शुक्ला,जोगेंद्र उरांव, प्रकाश उरांव, जीतराम उरांव, आदरा उरांव, सुकरा मुंडा, हाफिज अंसारी, रिजवान आलम, राजेंद्र भगत, तिवारी भगत, मुस्ताक अंसारी, मुख़्तार अंसारी आदि शामिल थे।

# हथियार का भय दिखाकर बाइक और कैमरा लूटा

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** विश्रामपुर-पांडू मुख्य पथ पर खूटिसोत नदी के पास राइडर बाइक पर सवार होकर आये तीन बदमाशों ने पिस्तौल का भय दिखाकर एक युवक से उसकी बाइक और कैमरा लूट लिये जाने का मामला प्रकाश में आया है। घटना शनिवार देर शाम की बतायी जा रही है। इस संबंध में भुक्तभोगी युवक ने विश्रामपुर थाना में प्राथमिकी भी दर्ज करायी है। जानकारी के अनुसार विश्रामपुर के हरहेपा गांव निवासी अमित कुमार पांडू से वापस अपने घर लौट रहा था। इसी बीच खूंटीसोत नदी के पास राइडर बाइक पर सवार तीन अज्ञात बदमाशों ने ओवरटेक किया और उसे पिस्तौल दिखाकर रूकने को कहा। जैसे ही युवक रूका, बदमाशों ने उसके उपर बंदूक तान दी और उसकी बाइक और कैमरा लूट लिया। इसके बाद तीनों बदमाश पिस्तौल लहराते हुए वहां से फरार हो गये। इसके बाद भुक्तभोगी युवक थाना पहुंचे और अपने साथ हुई घटना की जानकारी देते हुए शिकायत दर्ज करवाई। दूसरी ओर, शिकायत के बाद विश्रामपुर थाना प्रभारी सौरभ कुमार चौबे ने लूटपाट की घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि पुलिस जांच कर रही है। बहुत जल्द सभी आरोपित पुलिस के गिरफ्त में होंगे।

# पलामू भाजपा की संगोष्ठी कल

## कार्यक्रम की तैयारी को लेकर बैठक, रघुवर दास होंगे शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू भाजपा जिला कार्यालय में रविवार को बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अमित तिवारी और संचालन जिला महामंत्री ज्योति पांडे ने किया। बैठक में 27 मई को अहिल्याबाई होलकर की 300 वीं जयंती पर आयोजित होने वाले संगोष्ठी की तैयारी को लेकर विचार विमर्श किया गया। संगोष्ठी में राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के वरिष्ठ नेता रघुवर दास मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित होंगे। इस कार्यक्रम में भाजपा के सभी प्रमुख एवं सक्रिय कार्यकर्ता, नेताओं के



बैठक कर कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा करते भाजपा नेतागण।

साथ महिलाएं भाग लेगी। संगोष्ठी 27 मई में को दीनदयाल सभागार टाउन हॉल में होगा। अमित तिवारी ने बताया कि रघुवर दास 26 मई की देर शाम तक मेदिनीनगर परिसदन भवन पहुंचेंगें। ठाकुरबाड़ी रेडमा चौक पर रघुवर दास का भव्य स्वागत किया जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह ने कहा कि अहिल्याबाई होलकर का पूरा जीवन देश की धार्मिक एवं सांस्कृतिक धरोहरों का जीणोद्धार करने से जुड़ा हुआ है। केंद्र सरकार द्वारा उनके जीवन से जुड़े उद्देश्यों को लेकर आज पूरे देश में धार्मिक एवं सांस्कृतिक धरोहरों को पुन जीवित किया जा रहा है। पार्टी भी उनके 300वीं जयंती पर कार्यक्रम चलाकर उनके योगदान को याद किया जा रहा है। बैठक में अजय तिवारी, अरविंद गुप्ता, अभिमन्यु तिवारी, शिवकुमार मिश्रा, धीरेंद्र दुबे, सोमेश सिंह, प्रियरंजन कुमार, विपुल गुप्ता, रीना किशोर, श्वेताग गर्ग, शुभम प्रसाद, सरवन गुप्ता, जितेंद्र तिवारी, कुमार गौरव, राकेश दुबे, नंदलाल गुप्ता, निरंजन कुमार, आनंद कुमार, विनय तिवारी, सुनील तिवारी, निलेश पांडे, नित्यानंद तिवारी आदि मौजूद थे। धन्यवाद ज्ञापन जिला महामंत्री विजय ठाकुर ने किया।

# चार घंटे बिजली आपूर्ति बंद, ग्रामीणों ने किया विरोध



आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** जिले के हरिहरगंज नगर पंचायत क्षेत्र के सतगावां में बिजली विभाग की ओर से रविवार को करीब चार घंटे बिजली आपूर्ति बंद किए जाने पर ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों की मानें तो बिजली विभाग ने गांव के एलटी तार को लेकर नया बिजली का खंभा लगाया है। लेकिन विद्युत कनीय अभियंता गुणवंत कुमार ने मनमाने तरीके से 11 हजार वोल्ट का हाई वोल्टेज तार घनी आबादी वाले क्षेत्र में डालने की कोशिश की। इसका ग्रामीणों ने शनिवार को विरोध किया था। क्योंकि इससे उनकी सुरक्षा को खतरा हो सकता था। ग्रामीणों का कहना है कि इस प्रकार के हाई वोल्टेज तार के लिए आबादी वाले इलाके में उपयुक्त व्यवस्था नहीं है। ग्रामीणों ने कहा कि सतगावां गांव के बाहर हाई वोल्टेज तार ले जाने की रूट लाइन है। आरोप लगाया कि कनीय अभियंता गुणवंत कुमार ने उनकी आपत्ति को नजरअंदाज कर मनमानी करने की कोशिश की। जब उनका विरोध हुआ तो उन्होंने गांव में बिजली आपूर्ति चार घंटे के लिए पूरी तरह से बंद कर दी। इस एकतरफा फैसले से ना केवल लोगों को दिक्कतें हुई, बल्कि गर्मी के मौसम में जलापूर्ति, स्वास्थ्य सेवाओं और अन्य आवश्यक कामों में भी अवरोध पैदा हुआ। इस घटना के विरोध में सैकड़ों ग्रामीणों ने ब्लॉक परिसर में स्थित पावर ग्रिड का रुख किया और वहां कनीय अभियंता के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। हालांकि ग्रामीणों द्वारा विरोध करने के बाद गांव में बिजली सेवा बहाल कर दी गई है। इस संबंध में कनीय अभियंता का पक्ष जानने के लिए कई बार फोन किया गया, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया। दूसरी ओर, सामाजिक कार्यकर्ता रविंद्र पासवान ने ग्रामीणों की मांग को जायज बताते हुए कहा कि इस पूरे मामले ने एक बार फिर बिजली विभाग की कार्यप्रणाली और अधिकारियों के व्यवहार पर सवाल खड़े कर दिए हैं। कहा कि भविष्य में ऐसी मनमानी ना हो, इसके लिए आरोपित अधिकारी पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

# वेतनमान देने की घोषणा पर वित्त रहित शिक्षकों और कर्मचारियों ने जताया वित्त मंत्री का आभार

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** राज्य के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर द्वारा वित्त विभाग से वित्त रहित शिक्षक कर्मचारी का 75 फीसदी अनुदान वृद्धि की संचिका सहमति मिलने पर पलामू प्रमंडल के सैकड़ो शिक्षकों-कर्मचारियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए वित्त मंत्री को बुके देकर एवं मिठाई खिलाकर उसका आभार व्यक्त किया। शिक्षक-कर्मचारियों ने कहा कि कार्मिक विभाग में संचिका वर्षों से पड़ी है, जिसमें मुख्यमंत्री का भी समान काम के बदले समान वेतन देने की घोषणा विधानसभा में की गयी थी। इस आलोक में शिक्षा विभाग ने संचिका कार्मिक विभाग को भेजा है। उसमें लिखा गया है कि वित्त रहित शिक्षा नीति समाप्त कर शिक्षक एवं कर्मचारियों को वेतनमान दिया जाए। वित्त मंत्री ने



आश्वासन दिया कि इस कार्य को भी वह कराने को लेकर बात करेंगे। वित्त मंत्री के आश्वासन के बाद वित्त रहित शिक्षण संस्थानों से जुड़े शिक्षकों एवं कर्मचारियों में खुशी का माहौल है। इस मौके पर इंटर महासंघ के प्रदेश महासचिव, मोर्चा के अध्यक्ष मंडल सदस्य अरविंद कुमार सिंह, अनिल कुमार तिवारी, स्वाति कुमारी, मधु लता सिंह, बसंत पाठक, विनोद कुमार, सुशील सिंह, सच्चिदानंद सिंह, तबस्सुम आरा, फारूक अहमद, अवध बिहारी सिंह एवं जय लोक मिश्रा आदि मौजूद थे।

# आइवीएफ तकनीक निःसंतान दंपति के लिए महत्वपूर्ण समाधानः डॉ करुणानिधि

**न्यू वनांचल अस्पताल में निःसंतान दंपतियों के लिए निःशुल्क परामर्श शिविर का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** शहर के जपला-नबीनगर रोड स्थित न्यू वनांचल अस्पताल परिसर में रविवार को निःसंतान दंपतियों के लिए सीड्स ऑफ इनोसेंस आईवीएफ एवम टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर रांची की ओर से निःशुल्क परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ करुणानिधि ने दंपतियों को निःशुल्क परामर्श दिया। डॉ करुणानिधि ने टेस्ट ट्यूब बेबी पद्धति के बारे में विस्तार से बताया। कहा कि यह पद्यति निःसंतान दंपतियों के लिए एक महत्वपूर्ण समाधान है। खासतौर पर जिन महिलाओं के अंडे नहीं



बनते, उम्रदराज महिलाओं के लिए, जिनकी ट्यूब ब्लॉक हो, माहवारी बंद हो गई हो, बच्चेदानी में टीबी या गांठ हो या सामान्य रिपोर्ट के बावजूद संतान सुख नहीं मिल पा रहा हो, उनके लिए यह एक सफल उपाय हो सकता है। इसके अलावा, जिन पुरुषों के वीर्य में शुक्राणु की कमी या जिनका शुक्राणु बिल्कुल नहीं हो, उनके लिए भी आईवीएफ तकनीक से संतान सुख प्राप्त किया जा सकता है। इस दौरान शिविर में 32 दंपतियों ने इलाज के लिए डॉक्टर से परामर्श लिया। न्यू वनांचल अस्पताल के डॉ बिनय कुमार ने बताया कि यह निःशुल्क परामर्श शिविर हर माह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में बेबी सेंटर के प्रबंधक अरबिंद कुमार सहित दर्जनों दंपती मौजूद थे।

# अविनाश देव ने बच्चों को दिया जीवन-ज्ञान



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** संत मरियम विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने विद्यालय में ग्रीष्मावकाश की घोषणा पर छात्रों को शैक्षणिक ही नहीं, बल्कि जीवनोपयोगी और नैतिक शिक्षाएं भी दी। उन्होंने छात्रों को छुट्टियों के दौरान सतर्क रहने और आत्म-विकास पर ध्यान देने की सलाह दी। कहा कि वर्ष भर की पढ़ाई के बाद विद्यार्थी ग्रीष्मावकाश का बेसब्री से इंतजार करते हैं। तपती दोपहर में विद्यालय जाना और फिर कड़ी पढ़ाई, बच्चों के लिए मानसिक थकान का कारण बनता है। विद्यालय नियमावली के अनुसार एक महीने का अवकाश घोषित किया गया है। इससे पूर्व अविनाश देव ने बच्चों से संवाद करते हुए उन्हें वर्तमान सामाजिक परिवेश के प्रति जागरूक किया। बताया कि किस प्रकार सोशल मीडिया, टीवी, अखबारों के माध्यम से आए दिन ऐसी खबरें सामने आती हैं, जो दिल दहला देने वाली होती हैं। उन्होंने चेताया कि गर्मी की छुट्टियों में अधिकांश बच्चे हिल स्टेशन, जलप्रपात, बाइक राइडिंग, मोबाइल गेम्स या रिश्तेदारों के घरों में समय बिताते हैं, जबकि कुछ बच्चे बेवजह घूमकर समय गंवा देते हैं। उन्होंने बच्चों को आगाह किया कि कई बार एक छोटी-सी गलती जीवन भर की सजा बन जाती है। इस लिए सावधान रहना होगा। अविनाश देव ने छात्रों से आग्रह किया कि वे इस अवकाश को आत्म-मंथन, आत्म-शिक्षा और अच्छे संस्कारों को अपनाने में लगाएं। कहा कि भारत की भूमि ज्ञान की भूमि रही है। बुद्ध, महावीर, विवेकानंद, डॉ राजेंद्र प्रसाद और डॉ एपीजे अब्दुल कलाम जैसे महान व्यक्तित्व इसी भूमि पर जन्मे हैं। आप जैसे छात्र ही भारत को पुनः विश्वगुरु बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि छुट्टियों में कोई ऐसा कार्य न करें, जिससे विद्यालय या परिवार की छवि धूमिल हो। उन्होंने बच्चों से किताबों से प्रेम करने और भविष्य निर्माण की दिशा में बढ़ने का आग्रह किया।

# गजना धाम के मुख्य मंदिर निर्माण को लेकर हुई चर्चा



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** बिहार-झारखंड की सीमा पर स्थित सुप्रसिद्ध माता गजनेश्वरी धाम में गजना धाम न्यास समिति एवं दिव्य एवं भव्य सूर्य मंदिर निर्माण समिति के तत्वाधान में रविवार को बैठक हुई। इसमें हुसैनाबाद प्रखंड एवं बिहार के नवीनगर प्रखंड के पंचायत प्रतिनिधि, विभिन्न राजनीतिक दल के वरिष्ठ नेता, पैक्स अध्यक्ष, व्यापारमंडल अध्यक्ष, नगर अध्यक्ष, पूर्व मुखिया और प्रबुद्ध लोग शामिल थे। इसकी अध्यक्षता गजना धाम के महंत श्री श्री 108 अवध दास जी और संचालन गजना धाम न्यास समिति के सचिव सिद्धेश्वर विद्यार्थी ने किया। बैठक में मुख्य रूप से मंदिर की सुंदरता और भव्यता पर चर्चा की गयी। साथ ही मुख्य मंदिर निर्माण के लिए अधिक से अधिक राशि संग्रह करने पर चर्चा की गयी। निर्णय लिया गया कि कम से कम 21 हजार एवं इससे अधिक राशि दान करने वाले व्यक्ति का नाम मंदिर के बोर्ड पर अंकित किया जाएगा। इस मौके पर हुसैनाबाद व्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्णा बैठा, पूर्व नगर अध्यक्ष शशि कुमार, भाजपा के वरीय नेता अशोक कुमार सिंह, पूर्व मुखिया रामप्रवेश सिंह, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता, पूर्व मुखिया अभय कुमार उर्फ टूना सिंह, समाजसेवी सह शिक्षक राजकुमार रजक, मुखिया अमरेंद्र ठाकुर, श्रवण राम, अशोक यादव, रामलखन यादव, बिमलेश पासवान, भृगुनाथ सिंह, शिवलोक सिंह, भारत पासवान, अशोक सिंह, चंचला देवी, शंभू पाण्डेय और रामराज पासवान आदि उपस्थित थे।

# अलौकिक प्रेम कथा है रुक्मिणी-कृष्ण विवाहः किंकर जी महाराज

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** लहल्हे में चल रहे सप्तदिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के पांचवे दिन कथा वाचक पूज्य श्री मारुति किंकर जी महाराज ने भगवत प्रेम की अनुपम छटा बिखेरते हुए 'रुक्मणी हरण' एवं 'रास लीला' जैसे महत्वपूर्ण प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा स्थल पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी और वातावरण श्रीकृष्ण नाम के गगनभेदी जयकारों से गूंज उठा। कथा की शुरूआत में महाराज श्री ने रुक्मणी जी के जन्म, उनका स्वभाव, विद्या और भगवद्भक्ति पर प्रकाश डालते हुए बताया कि कैसे रुक्मणी जी ने बचपन से ही श्रीकृष्ण को अपने हृदय में वास दे दिया था। उन्होंने राजा भीष्मक की



पुत्री होते हुए भी, राज्य और धन के मोह से परे जाकर कृष्ण को ही अपना परम प्रिय माना। विदर्भ की राजकुमारी रुक्मणी ने जब अपने विवाह के लिए भगवान श्रीकृष्ण को पत्र लिखा और उनके प्रेम के लिए समाज और बंधनों से ऊपर उठीं, तो वह केवल एक प्रेमिका नहीं, बल्कि भक्ति की आदर्श प्रतीक बन गईं। मारुति किंकर जी महाराज ने अत्यंत सरस शैली में वर्णन किया कि कैसे श्रीकृष्ण ने रथ लेकर रुक्मणी जी का हरण किया और शिशुपाल जैसे अभिमानी राजा को पराजित कर प्रेम और धर्म की विजय सुनिश्चित की। इसके बाद महाराजश्री ने रास लीला का अद्भुत प्रसंग सुनाया। उन्होंने बताया कि रास लीला केवल एक नृत्य या मनोरंजन नहीं, बल्कि आत्मा और परमात्मा के मिलन की वह दिव्य अवस्था है, जहां गोपियां प्रतीक हैं जीवात्मा की, और श्रीकृष्ण हैं उस परमात्मा के जो सबमें रमते हैं। गोपियों का श्रीकृष्ण में विलय, उनकी पूर्ण समर्पण की भावना और निःस्वार्थ प्रेम यह सब रास लीला के माध्यम से प्रकट होता है। यह भी कहा कि रासलीला कोई सांसारिक प्रेम कथा नहीं, बल्कि यह उस अध्यात्म की पराकाष्ठा है जहां अहंकार समाप्त होता है और केवल भक्ति शेष रहती है। गोपियां अपने घर छोड़कर, समाज की परवाह किए बिना केवल श्रीकृष्ण के चरणों की ओर दौड़ पड़ीं यह भक्ति की सर्वोच्च अवस्था है। भजन, कीर्तन और महाराजश्री की प्रभावशाली वाणी ने वातावरण को श्रीकृष्णमय बना दिया। अंत में आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ पंचम दिवस की कथा का समापन हुआ। कथा आयोजक विवेकानंद त्रिपाठी ने बताया कि 26 मई को यज्ञ की पूर्णाहूति के बाद विशाल भंडारे का आयोजन होना है।

# महिला शाखा को छोड़ पलामू चैंबर की सभी इकाई भंग, 30 जून तक चुनाव

## सांसद, मंत्री एवं विधायकों से मिलकर रखी जायेगी समस्या : आनंद शंकर

**- 101 महिला उद्यमियों को एमएसएमई ऋण दिलाने का लक्ष्य**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की बैठक रविवार को होटल ज्योति लोक में हुई। जिसकी अध्यक्षता चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर और संचालन सचिव इंद्रजीत सिंह डिंपल ने किया। बैठक में मुख्य मुद्दा बिजली की भयावह स्थिति, एमएसएमई के तहत 101 महिलाओं को सुलभ तरीका से व्यवसाय के लिए ऋण दिलाने, पलामू औद्योगिक क्षेत्र विस्तार के लिए प्रशासन की ओर से भूमि उपलब्ध कराने, सोलर एनर्जी पार्क के लिए पलामू सांसद बीडी राम से संपर्क स्थापित कर मलय डैम में फ्लोटिंग सोलर पार्क बनाने, कोयल नदी पर पीपा का पुल बनाकर फिलहाल नया पुल बनते तक चैनपुर-शाहपुर को जाम से निजात दिलाने, चैनपुर नोयूरा



मार्ग बनाने के लिए चेंबर द्वारा आंदोलन छेड़ने और संगठन की मजबूती को लेकर चर्चा हुई। सभी लोगों ने निर्णय लिया की एक बैठक राज्य के मंत्री, सांसद एवं स्थानीय प्रमंडल के सभी विधायकों से मिलकर उपरोक्त मुद्दे के लिए लड़ाई लड़ने की रणनीति बनाई जाए, ताकि व्यावसायिक हित में कार्य हो सके। इस दिन हुई बैठक में महिला शाखा को छोड़कर चेंबर की सभी इकाइयों को सर्वसम्मति से भंग कर दिया गया। लगे हाथ 30 जून तक नई इकाई गठन करने का निर्णय भी लिया गया। बैठक में शिव कुमार दुबे, सुनील सोनी, विपुल जी, राजेश गुप्ता एवं बिजली विभाग के पूर्व जीएम आरके प्रसाद को चेंबर की सदस्यता दी गई। वहीं, जनरल मैनेजर इलेक्ट्रिक से रिटायर्ड आरके प्रसाद ने बताया कि सभी विद्युत उपभोक्ताओं को सन पावर कैपेसिटर जो बहुत कम दाम में आता है उसे लगाना चाहिए। इससे बिल में पांच प्रतिशत डिस्काउंट मिलेगा और 20 प्रतिशत बिजली यूनिट में कमी आएगी। बैठक में विशिष्ट अतिथि के रूप में झारखंड चेंबर के उपाध्यक्ष रिंकू दुबे उपस्थित थे। उन्होंने बताया कि जल्द एमएसएमई के लिए झारखंड चेंबर से संपर्क कर महिलाओं के विकास को लेकर एक बैठक की जाएगी। इस मौके पर कृष्ण अग्रवाल, अजय तिवारी, मनोहर कुमार लाली, धनंजय सोनी, सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, गुड्डू खान, राजदेव उपाध्याय, प्रदीप कुमार बाबू, चेंबर संगठन मंत्री अरविंद गुप्ता, बिंदेश प्रसाद, अखिलेश प्रसाद, आलोक माथुर, विक्रांत सिंघानिया, राजेश सोनी, सुरेंद्र कुमार तिवारी, गिरधारी गर्ग, कमल कुमार जैन, रंजन कुमार अग्रवाल, सतीश साहू, नवीन पांडे, अरविंद कुमार अग्रवाल आदि उपस्थित थे। अंत में सभी लोगों ने शहर के वरिष्ठ पत्रकार जसप्रीत सिंह की पत्नी के निधन पर शोक प्रकट किया।

# केयर एंड सर्व फाउंडेशन ने किया कपड़ा वितरण



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** समाजसेवी संस्था केयर एंड सर्व फाउंडेशन की तरफ से कहलडीह, धोखरा पंचायत में जरूरतमंदों के बीच रविवार को कपड़ा वितरण किया गया। रॉबिन चटर्जी के नेतृत्व में कपड़े का वितरण किया गया। इस मौके पर मुन्ना खान और सुनील कुमार महतो उपस्थित थे।

# संयुक्त छापामारी में 34 टन कोयला जब्त

**जारंगडीह/बेरमो (आजाद सिपाही)।** सीसीएल कथारा महाप्रबंधक संजय कुमार के आदेश पर क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी के नेतृत्व में बोकारो थर्मल पुलिस और सीसीएल सुरक्षा टीम की ओर से संयुक्त छापामारी कर रविवार को जारंगडीह सरना स्थल के समीप 34 टन से अधिक कोयला जब्त किया गया। जिसे जेसीबी की मदद से डंफरो में लोड कर जारंगडीह कोलियरी में डंप कर दिया गया। बताया जा रहा कि जारंगडीह भीटी सेंटर के सरना स्थल मार्ग पर जंगल के बीचो-बीच अवैध कोयला तस्करों द्वारा कोयला जमा कर विभिन्न वाहनों से कोयला ले जाने की सूचना मिल रही थी। सूचना क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी सुनील कुमार गुप्ता के निर्देश पर महाप्रबंधक कार्यालय की सुरक्षा प्रभारी मो इबरार और जारंगडीह के सुरक्षा प्रभारी सुरेश राम ने अवैध कोयला जमा होने की जानकारी दी गई। जिसके आलोक में बोकारो थर्मल थाना प्रभारी पिंकू कुमार यादव के निर्देश पर थाना के सहायक अवर निरीक्षक अरविंद मेहता पुलिस बल और सुरक्षा टीम के साथ अवैध कोयला स्टॉक स्थल पर पहुंचकर जमा कोयले को जब्त किया। बताया जा रहा कि जब्त कोयले के उठाव को लेकर थाना की ओर से काफी मशक्कत करने के बाद घंटों इंतजार करने पर सीसीएल प्रबंधन द्वारा एनपीएल की जेसीबी और डंपर उपलब्ध कराया गया। इसके बाद ही अवैध कोयले का उठाव संभव हो सका। इस मौके पर बीटीपीएस थाना के अनि अरविंद मेहता, जीएम ऑफिस के सुरक्षा प्रभारी ईबरार अहमद, जारंगडीह कोलियरी के सुरक्षा प्रभारी सुरेश राम, जारंगडीह कोलियरी के सुपरवाइजर सौरभ दुबे, एनईपीएल आउटसोर्सिंग कंपनी के शिफ्ट इंचार्ज आदि मौजूद रहे।

## चैनपुर में ट्रैक्टर पलटा, कोई हताहत नहीं



चैनपुर (आजाद सिपाही)। चैनपुर प्रखंड के मालम पंचायत के डहुडड़गांव में तीखा मोड़ के समीप एक स्वराज ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गयी। ट्रैक्टर पर मोरम मिट्टी लदा हुआ था। घटना के समय ट्रैक्टर की रफ्तार इतनी तेज थी कि ड्राइवर कंट्रोल नहीं कर पाया और ट्रैक्टर पलट गयी। घटना के समय एक महिला और बच्चा रोड से गुजर रहे थे। ट्रैक्टर की रफ्तार इतनी तेज थी कि वह बाल-बाल बच गयी। यदि थोड़ी सी भी देर होती तो बड़ा हादसा हो सकता था। ग्रामीणों से बातचीत करने पर पता चला कि ड्राइवर नशे में था। आये दिन चैनपुर क्षेत्र में नशा का सेवन कर वाहन चलाने से इस तरह की घटनाएं होती रहती हैं। वाहन चालकों को तनिक भी ख्याल नहीं है कि स्वयं की जिंदगी और राहगीरों की जिंदगी को जोखिम में लेकर चलते हैं। कांग्रेस पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष निरंजन बड़ा का कहना है कि दो पहिया हो या चार पहिया, वाहन चालकों के उपर कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। यदि कोई चालक यातायात नियमों का पालन नहीं करते हैं तो उन्हें सजा मिलनी चाहिए। इससे यातायात नियमों का पालन होगा और दुर्घटना होने से बचा जा सकेगा। इस तरह की घटनाएं यातायात नियमों का पालन करने की आवश्यकता को दर्शाती हैं। वाहन चालकों को अपने और दूसरों की जिंदगी की सुरक्षा के लिए यातायात नियमों का पालन करना चाहिए।

## करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

घाघरा (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के इटकीरी नावाडीह गांव में बिजली तार की चपेट में आने से नवाडीह निवासी लगभग 45 वर्षीय बुधमन उरांव और दो बैल की मौत हो गयी। घटना के संबंध में मृतक की पत्नी सूरतमुनि देवी ने बताया कि रविवार की अहले सुबह बुधमन खेत में हल जोतने के लिए अपना दोनों बैल को लेकर जा रहा था। इसी दौरान बिजली का तार सड़क में टूट कर गिरा हुआ था जिसकी चपेट में दोनों मवेशी आ गया। दोनों मवेशी को तड़पता हुआ देख मवेशी को बचाने के लिए बुधमन भी सामने गया तो करंट उसे भी अपने चपेट में ले लिया जिससे बुधमन व दोनों मवेशी की मौत घटनास्थल पर ही हो गया। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। यहां बता दे कि गांव में जितना भी तार लगा है सभी पूरी तरह से जर्जर हो चुका है। यदि जल्द उसे मरम्मत नहीं कराया गया तो आने वाले समय में घटना की संभावना बनी रहेगी। घटना के बाद बिजली विभाग और घाघरा पुलिस को इसकी जानकारी दी गयी। घाघरा पुलिस घटनास्थल पहुंच शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस संबंध में बिजली विभाग के एसडीओ करमा उरांव से पूछने पर उन्होंने कहा घटना की सूचना मिली है। विभाग के द्वारा जो भी मुआवजा का प्रावधान है पीड़ित परिवार को जल्द से जल्द मिले इसके लिए हम सभी काम कर रहे हैं और जल्द से जल्द मुआवजा दिया जायेगा।

## सेना के सम्मान में आयोजित जय हिंद कार्यक्रम में शामिल होंगे इमरान प्रतापगढ़ी

गुमला (आजाद सिपाही)। कांग्रेस पार्टी के अल्पसंखयक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह राज्य सभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी के इटकी आगमन को लेकर कांग्रेस के अल्पसंखयक जिला अध्यक्ष साहेब वसीम ने प्रेस रिलीज जारी किया। उन्होने कहा कि आगामी 27 मई को दोपहर 1 बजे राष्ट्रीय अध्यक्ष सह राज्य सभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी रांची के इटकी में जय हिंद सभा को संबोधित करेंगे। सभा की तैयारी बंधु तिर्की की देख रेख में जोर शोर से चल रही है। उन्होंने आगे कहा कि इसी सिलसिले में प्रदेश अध्यक्ष मंजूर अंसारी ने सभी प्रदेश जिला अध्यक्षगण जिला कमेटी प्रखंड अध्यक्षगण प्रखण्ड कमटी अपनी उपस्थिति दर्ज कराने की अपील की है। कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग को मजबूती प्रदान करने और जय हिंद सभा को सफल बनाने का दायित्व सभी कांग्रेसी कार्यक्रताओं को दिया गया है। सभी प्रखंड अध्यक्ष और पदाधिकारियों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में रांची एयरपोर्ट पहुंचने का निर्देश दिया गया है। आगे बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष का जोरदार स्वागत रांची एयरपोर्ट में किया जायेगा और एक लंबे काफिला के साथ सभी उनके साथ इटकी जायेंगे। जो ऐतिहासिक होने की आशा है।

## नवागढ़ शाहीटोली में कार्तिक उरांव की प्रतिमा की स्थापना का वार्षिक उत्सव मना



रायडीह (आजाद सिपाही)। नवागढ़ शाहीटोली गांव मे पंखराज साहेब कार्तिक उरांव की प्रतिमा स्थापित का तीसरा वर्षिक उत्सव धुमधाम के साथ रविवार को मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतखा पड़हा के दीवान सुखदेव उरांव के अगुवाई में सरना प्रार्थना के साथ शुरू हुआ। इस मौके पर युवा सामाजिक कार्यकर्ता मिशिर कुजूर ने कहा कि कार्तिक बाबा शिक्षाविद थे उन्होंने आदिवासी समाज को शिक्षित व सभ्य समाज विकसित करने के लिए जागरूक करने का कार्य किया। उन्होंने प्रारंभिक शिक्षा के उपरांत हाइ एजुकेशन के लिए लंदन और विभिन्न देश भे पढ़ाई किया। लंदन मे उन्हे नौकरी भी मिली लेकिन वे नौकरी छोड़कर अपने आदिवासी समाज को शिक्षित और विकसित कर मुख्यधारा से जोड़ने के लिए छोटानागपुर के एक एक गांव मे जाकर आदिवासी सरना समाज के लोगों को जागरूक करने का काम किया। मौके पर युवा समजिक कार्यकर्ता और लक्ष्य फिजिकल एकेडेमी गुमला के नेलशन भगत ने कहा कार्तिक बाबा कोई मामूली इंसान नही थे, पूरे एशिया महादेश के पढ़े लिखे 7वें व्यक्ति थे। आज जिस तरह से आदिवासी समाज मे चौतरफा हमला हो रहा है, कार्तिक बाबा के द्वारा स्थापित सिरमटोली केंद्रीय सरना स्थल को भी नही छोड़ा जा रहा है। आज आदिवासी समाज को एकजुट होकर अपने पूजा पद्धाति धर्म सांस्कृतिक परिधान गीत नृत्य रहन सहन सरना मसना कदलेटा आदि को संरक्षित करना होगा,अपने आने वाले पीढ़ी को बताना होगा। इस मौके पर खोड़हा दल की महिलाए पारंपरिक वेशभूषा ढ़ोल नगाड़ा के साथ नृत्य-संगीत प्रस्तुत कर उत्सव मनाया। मौके पर विश्वनाथ उरांव, सुनील उरांव, सुबोद उरांव, विमल उरांव, रामचंद्र उरांव सोमनाथ उरांव, मकुंद भगत, दयतु उरांव, भीखा उरांव, बानेश्वर उरांव, विनय उरांव, सुखदेव उरांव, ग्राम प्रधान दिपक बैगा उपमुखिया तस्लीम आदि सैकड़ो महिला पुरूष मौजूद थे।

## जामटोली में डीजे लदा पिकअप पलटा, दो घायल

भरनो/ गुमला (आजाद सिपाही)। भरनो थाना क्षेत्र के भरनो चट्टी मार्ग में जामटोली गांव में सुबह 10.30 बजे डीजे साउंड लदा हुआ पिकअप गाड़ी अनियंत्रण होकर पलटा जिसमे दो पिकअप वाहन के दो लोग घायल हो गये। प्राप्त सूचना के अनुसार शमशेरा गांव से डीजे साउंड लोड कर नगड़ी वापस लौट रही पिकअप गाड़ी विपरीत दिशा से आ रही कार एवम साइकिल सवार व्यक्ति को बचाने के क्रम में पिकअप गाड़ी पेड़ से टकरा कर पलट गई। पिकअप गाड़ी में सवार दो व्यक्ति छोटू लकड़ा एवं छोटू उरांव दोनों इटकी निवासी घायल हो गये। घटनास्थल पर सब इंस्पेक्टर मंटू चौधरी दलबल के साथ पहुंचकर ग्रामीणों की सहायता से घायल दोनों व्यक्ति को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भरनो पहुंचाएं जहां डॉक्टर ज्योति प्रकाश ने प्राथमिक उपचार करने के उपरांत दोनों को छुट्टी दिया।

# गुमला में सीसीटीवी मॉनिटर के साथ दो चोर गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



गुमला। प्राथमिकी दर्ज के 24 घंटे के भीतर झारखंड शिक्षा परियोजना कार्यालय से चोरी हुई दो सीसीटीवी मानिटर के साथ दो चोर को गिरफ्तार कर नये थाना प्रभारी ने पहली उपलब्धि हासिल की है। जानकारी के अनुसार पुराना समाहरणालय परिसर स्थित झारखंड शिक्षा परियोजना कार्यालय प्रशिक्षण सह उत्पादन केंद्र भवन से पिछले दिनों सीसीटीवी मानिटर की चोरी हुई थी।

इस संबंध में जिला शिक्षा पदाधिकारी सह परियोजना पदाधिकारी कविता खलखो ने 24 मई को गुमला थाना में सीसीटीवी मानिटर चोरी की लिखित शिकायत की थी। कविता खलखो के शिकायत पर गुमला थाना में बीएनएस की धारा 344 (4) / 302(2) के तहत कांड संख्या 162/25 दर्ज किया गया। एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव के नेतृत्व में छापामार दल का गठन किया गया और तकनीकी अनुसंधान के सहयोग से थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर महेंद्र कुमार करमाली, एसआइ अखिलेश कुमार ठाकुर, एएसआई सुनील कुमार ने जवानों के साथ सबसे पहले अंबेदकर नगर के भुंइया मुहल्ला में सुमित कुमार को गिरफ्तार किया। उसके घर से चोरी का एक मॉनिटर बरामद किया गया। उसके निशानदेही पर उसी मुहल्ला में असफाक खान उर्फ गुडू को गिरफ्तार किया गया। उसके घर से भी एक मॉनिटर बरामद किया गया। पूछताछ पर दोनों ने अपना अपराध स्वीकार किया।

गुमला थाना में प्रेस कांफ्रेंस में एसडीपीओ सुधीर प्रसाद यादव ने कहा कि असफाक का पुराना आपराधिक इतिहास रहा है। पहले भी चोरी केस में जेल जा चुका है। दोनों का बयान दर्ज कर जेल भेज दिया गया। चोरी के घटना में अंकुश लगाने के लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही है।

# टांगरडीह में बाइक ने दो बच्चों को मारी टक्कर, एक रिम्स रेफर

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। डुमरी थाना क्षेत्र अंतर्गत टांगर डीह गांव में तेज रफ्तार बाइक सवार ने पैदल सड़क पर चल रहे दो मासूम बच्चे को टक्कर मार दिया। घटना रविवार की सुबह 10 बजे की है। घटना में टांगरडीह निवासी स्वर्गीय वीर कुंवर भगत का पांच वर्षीय पुत्री तृषा कुमारी और उदय कांत भगत का नौ वर्षीय पुत्र हर्षित खलखो गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों के सिर चेहरा और पैर में गंभीर चोट लगी है। तत्काल स्थानीय लोगों की मदद से दोनो घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डुमरी ले जाया गया। जहां प्राथमिक इलाज के उपरांत दोनों को सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना पर डुमरी थाना की पुलिस गांव पहुंची और बाइक व चालक को थाना ले गयी।



जानकारी के मुताबिक दोनों घायल बच्चे पड़ोसी हैं। और गांव की ओर से खेलने के बाद अपने घर लौट रहे थे। तभी पीछे से बाइक ने जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर के बाद बाइक अगला चक्का तृषा के एक पैर में चढ़ गया। लोगों ने बताया बाइक रविंद्र नगर निवासी एक युवक चला रहा था। वहीं सदर अस्पताल में इलाज के उपरांत गंभीर स्थिति को देखते हुए तृषा कुमारी को डॉक्टर ने रिम्स रेफर कर दिया।

# सुड़ी समाज गुमला जिला कमिटी के अध्यक्ष दिलीप और सचिव प्रमोद बने

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। सुड़ी समाज गुमला की आम बैठक रविवार की दोपहर 12 बजे आयोजित की गयी। जहां पुरानी कमिटी को भंग करते हुए सर्वसमिति से नयी कमिटी का गठन किया गया। जहां अध्यक्ष दिलीप नाथ साहू का नाम प्रस्ताव में लाया गया, जिसे बैठक में मौजूद कई लोगों ने समर्थन करते हुए अध्यक्ष पद का नाम तय कर लिया। लोगों को संबोधित करते हुए नव चयनित अध्यक्ष दिलीप नाथ साहू ने कहा की सुड़ी समाज ने मुझ पर विश्वास करते हुए जो दायित्व मुझे सोपा है, मैं उस दायित्व का निर्वहन करते हुए समाज को और अधिक आगे बढ़ाने की दिशा में कार्य करूंगा। मैं यह आशा भी करता हूं कि मेरे साथ चुनी हुई कमिटी इस कार्य में मेरा पूर्ण सहयोग करेगी। इसके पूर्व बैठक में आय व्यय का व्योरा प्रस्तुत करते हुए निवर्तमान पदाधिकारीयों ने नव चयनित पदाधिकारीयों को प्रभार सौंपा।



**निवर्तमान अध्यक्ष सूरज का कार्यकाल सराहनीय : विनय लाल**

जिला कमिटी के संरक्षक विनय कुमार लाल ने निवर्तमान अध्यक्ष सूरज साहू के साढ़े 4 वर्षों के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा की अध्यक्ष सूरज, सचिव संदीप और पूरे जिला कमिटी के सूझबूझ और अथक प्रयास से गुमला जिला सुड़ी समाज एक अलग पहचान बनाने में कामयाब रही है। साथ ही श्री लाल ने नयी कमिटी को सुझाव देते हुए कहा जितना हो सके न्याय संगत कार्य करते हुए समाज को और अधिक ऊंचाइयों तक पहुंचाने का संकल्प लेकर मेहनत करें। ताकि पूरा विश्व हमारे समाज के अच्छाइयों और संगठन की मजबूती का उदाहरण पेस करने को मजबूर हो जाये।

नयी कमिटी का चयन करते हुए उपाध्यक्ष अमर कुमार और बसंत साहू, सचिव प्रमोद कुमार, सह-सचिव सुधीर कुमार और वरुण कुमार, कोषाध्यक्ष मिथिलेश प्रसाद, कानूनी सलाहकार तापस कुमार लाल के नाम शामिल है।

आमसभा में मुख्य रूप से मौजूद खुशबु साहु, हिना देवी, रामेश्वर प्रसाद, अनिल प्रसाद, सुबोध कुमार लाल, रामावतार साहु, रविंद्र नाथ साहू, उदय प्रसाद, संजय साहु, महावीर प्रसाद साहू, मुकेश साहु, दीपांकर साहू, ज्योति साहू, मनीष साहु सहित कई लोग मौजूद थे।

# आंगनबाड़ी सेविकाओं ने मंईयां सम्मान योजना को बताया छलावा

आजाद सिपाही संवाददाता

देवघर। झारखंड राज्य आंगनबाड़ी सेविका सहायिका संघ की जिला कमिटी देवघर की एक अहम बैठक रविवार जिला अध्यक्ष रूबी कुमारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी सेविका-सहायिकाएं शामिल हुईं और सरकार की नीतियों को लेकर तीखा आक्रोश जताया। बैठक में उपस्थित सेविकाओं का कहना था कि केंद्र और राज्य सरकार की आपसी टकराव की राजनीति का खामियाजा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को भुगतना पड़ रहा है। विगत पांच वर्षों से केंद्रांश राशि का समय पर भुगतान नहीं हो रहा है और मानदेय में भी कोई ठोस वृद्धि नहीं हुई है। राज्य सरकार ने कुछ बढ़ोतरी तो की है, पर केंद्र सरकार ने अब तक कोई सहयोग नहीं दिया, जो कि सेविकाओं के लिए गंभीर चिंता का विषय है। बैठक में मंईयां योजना को लेकर भी कड़ी आलोचना की गयी। सेविकाओं का कहना है कि इस योजना ने राज्य की अर्थव्यवस्था को डगमग कर दिया है और इससे विभागों में कार्यरत कर्मियों का मानदेय वर्षों से लंबित पड़ा है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि यदि सरकार महिला सम्मान को ढाई हजार रुपये मान रही है, तो मंत्रियों, विधायकों और अधिकारियों को भी उसी राशि में गुजारा करना चाहिए। बैठक में सेविकाओं ने सरकार पर संविदा और आउटसोर्सिंग नीति के जरिए आंदोलनों को कमजोर करने का आरोप भी लगाया। साथ ही, उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के विकल्प के रूप में लाई गई 'मईया योजना' सिर्फ राजनीतिक रोटियां सेंकने का जरिया है। शिक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठाते हुए संघ ने कहा कि सरकार सरकारी विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों का निजीकरण कर दलित, आदिवासी, अल्पसंख्यक और वंचित वर्ग के बच्चों को शिक्षा से वंचित कर रही है। शिक्षक नियुक्ति प्रक्रिया को जटिल बना दिया गया है, और ग्रेड पे में कटौती कर शिक्षकों की गरिमा को ठेस पहुंचायी गयी है। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने नीतियों में बदलाव नहीं किया और महिला सम्मान योजना के नाम पर झूठा प्रचार जारी रखा, तो आंगनबाड़ी सेविकाएं सड़कों पर उतरकर सरकार की फर्जी महिला सम्मान नीति का पदार्फाश करेंगी।

### विश्व फुटबॉल दिवस पर टूर्नामेंट का आयोजन

# लैंगिक समानता का दिया गया संदेश

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। गुमला के चरकाटांगर में 25 मई को विश्व फुटबॉल दिवस के अवसर पर सेंटर फॉर केटालाइजिंग चेंज के द्वारा एक स्थानीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य खेल के माध्यम से लैंगिक समानता के संदेश को प्रसारित करना और पुरुषों एवं लड़कों की भूमिका को रेखांकित करना था। विश्व फुटबॉल दिवस में इस वर्ष का थीम ₹एकता में शक्ति है₹ को ध्यान में रखते हुए टूनामेंट न सिर्फ खेल भावना का प्रतीक बना, बल्कि लैंगिक समानता, शिक्षा और सामाजिक न्याय के समर्थन का भी माध्यम बना। टूर्नामेंट में क्षेत्र के किशोरों एवं युवाओं ने बढ़-



चढ़कर भाग लिया और फुटबॉल के जरिए महिलाओं और लड़कियों के अधिकारों को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता जाहिर की। कार्यक्रम की विशेष झलक थी एक सामूहिक शपथ, जिसमें खिलाड़ियों, दर्शकों, समुदाय के सदस्यों और स्थानीय नेताओं ने भाग लिया। मुख्य अतिथि वार्ड सदस्य ने टूर्नामेंट का उद्घाटन करते हुए कहा कि खेल सामाजिक रूढ़ियों को तोड़ने और समतामूलक समाज बनाने का माध्यम बन सकते हैं। उन्होने यह संदेश दिया कि लड़कियों और महिलाओं के अधिकारों को आगे बढ़ाने में लड़कों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। फुटबॉल केवल एक खेल नहीं है, यह एक मंच है जो हमें सिखाता है कि जब हम साथ खेलते हैं, तो हम साथ बदल भी सकते हैं। टूर्नामेंट में उपस्थित अन्य वक्ताओं ने भी किशोरों को महिला सम्मान, समानता और साझा ज़िम्मेदारी हेतु संदेश दिया।

# लोक पर तंत्र का हावी होना लोकतंत्र के लिए खतरे की घंटी है : विजय सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। झारखंड नवनिर्माण दल गुमला की आवश्यक आम बैठक कचहरी स्थित हड़ताली वृक्ष के पास लेवनार्ड खलखो की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने कहा कि देश और राज्य की हालात से लगता है कि लोक पर तंत्र तेजी से हावी होते जा रही है जो लोकतंत्र के लिए खतरे की घंटी है। व्याप्त भ्रष्टाचार व जन समस्याओं का निराकरण नहीं होने से आम जनता परेशान है वहीं केंद्र और राज्य सरकार मूकदर्शक बनी हुई है। यही कारण है कि सहारा इंडिया, एपीलाइन, बेसिल, साइ प्रकाश, पल्स, वेलफेयर, विश्वामित्र, बारिश समेत दर्जनों दर्जन कंपनियों में राज्य के लोगों





का मेहनत के जमा पैसे भुगतान अब तक नहीं हुई है तथा विकास कार्यों में मची लूट पर कार्रवाई के बजाय बढ़ावा देना सरकार की जन समस्याओं को निराकरण करने के प्रति नजरिया को दर्शाता है, जिसे झारखंड नवनिर्माण दल कदापि बर्दाश्त नहीं करेगा। श्री सिंह ने इन्हीं पांच सूत्रीय मुद्दों को लेकर 9 जून को रांची में आयोजित मोरहाबादी से होनेवाली राजभवन मार्च में जिले से सैकड़ो की संख्या में भाग लेने की अपील की है। बैठक में 9 जून 2025 को राजभवन मार्च में जिले के सभी 12 प्रखंड से जन भागीदारी सुनिश्चित करने, जिले में झारखंड नवनिर्माण दल को हर स्तर पर मजबूत बनाने, जिले में फैली भ्रष्टाचार के खिलाफ जन गोलबंदी तेज करने के अलावे कई निर्णय ली गयी है।

## साइबर अपराधियों ने खाते से उड़ाये 90 हजार रुपये

गुमला (आजाद सिपाही)। गुमला शहर के धोबी मोहल्ला निवासी शंभू नारायण चौरसिया के खाते से साइबर अपराधियों ने 90 हजार उड़ा लिए हैं। मामले को लेकर रविवार दिन के 2 बजे गुमला थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई गयी है। आवेदन के अनुसार शंभू नाथ चौरसिया पूरे परिवार के साथ 21 मई को बाबा धाम मंदिर देवघर पूजा पाठ करने गए थे। जहां उनके मोबाइल को अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गयी। जिसके बाद दूसरे दिन उन्होंने अपना सिम लॉक कराया और देवघर थाना में लिखित आवेदन दिया लेकिन इस बीच 21 और 22 मई को उनके गुमला ब्रांच के एसबीआई और एचडीएफसी बैंक के खाते से साइबर अपराधियों ने कई बार पैसों की निकासी कर 90 हजार उड़ा लिए। मामले को लेकर 21 मई को उन्होंने 1930 नंबर में डायल कर सारी जानकारी दी थी।

## स्पोर्ट्स



जीटी हारकर भी आइपीएल टेबल टॉपर, सीएसके सबसे नीचे। ब्रेविस 19 बॉल में फिफ्टी लगाकर टॉप स्कोरर।

# आइपीएल : चेन्नई ने गुजरात को 83 रन से हराया

आजाद सिपाही संवाददाता

अहमदाबाद। चेन्नई सुपरकिंग्स ने आइपीएल 2025 के 67वें मुकाबले में गुजरात टाइटंस को 83 रन से हरा दिया है। जीटी यह मैच हारकर भी पॉइंट्स टेबल के टॉप पर है, जबकि सीएसके यह मैच जीतकर भी 10वें स्थान पर रही है।

रविवार के पहले मुकाबले में 231 रन का टारगेट चेज कर रही गुजरात की टीम 18.3 ओवर में 147 रन पर ऑलआउट हो गयी। नूर अहमद और अंशुल कम्बोज ने 3-3 विकेट झटके। रवींद्र जडेजा को दो विकेट मिले। गुजरात के ओपनर साई सुदर्शन ने सबसे ज्यादा 41 रन बनायी।



अरशद खान ने 20 रन का योगदान दिया। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में चेन्नई ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी। टीम ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 230 रन बनाये थे। रवींद्र जडेजा 21 रन बनाकर नाबाद लौटे। जबकि डेवाल्ड ब्रेविस ने 23 बॉल पर 57 रनों की पारी खेली। डेवोन कॉन्वे (52 रन) ने भी अर्धशतक लगाया। ओपनर आयुष म्हात्रे ने 34, उर्विल पटेल ने 37 रन बनाए। प्रसिद्ध कृष्णा को दो विकेट मिले। ब्रेविस को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

## बाइकों की टक्कर में दो लोगों की मौत

चैनपुर (आजाद सिपाही)। चैनपुर थाना क्षेत्र के टोंगो संत पिटर स्कूल के समीप दो मोटरसाइकिल की जबरदस्त टक्कर में दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, भटोली गांव निवासी दिलधरन रौतिया (40) की मौके पर ही मौत हो गयी। वहीं मोटरसाइकिल चला रहे दुबराज रौतिया (35) को गंभीर हालत में चैनपुर सर्किल इंस्पेक्टर महेंद्र करमाली ने अपनी गाड़ी में बैठाकर चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाकर भर्ती कराया। जहां स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने प्राथमिक उपचार के उपरांत गुमला रेफर कर दिया। हालांकि मौके पर उपस्थित लोगों ने कहा कि दुबराज की भी मौत हो चुकी है। अस्पताल में डॉक्टर नहीं होने के कारण है इसे रेफर किया जा रहा है। इधर, घटना की सूचना मिलते ही चैनपुर पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल में जुट गयी।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 26 मई, 2025
www.azadsipahi.in
11

# ट्रक-बाइक की टक्कर में दो युवकों की मौत

## एक किलोमीटर दूर तक बाइक को घसीटता रहा ट्रक, लोगों ने की सड़क जाम



ट्रक के नीचे फंसी बाइक।

आजाद सिपाही संवाददाता

**नावाडीह/बेरमो।** नावाडीह थाना क्षेत्र के चपरी में रविवार को सीमेंट लदे ट्रक की चपेट मे आने से बाइक सवार दो लोगों की मौत हो गयी है। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो ट्रक और बाइक की टक्कर इतना भीषण थी कि एक व्यक्ति की मौत मौके पर ही हो गयी। जबकि दूसरे ने अस्पताल में दम तोड़ा। वहीं, ट्रक की तफ्तार इतनी तेज थी कि वह बाइक को एक किलोमीटर दूर तक घसीट कर ले गई। मृतक की पहचान मो सलमान अंसारी (27) और मो आरिफ अंसारी (23) के रूप में हुई है। मो सलमाव गिरिडीह जिले के मुफस्सिल थाना अंतर्गत सुंदरटांड हंडाडीह का रहने वाला था। जबकि मो आरिफ पचंबा थाना क्षेत्र के नरेंद्रपुर करहरपुर का रहने वाला था। जानकारी के अनुसार रविवार की सुबह दोनों बाइक पर सवार होकर बालीडीह से अपने घर जा रहे थे। इसी बीच चपरी में विपरीत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आ गए, जिससे एक की मौत तो मौके पर ही हो गयी।

## पेड़ से टकरायी बाइक, युवक की मौत

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** लोयाबाद थाना क्षेत्र के मदनाडीह में रविवार अहले सुबह बाइक सवार एक युवक अंनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि युवक की मौत हो हुई। उसकी पहचान शशि विश्वकर्मा (24) के रूप में हुई है। वह लोयाबाद सात नंबर का रहने वाला था। वह पेशे से मजदूर था। जानकारी के मुताबिक शशि विश्वकर्मा रविवार की सुबह 5.30 बजे बाइक पर सवार होकर लोयाबाद से सेंद्रा की ओर जा रहा था। तभी मदनाडीह के पास बाइक का संतुलन बिगड़ गया और वह पेड़ से जा टकराया। हादसे के बाद आसपास के लोगों ने युवक को आनन-फानन में एसएनएमएमसीएच धनबाद पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।



### आज होगा अंतिम संस्कार

उधर, घटना की जानकारी मिलते ही पूरे मुहल्ले में मातम पसर गया। युवक के घर से परिजनों के रोने-चीखने की आवाज आ रही थी। परिजनों ने बताया कि शशि के पिता सुरेश विश्वकर्मा और उसका भाई बाहर काम करते हैं। ऐसे में शशि का अंतिम संस्कार उनके आने के बाद सोमवार को किया जायेगा।

उधर, दुर्घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया। इससे घटनास्थल के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। सूचना पाकर थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी दलबल के साथ मौके पर पहुंच गये। उन्होंने पीड़ित परिजनो और ग्रामीणों से वार्ता कर हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। जिसके बाद सड़क जाम हटाया गया। इसके बाद कागजी प्रक्रिया पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

# आउटसोर्सिंग कंपनी ने की 196 कर्मियों की छंटनी, कार्यालय में नोटिस चिपकाते ही हंगामा

## आक्रोशित कर्मचारियों ने आउटसोर्सिंग का काम ठप कराया

**धनसार (आजाद सिपाही)।** कुसुंडा क्षेत्र के आरके अर्थ रिसोर्स प्राइवेट लिमिटेड ऐना आउटसोर्सिंग प्रबंधन ने रविवार को 196 कर्मियों की छटनी करते हुए कार्यालय में नोटिस चिपका दिया। इससे नाराज कर्मियों ने जनता श्रमिक संघ (जश्रसं) के बैनर तले आउटसोर्सिंग का कार्य ठप कर दिया। कर्मियों ने आउटसोर्सिंग प्रबंधन के खिलाफ मनमानी और तानाशाही रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी की। बता दें कि इस आउटसोर्सिंग में 550 मैनपावर है। इस कंपनी की अवधि सीमा 5 दिसंबर20 24 तक ही था। कार्य समाप्त होने के बाद अपने कई वाहन को दूसरे जगह भेज दिया। इस कार्य अवधि के समाप्त होने के बाद बीसीसीएल ने इस कंपनी को एक साल का एक्सटेंशन दिया। जिसमें कंपनी को दिसंबर 2025 तक कार्य करना है। उधर, वाहन दूसरी जगह भेजने के बाद प्रबंधन ने रविवार को 196 मजदूर की छटनी करते हुए नोटिस चिपका दिया। जिससे मजदूर भड़क गए। मजदूरों का आरोप है कि प्रबंधन जानबूझकर झरिया विधानसभा क्षेत्र के मजदूरों की छटनी की है। जबकि बिहार के अलावा दूसरे जगह से लाए गए मजदूरों की छटनी नहीं की गयी है। उनका कहना है कि एक तथाकथित नेता पैसा लेकर बाहरी लोगों को काम पर लगावया है। जिनसे ना तो पैसे लिए जाते हैं ना ही उन्हें काम से बैठाया जाता है। मजदूरों की मांग है कि यह आउटसोर्सिंग झरिया विधानसभा क्षेत्र में है और यहां के स्थानीय की छटनी ना हो। वहीं, मजदूरों का नेतृत्व कर रहे जश्रसं के ऐना शाखा अध्यक्ष अमर सिंह ने कहा कि अगर मजदूरों की छटनी करनी थी तो तीन माह पूर्व छटनी का नोटिस चिपकाना चाहिए था। लेकिन प्रबंधन ने एकाएक मजदूरों की छटनी कर नोटिस चिपका दिया, जो सरासर गलत है। इन मजदूरों को अपने दूसरे कंपनी में कार्य के लिए भेजे। इसके अलावा तीन महीने 13 दिन का वेतन एवं ग्रेच्युटी दिया जाए। अगर ऐसा नहीं किया गया तो आउटसोर्सिंग का काम बंद रहेगा। उधर, हंगामें की सूचना पाकर आउटसोर्सिंग प्रबंधक शिवम कुमार आंदोलन कर रहे लोगों के पास पहुंचे, लेकिन सकरात्मक वार्ता नहीं हो सकी। जिस कारण आउटसोर्सिंग का कार्य देर रात तक ठप रहा और समाचार लिखे जाने तक आंदोलन जारी है।



# बीएंडके क्षेत्र में मजदूरों की समस्याओं का जल्द होगा निदान : आभाष चंद्र गांगुली

- कोल फिल्ड मजदूर यूनियन ने मजदूरों की समस्याओं पर की चर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता



**करगली/बेरमो।** हिंद मजदूर सभा से संबंधित कोल फील्ड मजदूर यूनियन (सीएमयू) बीएंडके क्षेत्र की बैठक रविवार को करगली में हुई। जिसकी अध्यक्षता एरिया अध्यक्ष मधु भट्टाचार्य और संचालन एरिया सचिव आभाष चंद्र गांगुली ने किया। इस अवसर पर मधु भट्टाचार्या ने कहा कि मजदूरों की समस्याओं को लेकर कोल फील्ड मजदूर यूनियन हमेशा से आवाज उठाते रही है। मजदूरों की सुविधाओं में कटौती के खिलाफ कोल फील्ड मजदूर यूनियन चट्टान की तरह हमेशा खड़ा रहता है। वहीं, एरिया सचिव आभाष चंद्र गांगुली ने कहा कि बीएंडके क्षेत्र के मजदूरों की समस्याओं का निदान जल्द होगा। समस्याओं से अवगत करवाएं। वर्तमान में क्वार्टर की मरम्मत का काम चल रहा है। अधिकारी इस पर विशेष ध्यान रखें कि गुणवत्तापूर्व काम हो। कहा कि मजदूरों के क्वार्टर में पीने के पानी की उत्तम व्यवस्था करें। बीएंडके क्षेत्र की समस्याओं को लेकर महाप्रबंधक से वार्ता की जायेगी। कुछ समस्याओं का निदान हुआ है और कुछ का होना बाकी है। इस पर भी जल्द बात की जाएगी। वहीं, एरिया कार्यकारी अध्यक्ष आलोक रंजन अकेला ने कहा कि प्रबंधन मजदूर क्वार्टर में शुद्ध पानी की व्यवस्था करें। सचिव नागेंद्र गुप्ता ने कहा कि संगठन को और धारदार बनाने की जरूरत है। कंपनी के नियमानुसार कामगारों को प्रोमोशन दी जाए। इस मौके पर शैलेंद्र कुमार, शक्ति मंडल, के वर्णवास, मुरारी राम, रंजित मंडल, सुभाष चक्रवर्ती, आनंद कुमार, दिनेश मुंडा, अमलेश शर्मा, गुजारी देवी आदि मौजूद थे।

## सांसद ढुल्लू महतो ने किया श्री गणपति एजुकेशन हब एंड लाइब्रेरी का उद्घाटन




**धनबाद (आजाद सिपाही)।** सांसद ढुल्लू महतो ने रविवार को श्री गणपति एजुकेशन हब एंड लाइब्रेरी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर डायरेक्टर मनीष गुप्ता एवं उनकी पत्नी गायत्री गुप्ता ने बताया कि उनके इंस्टिट्यूट लाइब्रेरी में सभी के पढ़ने के लिए बहुत सी सुविधाएं मौजूद है। इस मौके पर पंख एक नई दिशा की अध्यक्ष पिंकी गुप्ता, शशि शेखर गुप्ता, सुषमा प्रसाद, नम्रता गुप्ता, रवि शेखर, कुणाल कुमार, प्रीति चौधरी, अर्पिता अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

## बबलू मोदक को बनाया गया धनबाद जिला युवा जदयू का अध्यक्ष, मिली शुभकामनाएं



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** झारखंड के जदयू युवा अध्यक्ष निर्मल सिंह के साथ विचार-विमर्श कर धनबाद जिला जदयू जिलाध्यक्ष पिंटू कुमार सिंह ने पुटकी के अरलगड़िया बस्ती निवासी बबलू मोदक को धनबाद जिला युवा जदयू का अध्यक्ष मनोनित किया है। इनके मनोनयन पर धनबाद जिला जदयू जिलाध्यक्ष पिंटू सिंह, प्रदेश महासचिव सुशील सिंह, उदय कुमार सिंह, प्रदेश महासचिव दीपनारायण सिंह, पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष राम स्वरूप यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष हाजी हसीब खान, प्रदेश सचिव राजू सिंह, मुन्ना सिन्हा, केबी सहाय, धनबाद नगर अध्यक्ष धनलाल दूबे, महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष पुष्पा पांडेय, दिलीप सिन्हा, उचित महतो, विजय सिंह कुशवाहा, राजेन्द्र राही, डॉ राजेश राम, भरत कुमार, छोटू भुइयां, हरीश चंद्र कुम्हार एवं संगीता देवी आदि ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। वहीं, नव मनोनित जदयू धनबाद युवा जिलाध्यक्ष बबलू मोदक ने पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरू महतो, झारखंड प्रदेश युवा अध्यक्ष निर्मल सिंह एवं धनबाद जदयू जिलाध्यक्ष पिंटू सिंह का आभार व्यक्त किया है।

# विस्थापितों ने भरी हुंकार, सेल प्रबंधन के खिलाफ आर-पार की लड़ाई का एलान

**बलियापुर/धनबाद (आजाद सिपाही)।** बलियापुर क्षेत्र के आसनबनी मौजा में स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) टासरा की ओर से प्रस्तावित लगभग 42 एकड़ उपजाऊ कृषि भूमि के अधिग्रहण के प्रयास के विरोध में रविवार को सरीसाकुंडी गांव में विस्थापन संघर्ष मुक्ति मंच के बैनर तले एक विशाल सभा की गयी। जिसमें ना सिर्फ आसनबनी, सरिशाकुंड, और कालीपुर गांवों के सैकड़ों रैयत ग्रामीण अपनी जमीन बचाने के संकल्प के साथ उपस्थित हुए, बल्कि क्षेत्र के कई पंचायत प्रतिनिधियों ने भी ग्रामीणों की मांगों का समर्थन करते हुए अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। सभा की अध्यक्षता स्थानीय मुखिया रंगा किस्कू और संचालन अमृत महतो ने किया। इस अवसर पर पूर्व मुखिया दिनेश सरखेल, वर्तमान मुखिया डोली हसदा के पति आजाद हंसदा, जेएलकेएम के नेता आशीष महतो, अधिवक्ता निताई रवानी, युवा नेता राहुल महतो, सुनील मांझी, रवि मरांडी, महिला नेत्री राबड़ी देवी, सुकुरमनी देवी, ग्रामीण प्रतिनिधि विजय सोरेन, विक्रम सोरेन, सोनाराम महतो, निर्मल महतो और सहदेव माझी आदि ने अपने-अपने विचार रखे। इन सभी वक्ताओं ने ग्रामीणों की मांगों का पुरजोर समर्थन करते हुए सेल प्रबंधन की नीतियों की कड़ी आलोचना की और आंदोलन को हरसंभव मदद देने का आश्वासन दिया। कहा कि यह केवल कुछ एकड़ जमीन का मामला नहीं, बल्कि किसानों के अधिकारों और उनकी रोजी-रोटी का सवाल है, जिस पर कोई समझौता नहीं किया जा सकता। अंत में सभी ने एकजुट होकर संघर्ष को और तेज करने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने इस बात पर जोर दिया कि सरिशाकुंडी, आसनबनी और कालीपुर के ग्रामीण पहले भी दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) की परियोजनाओं के कारण विस्थापन का दंश झेल चुके हैं। उस विस्थापन ने उनकी सामाजिक और आर्थिक संरचना को बुरी तरह प्रभावित किया था। अब जो थोड़ी-बहुत कृषि योग्य भूमि उनके पास बची है, जो उनकी आजीविका का एकमात्र सहारा है। यदि इस जमीन को भी उनसे छीन लिया गया, तो वे पूरी तरह भूमिहीन हो जाएंगे और उनके परिवारों के समक्ष भूखमरी की विकट स्थिति उत्पन्न हो जाएगी। ग्रामीणों ने कहा कि विकास के नाम पर उन्हें बार-बार उजाड़ना कतई न्यायसंगत नहीं है। वहीं, रैयत ग्रामीणों ने एक स्वर में अपनी खेती योग्य भूमि को किसी भी कीमत पर सेल टासरा को अधिग्रहण नहीं करने देने का प्रण लिया।




## 'ऑपरेशन सिंदूर' सेना के शौर्य और देश के सामर्थ्य का प्रतीक है : कुमार अमित



- मन की बात कार्यक्रम के बाद भाजपाइयों ने निकाली तिरंगा यात्रा

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** भारतीय सेना और ऑपरेशन 'सिंदूर' के सम्मान में भाजपा कार्यकर्ताओं ने रविवार को सेक्टर 3 में तिरंगा यात्रा निकाली। इससे पहले सभी ने सामूहिक रूप से प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना। उधर, तिरंगा यात्रा महिला कॉलेज के पास से शुरु हुआ, जो सिटी पार्क, छपरा मोड़ होते हुए कृष्णा मोड़ तक गयी। इसमें भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुमार अमित भी बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम जहां देश की जनता की भावना का प्रकटीकरण है, वहीं ऑपरेशन सिंदूर भारतीय सेना के शौर्य एवं राष्ट्र के सामर्थ्य का प्रतीक है। ऑपरेशन 'सिंदूर' से एक बार पुनः पाकिस्तान के साथ ही वैश्विक जगत में भारतीय सेना के पराक्रम का परचम लहराया है। दूसरी ओर, देश की उन्नत युद्ध शैली एवं नवीनतम सामरिक तकनीक का भी दुनिया ने भारत का लोहा माना। कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पूरे देश की जनता भारतीय सेना के समर्थन में एकजुट रही। सीमा पार से चलाए जा रहे पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद को समाप्त करने के लिए भारतीय सेना द्वारा किये गये ऑपरेशन सिंदूर की कहर से पाकिस्तान आज विश्व समुदाय के समक्ष कराह रहा है। कुमार अमित ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के लिए बोकारो वासी भी तिरंगा यात्रा के माध्यम से अपने देश की सेना और सरकार के प्रति अपना समर्थन देकर आभार प्रकट कर रहे हैं। इस मौके पर अतुल सिंह, पार्टी के बोकारो नगर उपाध्यक्ष कुमार राहुल, भाजयुमो नगर महामंत्री लालबाबू, राजीव सिंह, शक्ति केन्द्र सह संयोजक चंद्रप्रकाश, बाबा क्लब के कुन्दन सिंह, राहुल कुमार, अमरजीत कुमार, निर्भय प्रजापति और पियूष पल्लव आदि शामिल हुए।

## समर कैंप का समापन

**राजगंज (आजाद सिपाही)।** बड्र्स गार्डन स्कूल में आयोजित चार दिवसीय समर कैंप का समापन रविवार को हुआ। इसमें विद्यालय के लगभग 400 से अधिक छात्र-छात्राओं और शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भाग लिया। कैंप में बच्चों की मस्ती के लिए विद्यालय की ओर से कृत्रिम वर्षा, वॉटर टब, मिकी माउस, जंपिंग जैक के साथ ही योग रैंप वॉक, इन डोर और आउटडोर गेम के साथ-साथ रेन डांस और जुंबा डांस की व्यवस्था की गयी थी। जिसमें बच्चों ने जमकर स्विमिंग और वोटिंग का लुफ्त उठाया।

## कोयला माफियाओं के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई, भारी मात्रा में कोयला जब्त

**बाघमारा (आजाद सिपाही)।** बरोरा थाना क्षेत्र के मुराईडीह बस्ती के समीप खुलेआम चल रहे कोलया खनन-भंडारण और तस्करी के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की। इस दौरान भारी मात्रा में कोयला जब्त किया गया, जिन्हें बोरियों में भरकर तस्करी के लिए रखा गया था।

### धनबाद जिला यादव महासभा के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन

# समाज को शिक्षा और एकता पर विशेष जोर देने की है जरूरत : नीरा यादव

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** जिला यादव महासभा कमेटी की ओर से सबलपुर स्थित सहयोगी नगर में नवनिर्मित भवन का उद्घाटन रविवार को विधायक नीरा यादव, विधायक अमित यादव और विधायक मनोज यादव ने दीप प्रज्वलित कर किया। जिला अध्यक्ष राम नरेश यादव ने सभी अतिथियों को अंग वस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विधायक नीरा यादव ने कहा कि भवन का उद्घाटन होने से समाज के लोग शादी विवाह, मीटिंग सहित विभिन्न अनुष्ठानों में उपयोग कर लाभान्वित होंगे। उन्होंने समाज में शिक्षा और एकता के प्रति जोर दिया और भवन निर्माण में सहयोग के लिए समाज के महत्वपूर्ण योगदानों के लिए धन्यवाद दिया। वहीं, जिला प्रवक्ता गोपाल यादव ने कहा कि आर्थिक दृष्टिकोण से कमजोर लोगों को शादी विवाह एवं अन्य आयोजनों में भवन निःशुल्क दिया जाएगा। साथ ही भवन में समाज के बच्चों के लिए निःशुल्क शिक्षण के लिए व्यवस्था किया जाएगा। इस मौके पर वरिष्ठ नेता एवं समाजसेवी योगेंद्र यादव, जिलाध्यक्ष रामनरेश यादव, प्रदेश अध्यक्ष रूबी यादव, महिला प्रदेश अध्यक्ष अनीता यादव, जिला प्रवक्ता गोपाल यादव, बसंत कुमार यादव, महेश यादव, राजेश्वर सिंह, यादव रामस्वरूप यादव, शंकर यादव, प्रधान यादव, संजय यादव, जिला अध्यक्ष रामनरेश सिंह यादव आदि उपस्थित थे।

## घरवालों को बेहोश कर सुरक्षा कर्मी के घर से लाखों का सामान चोरी

**झरिया/जोड़ापोखर (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र में स्प्रे गैंग फिर से सक्रिय हो गये है। चोरों ने इस बार डिगवाडीह टाटा न्यू कालोनी निवासी एसआईएस के जवान सुरजीत सिंह के घर को निशाना बनाया है। जानकारी के मुताबिक शनिवार की रात घर के बाहर दोनों खिड़की में कूलर लगाया गया है। जिसमें बेहोसी के केमिकल स्प्रे कर चोरों ने सभी को बेहोश कर दिया। सुरजीत के बड़े भाई रंजीत का कहना है कि नशाले पदार्थ के छिड़काव से घर के सभी सदस्य मां कंसो कौर, पत्नी बलविंदर कौर, भाई सुरजीत सिंह, उसकी पत्नी सोनी कौर और पुत्र गुरप्रीत सिंह बेहोश हो गये। इसके बाद चोर घर के पीछे की दीवार फांद कर घर में प्रवेश किये और अलमीरा को तोड़कर 5 हजार रुपये नगदी सहित पत्नी का 40 हजार रुपये मूल्य के सोने की चेन, 22 हजार रुपये के कान की बाली, दो जोड़ा पायल, एक सोने का हार, एक दर्जन चांदी के सिक्के, चार जोड़ा सोने का कंगन सहित अन्य सामग्री चोरी कर लिये। रंजीत सिंह ने बताया कि नशीली दवाओं का असर इतना ज्यादा था कि हमें आभास हो रहा था कि घर मे तीन लोग घूम रहे है पर हम कुछ नहीं कर पा रहे थे।

## गीतकार, संगीतकार और पेंटर के लिए सरकार बनाये अच्छी नीति : सदानंद महतो



**तोपचांची/धनबाद (आजाद सिपाही)।** दुमदुमी के पीएम श्री स्कूल में झारखंड के लोकप्रिय पेंटर महावीर सामी ने झारखंडी कला संस्कृति को बेहतर तरीके से दिखाने का प्रयास किया। बतातें चलें कि महावीर सामी को कला से अद्भुत प्रेम है। उनकी पेंटिंग से झारखंड के पर्व-त्योहार, भाषा भाषी, पहनावा, जीवन शैली और खानपान के अलावा झारखंड आंदोलन के शीर्ष नेतृत्व को दर्शाता है। उनकी कला से झारखंड की खूबसूरती दिखती है। गांव के चौपाल से लेकर विधानसभा तक की चमक दिखती है। रविवार को नरकोपी के ग्रामीणों ने उन्हें बुके, शाल एवं मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस अवसर पर आजसू नेता सदानंद महतो ने कहा कि झारखंड सरकार को कलाकार, संगीतकार, गीतकार और पेंटरों के लिए नई एवं अच्छी नीति बननी चाहिये। ताकि उनका घर परिवार का भरण पोषण हो सके। कहा कि प्रदेश के पेटंरों की माली हालत ठीक नहीं है। उन्हें उचित सम्मान सरकार दे। इस मौके पर अनंत लाल महतो, विकास महतो, छेदीलाल महतो, योगेश महतो, लीला महतो, राजेश महतो और उर्मिला देवी आदि मौजूद थे।

## समर कैंप बच्चों को फोन एवं कंप्यूटर से रखता है दूर : प्राचार्य

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** कोयला नगर स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में 20 मई से शुरू हुए छह दिवसीय समर कैंप का रविवार को समापन हुआ। जिसका आयोजन विद्यालय प्राचार्य के निर्देश में किया गया। इसमें आर्ट एंड क्राफ्ट, गीत, संगीत नृत्य, वॉलीबॉल, एथलेटिक्स ,बास्केटबाल, हेड बॉल, फुटबॉल, रोलर, स्केटिंग, जूडो कराटे, बॉक्सिंग, ताइक्वांडो, कबड्डी, बैडमिंटन, क्रिकेट, टेबल टेनिस, शतरंज आदि गतिविधियों के विशेषज्ञ शिक्षक के मार्गदर्शन में कक्षा 3 से 12वीं तक के लगभग 500 छात्राओं ने भाग लिया। इस अवसर पर प्राचार्य एनएन श्रीवास्तव ने समर कैंप का समापन करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन से बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ता है। नई सोच विकसित होती है। बच्चों का शारीरिक, मानसिक, सामाजिक विकास होता है।

डॉ सुनील खवाड़े बने शिक्षकों के पथप्रदर्शक : एआइएफटीओ के मुख्य संरक्षक पद की शपथ ली

# अधिवेशन में 'एक देश, एक पाठ्यक्रम' की गूंज

**झारखंड स्टेट प्राइमरी टीचर्स एसोसिएशन का पुनर्गठन, अशोक मिश्रा अध्यक्ष निर्वाचित**

**मजबूत शिक्षक ही मजबूत राष्ट्र की नींव हैं' : डॉ सुनील का प्रेरणादायी संकल्प**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**देवघर।** पंचायत प्रशिक्षण केंद्र, डाबरग्राम में रविवार को ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ टीचर्स ऑर्गनाइजेशन (एआइएफटीओ) का भव्य अधिवेशन आयोजित हुआ। अधिवेशन की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अश्विनी कुमार ने की। दीप प्रज्ज्वलन से प्रारंभ हुए इस आयोजन में डॉ सुनील खवाड़े को विधिवत रूप से संगठन का मुख्य संरक्षक नियुक्त किया गया।

डॉ सुनील खवाड़े ने अपने वक्तव्य में कहा कि मैं शिक्षकों के अधिकारों और सम्मान की रक्षा के लिए हर परिस्थिति में साथ रहूंगा। शिक्षक मजबूत होंगे, तभी देश का भविष्य उज्ज्वल होगा।

अधिवेशन में देश के 22 राज्यों से आये 68 शिक्षकों और 25 संगठनों ने हिस्सा लिया। शिक्षकों ने एक देश, एक पाठ्यक्रम, समान वेतनमान, और समान सेवानिवृत्ति आयु की मांगों को पुरजोर तरीके से उठाया। इसके अलावा, शिक्षकों ने विद्यालय अनुदान आयोग के गठन की भी मांग की, ताकि स्कूल शिक्षा के लिए एक प्रभावी नीति तंत्र विकसित किया जा सके।

अधिवेशन में पारित प्रस्तावों को केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को सौंपने का निर्णय भी लिया गया।

**झारखंड स्टेट प्राइमरी टीचर्स एसोसिएशन का पुनर्गठन :** अधिवेशन के दौरान झारखंड स्टेट प्राइमरी टीचर्स एसोसिएशन के नये पदाधिकारियों का चुनाव पर्यवेक्षक राजेश कुमार मिश्र की निगरानी में संपन्न हुआ। इस चुनाव में डॉ सुनील खवाड़े को मुख्य संरक्षक और अशोक कुमार मिश्र को अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। डॉ खवाड़े ने शिक्षकों को आश्वासन दिया कि वे उनके हितों की रक्षा करेंगे।

**नवगठित कमेटी में अन्य प्रमुख नाम :** डॉ राजेश कुमार मिश्र (संयोजक), मंगलेश्वर उरांव (महासचिव), सुभाष कुमार (कोषाध्यक्ष), मदन कुमार रत्न (संयुक्त सचिव), जयंती देवी, पूनम कुमारी, शिवनाथ भगत (उपाध्यक्ष), देवकांत मंडल, नीरज कुमार, उपेंद्र प्रसाद सहित अन्य सदस्य शामिल हैं। अगला अधिवेशन आंध्र प्रदेश के तिरुपति में सितंबर में आयोजित किया जायेगा।

## एम्स देवघर ने धूमधाम से मनाया 7वां स्थापना दिवस और वार्षिक अनुसंधान पुरस्कार दिवस




**देवघर (आजाद सिपाही)।** एम्स देवघर ने रविवार को अपना 7वां स्थापना दिवस एवं वार्षिक अनुसंधान पुरस्कार दिवस उत्साहपूर्वक मनाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्वास्थ्य अनुसंधान मंत्रालय के सचिव और भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के महानिदेशक डॉ राजीव बहल रहे। उन्होंने अपने संबोधन में स्वास्थ्य अनुसंधान के बदलते स्वरूप और भारत में सार्वजनिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में एम्स जैसे संस्थानों की भूमिका पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर चिकित्सा विज्ञान में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले शोधकर्ताओं और वैज्ञानिकों को वार्षिक अनुसंधान पुरस्कारों से सम्मानित किया गया।



























































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**